वर्ष 10 अंक 326
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
3 सितंबर 2025
मूल्यः 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in


DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20






03 दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश में अवैध हथियारों की फैक्टरी का...
06 मोदी-पुतिन मुलाक़ात का हासिलः ऋषभदेव शर्मा
11 स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा












# डिजिटल साक्षरता, वित्तीय जागरूकता को लेकर चुनौतियां अब भी बरकरारः राष्ट्रपति मुर्मू

**चेन्नई,** (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में प्रगति के बावजूद, लोगों को अब भी डिजिटल साक्षरता और वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

राष्ट्रपति ने तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि किसानों का सशक्तीकरण और और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैंक और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां वंचित समुदायों के लिए उनके अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन और बीमा उत्पाद प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान बैंक, डिजिटल वॉलेट और बैंकिंग प्रतिनिधियों ने वित्तीय सेवाओं को दूरदराज के गांवों के घर-घर पहुंचाया है। हालांकि, इस क्षेत्र में प्रगति के बावजूद डिजिटल साक्षरता, इंटरनेट पहुंच और वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में कई चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, ''सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से, लोगों को प्रौद्योगिकी, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत किया जा सकता है।''



## बैंक एमएसएमई को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैंः राष्ट्रपति

इसके अलावा, बैंक एमएसएमई को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, ''समय पर और सस्ता कर्ज, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-प्रौद्योगिकी उपायों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। बैंक एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।''

इस मौके पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, तमिलनाडु की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तीकरण मंत्री गीता जीवन, सिटी यूनियन बैंक के चेयरमैन जी महालिंगम, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन कामकोडी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति ने सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर कहा कि यह विश्वास, सेवा और प्रगति के प्रति एक शताब्दी पुरानी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''यह (सिटी यूनियन) बैंक के प्रबंधन और कर्मचारियों के निरंतर योगदान को याद करने का अवसर है, जिन्होंने इस संस्था को आगे बढ़ाया और आकार दिया है।'' मुर्मू ने कहा कि बैंकिंग उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बैंकों की भूमिका वित्तीय लेनदेन से आगे बढ़ गई है।

राष्ट्रपति ने कहा, ''बैंक केवल धन के संरक्षक नहीं हैं। वे विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं। वे समावेशी और सतत विकास में भी सहायक हैं।'' उन्होंने कहा कि समय पर और किफायती ऋण देकर, वित्तीय साक्षरता प्रदान कर और कृषि-तकनीकी पहल का समर्थन करके, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं।

राष्ट्रपति ने सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक 'बेहद' महत्वपूर्ण क्षेत्र है क्योंकि यह रोजगार पैदा करता है और नवोन्मेष को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि बैंक एमएसएमई को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुर्मू ने कहा कि डिजिटल बदलाव और उद्यमिता में बैंकों की

# यमुना जल स्तरः घबराने की जरूरत नहीं, सरकार चौबीसों घंटे नजर बनाये हुए हैः रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को शहर में बाढ़ की तैयारियों का जायजा लिया और लोगों को आश्वस्त किया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

हालांकि, उफनती यमुना का पानी नदी तट से सटे निचले इलाकों में घुस गया है, जिससे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

हिमालय में लगातार बारिश के बाद वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण इस वर्ष पहली बार दिल्ली में नदी निकासी के स्तर को पार कर गई। गुप्ता ने यमुना के जलस्तर और प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेने के लिए गीता कॉलोनी फ्लाईओवर और पुराने लोहे के पुल के पास बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत शिविरों में रह रहे परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चौबीसों घंटे निगरानी बनाए हुए है और संबंधित विभाग इसके प्रभाव को कम करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है।



## दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पार

गुप्ता ने प्रभावित इलाकों में काफी समय बिताया और अधिकारियों ने उन्हें विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राहत कार्यों में लगे अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सहायता और सुरक्षित आवास जैसी आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में रहने वालों की सुरक्षा और खुशहाली उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राजधानी में स्थिति नियंत्रण में है और संबंधित विभागों ने ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए पहले ही व्यापक तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों में यमुना और शहर के नालों की सफाई के उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं।

गुप्ता ने कहा, ''यमुना पर बने सभी बैराज गेट खुले हैं, जिससे जलभराव नहीं हो रहा है। नदी स्वतंत्र रूप से बह रही है और पानी तेज़ी से नीचे की ओर बह रहा है। प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए, शहर की ओर के नालों पर लगे ज़्यादातर बैरिकेड्स बंद कर दिए गए हैं।'' मौजूदा आंकड़ों के आधार पर, उन्होंने स्पष्ट किया कि यमुना का जलस्तर पिछले रिकॉर्ड को पार करने की उम्मीद नहीं है।






# मुंबई उच्च न्यायालय ने जरांगे व समर्थकों से अपराह्न तीन बजे तक आजाद मैदान खाली करने को कहा

**मुंबई,** (भाषा) मुंबई उच्च न्यायालय ने मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे और उनके समर्थकों को निर्देश दिया वे मंगलवार को अपराह्न तीन बजे तक आजाद मैदान खाली करें, नहीं तो कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।

अदालत ने चेतावनी दी कि अगर जरांगे और उनके समर्थक जगह खाली नहीं करते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसमें भारी जुर्माना और अवमानना का मुकदमा भी शामिल है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति आरती साठे जरांगे की पीठ ने कहा कि वे चाहते हैं कि अपराह्न तीन बजे तक पूरी तरह सामान्य स्थिति बहाल हो जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि जरांगे और उनके समर्थकों ने कानून का उल्लंघन किया है और इसलिए उन्हें बिना अनुमति के आजाद मैदान पर कब्जा करने का कोई अधिकार नहीं है। अदालत ने कहा, ''यह बहुत गंभीर स्थिति है। हम राज्य सरकार से भी संतुष्ट नहीं हैं। ऐसा लगता है कि सरकार की ओर से भी कुछ चूक हुई है।''

जरांगे की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश मानेशिंदे ने मुंबई की सड़कों पर उनके कुछ समर्थकों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी और कहा कि आरक्षण कार्यकर्ता ने पहले दिन से ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि किसी भी आम नागरिक को परेशानी न हो। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि अब से कोई गलत व्यवहार



नहीं होगा। इसके बाद अदालत ने पूछा कि क्या जरांगे और उनके समर्थक आजाद मैदान से चले गए हैं। जरांगे 29 अगस्त से आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''वे (जरांगे और उनके समर्थक) उल्लंघनकर्ता हैं और इसलिए उनके पास कोई अधिकार नहीं है। उन्हें तुरंत चले जाना चाहिए, वरना हम कार्रवाई करेंगे। यह पूरी तरह से गैरकानूनी है। अपराह्न तीन बजे के बाद हम आजाद मैदान में किसी को भी आने की अनुमति नहीं देंगे।'' अदालत ने कहा कि सोमवार को कई प्रदर्शनकारियों ने उच्च न्यायालय को घेर लिया था, जिससे न्यायाधीशों के काम में बाधा उत्पन्न हुई।

पीठ ने कहा, ''इस तरह की स्थिति अस्वीकार्य है कि उच्च न्यायालय को घेराबंदी जैसी परिस्थिति में डाल दिया जाए और एक न्यायाधीश को अदालत तक पहुंचने के लिए पैदल चलकर जाना पड़े।''

## न्यूज ब्रीफ

### डीआरआई ने सोना तस्करी मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव पर 102 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

बेंगलुरु, (भाषा) राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के एक मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव पर 102 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। डीआरआई सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रान्या राव के साथ ही डीआरआई ने होटल व्यवसायी तरुण कोंडाराजू पर 63 करोड़ रुपये और आभूषण कारोबारियों साहिल सकारिया जैन और भरत कुमार जैन पर 56-56 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को डीआरआई अधिकारी बेंगलुरु सेंट्रल जेल पहुंचे और उनमें से प्रत्येक को 250-पृष्ठ का नोटिस और 2,500-पृष्ठ का अनुलग्नक सौंपा। डीआरआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "सहायक दस्तावेजों के साथ विस्तृत नोटिस तैयार करना एक कठिन काम था।






# मां के अपमान पर राजद-कांग्रेस को मैं भले ही माफ कर दूं लेकिन बिहार की जनता माफ नहीं करेगीः मोदी

**पटना,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस की हाल में संपन्न हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान उनकी मां को अपशब्द कहे जाने से उन्हें गहरा दुख हुआ है और इस घटना के लिए वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं कांग्रेस को भले ही माफ कर दें लेकिन बिहार की जनता इन दलों को कभी माफ नहीं करेगी।

मोदी ने दरभंगा में हाल में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मंच से उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे जाने से पैदा हुए विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि उनकी मां को अपशब्द कहना उन लोगों के लिए बड़ी बात नहीं है जो 'भारत माता' का अपमान करते हैं और ऐसे लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''मेरी दिवंगत मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, उनका दोष क्या है। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए?''

प्रधानमंत्री ने कहा, '' मैं उन्हें माफ़ कर भी दूं लेकिन बिहार की जनता मेरी मां का अपमान करने के लिए उन्हें कभी माफ़ नहीं करेगी। राज्य की जनता को कहना होगा कि आने वाले दिनों में वे इन पार्टियों के नेताओं को सज़ा देंगे।'' उन्होंने कहा, '' बिहार की जनता को राजद और कांग्रेस के नेताओं से जवाब मांगना चाहिए... हर गली-मोहल्ले में एक ही आवाज़ सुनाई देनी चाहिए - 'हम एक मां का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम राजद का अत्याचार और कांग्रेस के



हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे'।''

प्रधानमंत्री ने बिहार में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक नयी सहकारी पहल के डिजिटल तरीके से उद्घाटन के मौके पर दिल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

मोदी ने कहा, ''बिहार मां जानकी की धरती है... यहां महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। यहीं छठ पूजा मनाई जाती है। राजद और कांग्रेस के मंच से मेरी मां को अपशब्द कहे गए... मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा होगा... यह बिहार की मां-बेटियों का अपमान है... राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपनी मां का बेटा हूं... मैं अपना दर्द आपके साथ साझा कर रहा हूं।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं देश की महिलाओं के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं... जिस मां ने मुझे जन्म दिया, उसने मुझे मातृभूमि की सेवा करने के लिए कहा जो मैं कर रहा हूं। उन्होंने कभी अपने लिए साड़ी नहीं खरीदी और हमारे लिए पैसे बचाकर रखे। मुझे कहना होगा कि मां का स्थान भगवान से भी बढ़कर है।'' उन्होंने हा कि जो लोग माताओं एवं बहनों को अपशब्द कहते हैं वे महिलाओं को कमजोर समझते हैं। मोदी ने कहा, ''उनकी इसी मानसिकता के कारण वे महिलाओं को शोषण एवं उत्पीड़न की वस्तु समझते हैं। जब भी महिला विरोधी मानसिकता वाले लोग सत्ता में आए, माताओं, बेटियों एवं बहनों को सबसे अधिक कष्ट सहना पड़ा... यह राजद के 'माफिया राज' के दौरान हुआ था।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''राजद के शासकाल में बिहार में अपराध चरम पर थे और राज्य में हर दिन हत्या, रंगदारी और बलात्कार की घटनाएं होती थीं। राजद सरकार हत्यारों और बलात्कारियों को संरक्षण देती थी। महिलाओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा... इसलिए उन्होंने ही राजद को सत्ता से बेदखल किया और अब यह क्षेत्रीय पार्टी महिलाओं से इसका बदला लेना चाहती है।'' मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पिछड़े समुदाय के किसी व्यक्ति को सत्ता में आते देखने की बात कभी बर्दाश्त नहीं कर पाती और इसीलिए वे अपशब्द कह रहे हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# जीएसटी परिषद की बैठक में दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम होने की संभावना

**नयी दिल्ली,(भाषा)** केंद्र सरकार बुधवार से शुरू हो रही जीएसटी परिषद की दो दिन की बैठक में दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार कर सकती है।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व वाली यह परिषद केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधार प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के कर स्लैब को हटाकर केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो कर दरें रखना प्रमुख है। इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर से कर लिया जाएगा।

कर स्लैब में कटौती और इसके चलते कीमतों में होने वाली कमी का आमतौर पर स्वागत किया गया है, लेकिन विपक्षी दलों के शासन वाले राज्य इस बदलाव के कारण राजस्व में किसी भी नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में जीएसटी सुधारों की योजना के बारे में बताया था। इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार ने प्रारंभिक समीक्षा के लिए विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के एक समूह (जीओएम) के साथ प्रस्तावित सुधार का एक खाका साझा किया। जीओएम ने कर दरों को कम करने के केंद्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है।

परिषद 3-4 सितंबर को इन सिफारिशों पर विचार करेगी। मामले से अवगत सूत्रों ने बताया कि स्लैब में बदलावों से मोटे तौर पर सहमत होते हुए मंत्री समूह ने 40 लाख रुपये तक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का समर्थन किया है। हालांकि, केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहन को प्रोत्साहन देना चाहती है और उनसे पांच प्रतिशत की दर का समर्थन किया है।

इसके अलावा घी, मेवे, पीने के पानी (20 लीटर), नमकीन, कुछ जूते और परिधान, दवाइयां और चिकित्सा उपकरण जैसी ज्यादातर आम इस्तेमाल की वस्तुओं को 12 प्रतिशत से पांच प्रतिशत कर स्लैब में लाने की संभावना है।

पेंसिल, साइकिल, छाते से लेकर हेयर पिन जैसी आम उपयोग की वस्तुओं को भी पांच प्रतिशत के स्लैब में लाया जा सकता है। कुछ श्रेणी के टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की कीमतों में कमी होने की भी संभावना है, क्योंकि इन पर मौजूदा 28 प्रतिशत की तुलना में 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जा सकता है। वाहनों पर इस समय 28 प्रतिशत की उच्चतम दर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू है, लेकिन अब उन पर अलग-अलग दरें लागू हो सकती हैं। शुरुआती स्तर की कारों पर 18 प्रतिशत की दर लागू होगी, जबकि एसयूवी और लक्जरी कारों पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

इसके अलावा 40 प्रतिशत की विशेष दर अवगुणों से संबंधित वस्तुओं, जैसे तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर भी लागू होगी। इस श्रेणी के लिए इस दर के ऊपर एक अतिरिक्त कर भी लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल जैसे विपक्षी राज्यों ने मांग की है कि 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया गया कोई भी कर राज्यों के साथ साझा किया जाना चाहिए, ताकि उनके राजस्व घाटे की भरपाई की जा सके। विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों में हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

## भारत-चीन संबंध पटरी पर लौट रहे हैं : गोयल



**नयी दिल्ली, (भाषा)** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे तनाव कम होता जाएगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक में भारत-चीन सीमा मुद्दे के ''निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य'' समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति बनी है। दोनों नेताओं ने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में एक-दूसरे की अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता देते हुए व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने का संकल्प लिया।

गोयल से पत्रकारों ने पूछा कि अगर भारत और चीन अपने संबंधों को फिर से स्थापित कर रहे हैं, तो क्या पीएन3 में ढील की गुंजाइश है। इस पर उन्होंने कहा, '' यह एक एससीओ शिखर सम्मेलन था, जिसमें सभी एससीओ सदस्यों ने भाग लिया। गलवान में हमारे सामने एक समस्या थी, जिसके कारण हमारे संबंधों में थोड़ी तलखी आई थी। मुझे लगता है कि सीमा मुद्दों का समाधान होने के साथ ही स्थिति का सामान्य होना एक बहुत ही स्वाभाविक परिणाम है।''चीन से भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए सभी क्षेत्रों में वर्तमान में सरकारी अनुमोदन लेना अनिवार्य है। यह नीति अप्रैल, 2020 में प्रेस नोट 3 (पीएन3) के रूप में जारी की गई थी। घरेलू उद्योग सरकार से चीन से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए इन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मानदंडों को आसान बनाने का आग्रह कर रहा है। जुलाई, 2024 में बजट-पूर्व आर्थिक समीक्षा में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का दोहन करने के लिए चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त करने का पुरजोर समर्थन किया गया था।

इसमें कहा गया था कि पड़ोसी देशों से विदेशी निवेश में वृद्धि से भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। अप्रैल, 2000 से मार्च, 2025 तक भारत में दर्ज कुल एफडीआई प्रवाह में चीन केवल 0.34 प्रतिशत हिस्सेदारी (2.5 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ 23वें स्थान पर रहा। भारत का निर्यात 2024-25 में 14.25 अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 113.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।व्यापार घाटा (आयात एवं निर्यात के बीच का अंतर) 2003-04 के 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने नई निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को दी मंजूरी

### स्टार्टअप और ओडीओपी उत्पादों को मिलेगा फायदा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश की नई निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को स्वीकृति दे दी गई है। यह नीति विशेष रूप से स्टार्टअप, नए निर्यातकों और ओडीओपी (वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट) उत्पादों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि नीति के लागू होते ही पूरे प्रदेश में निर्यातकों को विभिन्न प्रकार की प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ मिलेगा।नई नीति में सेवा क्षेत्र, ई-कॉमर्स, ऑन-बोर्डिंग सहायता योजना, निर्यात प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन योजना, डाकघर निर्यात केंद्र सहायता योजना, निर्यात क्रेडिट इंश्योरेंस सहायता योजना जैसी व्यवस्थाओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा ईसीजीसी कवरेज पर होने वाले खर्च के लिए अनुदान और प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (PLI) भी प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्टार्टअप और नए निर्यातकों को विशेष लाभ देना है।मंत्री नन्दी ने बताया कि नई नीति के तहत डिजिटल मार्केटिंग और कैटलॉगिंग पर अधिकतम एक लाख रुपये, वर्चुअल मेलों व प्रदर्शनियों पर 25,000 रुपये, और विदेश में उत्पाद प्रमाणन पर खर्च का 75 प्रतिशत या अधिकतम 25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। नीति में इलेक्ट्रॉनिक्स, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग उत्पाद, वस्त्र, कालीन, कृषि उत्पाद, रासायनिक एवं औषधीय उत्पाद, चर्म उत्पाद, स्पोर्ट्स उत्पाद, ग्लास व सिरेमिक, काष्ठ उत्पाद, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, मेडिकल, ट्रेवल, लॉजिस्टिक, पर्यटन, आईटी/आईटीईएस जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रखा गया है।उत्तर प्रदेश सेवा क्षेत्र के निर्यातकों को प्रोत्साहित करने वाला पहला राज्य बन गया है।

विपणन विकास सहायता योजना के तहत विदेशी मेलों में भाग लेने पर अधिकतम दो लाख रुपये और हवाई यात्रा पर एक लाख रुपये, जबकि अंतरराष्ट्रीय घरेलू मेलों व प्रदर्शनियों में भाग लेने पर अधिकतम 50,000 रुपये और हवाई यात्रा पर 25,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी।एमएसएमई क्षेत्र के निर्यातकों को प्रति वर्ष 25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

विदेश में स्टॉल बुकिंग, हवाई यात्रा, सैंपल भेजने और वर्चुअल मेलों के आयोजन पर विशेष सहायता राशि दी जाएगी। इसके अलावा गेटवे पोर्ट पर माल भाड़े पर अधिकतम 30 लाख रुपये, छोटे निर्यातकों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन, और मार्केट रिसर्च के लिए आईआईटी में निर्यात चेयर स्थापित करने की योजना भी शामिल है।नीति के अंतर्गत निर्यात प्रधान जिलों में मर्चेंडाइज्ड ट्रेड फैसिलिटेशन केंद्र और गौतमबुद्ध नगर में सर्विसेस ट्रेड फैसिलिटेशन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रदेश के निर्यात को दोगुना करना है।

## मेदांता का नोयडा में अत्याधुनिक अस्पताल शुरू

**नयी दिल्ली, (भाषा)** 'मेदांता' ब्रांड के तहत अस्पतालों का संचालन करने वाली कंपनी ग्लोबल हेल्थ लि. ने मंगलवार को नोएडा में 550 बिस्तर वाले एक अत्याधुनिक अस्पताल का परिचालन शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि मेदांता की इस अस्पताल में करीब 800 करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। फिलहाल इस अस्पताल की शुरुआत 300 बिस्तर के साथ हुई है और आगे चलकर इसे 550 बिस्तर तक करने की योजना है। नोएडा के सेक्टर-50 में स्थित इस अस्पताल के शुरू होने से दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। मेदांता के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ नरेश त्रेहन ने कहा, ''नोएडा में हमारा नया अस्पताल देश के लोगों तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की मेदांता की यात्रा में एक और मील का पत्थर है। उन्नत बुनियादी ढांचे, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और चिकित्सकों की एक मजबूत टीम के साथ यह अस्पताल व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाया गया है।''

## अग्रवाल सभा और भारत विकास परिषद ने मैक्स अस्पताल संग मनाया स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अग्रवाल सभा (ईस्ट ऑफ कैलाश) और भारत विकास परिषद (दक्षिणी प्रांत) ने स्वस्थ समाज अभियान के तहत मैक्स अस्पताल के सहयोग से एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 30 अगस्त 2025 को डेजी डेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईस्ट ऑफ कैलाश में संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं, शिक्षिकाओं और स्कूल कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।इस अवसर पर करीब 70 महिलाओं ने भाग लिया। मैक्स अस्पताल की ओर से नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जसमीता पोपली और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिमा वर्मा ने विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. पोपली ने आंखों की गंभीर बीमारियों—जैसे ग्लूकोमा (काला मोतिया), मोतियाबिंद (सफेद मोतिया) और अन्य नेत्र विकारों के लक्षण, कारण और समय पर इलाज की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. प्रतिमा वर्मा ने महिलाओं में प्रचलित स्वास्थ्य समस्याओं, विशेषकर गर्भाशय और स्तन कैंसर की रोकथाम और शुरुआती जाँच के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी।कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल, भारत विकास परिषद से डॉ. योगेश कुमार, श्री तिलक विज, अमरजीत कौर, स्कूल संरक्षक लक्ष्मण सागर, चेयरमैन ऋषि गौतम, निगम पार्षद राज पाल सिंह, समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल और सुदेश गोयल भी उपस्थित रहे।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मित्तल ने कहा कि "इलाज से बेहतर बचाव है" और यदि कम उम्र से ही स्वास्थ्य और स्वच्छता की आदतों पर बल दिया जाए तो आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और इसी सोच के साथ अग्रवाल सभा ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बैंक, वाहन शेयरों में मुनाफा वसूली से सेंसेक्स 207 अंक टूटा



**मुंबई, (भाषा)** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पायी और जीएसटी परिषद की बैठक से पहले बैंक और वाहन शेयरों में कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 207 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 45 अंक टूट गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 206.61 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,157.88 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक तेजी के साथ खुला और दोपहर तक बढ़त के साथ कारोबार करता रहा। हालांकि, कारोबार के अंत में मुनाफावसूली के कारण यह दिन के उच्चतम स्तर 80,761.14 अंक से 752.64 अंक नीचे आ गया।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 16 नुकसान में जबकि 14 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,756.10 अंक तक गया और नीचे में 24,522.35 अंक तक आया। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजारों ने मजबूत वृहद आंकड़ों के कारण आई शुरुआती तेजी गंवा दी और जीएसटी परिषद की बैठक तथा वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों की समाप्ति से पहले सतर्कता के बीच मुनाफावसूली के कारण बैंक शेयरों की अगुवाई में गिरावट के साथ बंद हुए।''जीएसटी परिषद की तीन सितंबर से नयी दिल्ली में दो दिन की बैठक होगी। इसमें प्रस्तावित दरों में कटौती पर चर्चा की जाएगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''सकारात्मक घरेलू संकेतों और जीएसटी परिषद की बैठक के परिणामों को लेकर उम्मीद के चलते बाजार ने सत्र की शुरुआत मजबूती के साथ की। शुरुआती तेजी के बाद, निफ्टी कारोबार के पहले हिस्से में धीरे-धीरे ऊपर चढ़ा। हालांकि, बाद में बैंक और प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव ने तेजी को पटरी से उतार दिया। इससे वायदा एवं विकल्प खंड में अनुबंधों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन सूचकांक नुकसान में रहा।''

छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.64 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.27 प्रतिशत के लाभ में रहा।

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। सोमवार को मजदूर दिवस के मौके पर अवकाश के कारण अमेरिकी बाजार बंद थे। सेंसेक्स सोमवार को 554.84 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी 198.20 अंक के लाभ में रहा था।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.72 प्रतिशत बढ़कर 69.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,429.71 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,344.93 करोड़ रुपये की लिवाली की।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति को मंजूरी दी



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को डिस्प्ले एवं कैमरा मॉड्यूल जैसे 11 प्रमुख कलपुर्जों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 5,000 करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उप्र ईसीएमपी-2025 को मंजूरी दी गई। उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से यह फैसला किया गया।

सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि उप्र ईसीएमपी-2025 के तहत अगले छह वर्षों तक राज्य में डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे 11 महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्य सरकार की इस नीति से 5,000 करोड़ रुपये के निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के अनुरूप उप्र ईसीएमपी-2025 को लागू करने का फैसला किया है जो एक अप्रैल, 2025 से छह वर्षों तक प्रभावी रहेगी।

इस नीति के तहत उद्यमियों को केंद्रीय योजना के समान अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाएंगे, जिससे उत्तर प्रदेश का मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक्स परिदृश्य एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरेगा। इस नीति का क्रियान्वयन शासन स्तर पर गठित नीति कार्यान्वयन इकाई और सशक्त समिति की देखरेख में नोडल संस्था द्वारा किया जाएगा।

राज्य के प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पिछले आठ वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 2015 में जहां केवल दो इकाइयां मोबाइल फोन बनाती थीं, वहीं आज 300 इकाइयां ये काम कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का उत्पादन 1.9 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर आज 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। मोबाइल फोन का निर्यात 1,500 करोड़ रुपये से बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस क्रांति का केंद्र बन चुका है, जहां देश के आधे से ज्यादा मोबाइल फोन का उत्पादन होता है। यह नीति यूपी को आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और इसके साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

बयान के मुताबिक, इस नीति के तहत 5,000 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय होगा, जिससे प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के लाखों अवसर सृजित होंगे। यह कदम उत्तर प्रदेश को निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनाने और औद्योगिक वृद्धि को तेज करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से शुरू करेगा बजट तैयार करने की प्रक्रिया



**नयी दिल्ली, (भाषा)** वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से 2026-27 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं और भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के बीच बजट की तैयारी शुरू होने जा रही है। अगले वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को आठ प्रतिशत से अधिक की सतत वृद्धि दर पर लाने के लिए मुद्दों पर ध्यान देना होगा। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। आर्थिक मामलों के विभाग के बजट परिपत्र (2026-27) के अनुसार, ''सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट-पूर्व बैठकें नौ अक्टूबर, 2025 से शुरू होंगी।''

परिपत्र में कहा गया, ''वित्तीय सलाहकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिशिष्ट I से VII में आवश्यक विवरण तीन अक्टूबर, 2025 से पहले या उससे पहले ठीक से दर्ज किए जाएं। निर्दिष्ट प्रारूपों में आंकड़ों की 'हार्ड कॉपी' सत्यापन के लिए जमा की जानी चाहिए।''वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों को बजट-पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अस्थायी तौर पर अंतिम रूप दिया जाएगा और संशोधित अनुमान (आरई) बैठकें नवंबर, 2025 के मध्य तक जारी रहेंगी। परिपत्र के अनुसार, ''सभी मंत्रालयों/विभागों को उन स्वायत्त निकायों/कार्यान्वयन एजेंसियों का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए, जिनके लिए अलग से कोष बनाया गया है। उनके जारी रहने के कारण और अनुदान सहायता की आवश्यकता और इसे समाप्त क्यों नहीं किया जाना चाहिए।

# ब्रह्मविद्या भारतीय ज्ञान परंपरा की अद्भुत देन है: बाबा विनोबा



भारत की अपनी कुछ विद्याएं और कुछ शास्त्र प्राचीन काल से विकसित हुए हैं।उनमें से एक शिक्षण_शास्त्र है। जिसकी भारत में खूब चर्चा हुई थी। उससे भी कुछ हमें सीखना है।बल्कि वेद भगवान ने आज्ञा दी_ आ नो। भद्राः क्रतवो यंतु विश्वतः _ दुनियाभर से मंगल विचार हमारे पास आयें। हम सब विचारों का स्वागत करते हैं। पर जो अपने पास निधि है उसे भी पहचानना है। क्योंकि जो यहां का होता है वह यहां की परिस्थिति और चारित्रय के लिए अनुकूल होता है। जैसे यहां का वैद्यक शास्त्र,आयुर्वेद। ठीक ऐसे ही अपना शिक्षण शास्त्र भी है वह हमारे स्वभाव के अनुकूल होने के कारण काफी मदद दे सकता है। हिंदुस्तान में विद्या कम थी, ऐसा तो बिल्कुल नहीं था।बल्कि सच तो यह है कि हिंदुस्तान में सबसे पहले विद्या यहीं से शुरू हुई थी। शिक्षण_शास्त्र के जो ग्रन्थ संस्कृत भाषा में हैं,उनमें भारत का सबसे पुराना शिरोमणि ग्रन्थ पातंजल_ योगसूत्र है। इसमें शिक्षण के विषय में मानस_अतिमानस दोनों दृष्टियों से विचार किया गया। शिक्षण_शास्त्र की मानसशास्त्रीय रीति से शुरू और उसको अंत की ओर जाने अतिमानस_भूमिका का भी ज्ञान होना जरूरी।योगशास्त्र पर कई भाष्य हुए है। इससे पहले पिता, माता के रूप में परमात्मा को देखा गया है लेकिन पतंजलि योगशास्त्र परमात्मा को गुरुरूप में देखते हैं। वह हम सबको शिक्षा देता है। उसका अनुकरण करके ही हमें सीखना सिखाना है।



ब्रह्मविद्या भारतीय ज्ञान_परम्परा की सर्वश्रेष्ठ देन है। आत्मा की एकता पर यह विद्या आधारित है। ब्रह्मविद्या के बिना हमारा कोई भी काम आगे नहीं बढ़ेगा। भारत की तालीम की विशेषता यह रही कि यहां का शिक्षण सदैव स्वतंत्र रहा। विचार की आजादी जितनी भारत में उतनी दुनिया में और कहीं नहीं थी। एक ही हिंदूधर्म में कोई कर्म कांड को मानता है, कोई नहीं मानता, कोई पुनर्जन्म में विश्वास करता है, कोई नहीं करता। भारत में तो छह छह दर्शन हैं,परन्तु धर्म तो एक ही है। हां सदाचरण के लिए कुछ नियम ऐसे हैं जो सबको मानने पड़ते हैं। यहां का शिक्षण भी संपूर्ण सत्ता_ निरपेक्ष रहा। कृष्ण के पिता वसुदेव राजा थे,लेकिन उनके राज्य में कैसी तालीम दी जाए, इसके बारे में निर्णय करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं था। शिक्षा का निर्णय आचार्य संदीपनि ही करते थे। भारत में तालीम उन दिनों से है जबकि यूरोप में तालीम का।आरंभ भी नहीं हुआ था। यह बात उपनिषद में भी आती है_ न अविद्वान_ मेरे राज्य में विद्वान न हो ऐसा कोई नहीं। सिर्फ पढ़े लिखे लोग ही नहीं, सब विद्वान हैं। एनी बेसेंट ने भी एक जगह लिखा है कि 300 साल पहले ईस्ट इंडिया कंपनी के लोग बंगाल के छोटे छोटे।गांवों में गए थे।उन्होंने वहां देखा प्रति चार सौ लोगों के पीछे एक पाठशाला है। लगभग हर गांव में एक स्कूल था। हम लोग मानते हैं कि अंग्रेजी राज में व्यापक शिक्षण शुरू हुआ। यह भ्रम था। अंग्रेजों ने यहां 150 साल तक राज्य किया। उस अवधि में केवल दस बारह प्रतिशत लोगों को ही शिक्षण मिला। बाकी 88 प्रतिशत अशिक्षित रहे। अंग्रेज जब आए तब लोग अशिक्षित नहीं थे।अंग्रेजों के जमाने में लोग अशिक्षित बनते गए। क्योंकि अंग्रेजों ने यहां आकर विद्या के दो टुकड़े ही कर दिए। एक सामान्य विद्या, और दूसरी उच्च विद्या यानी अंग्रेजी विद्या। जो अंग्रेजी पढ़ते थे वे विद्वान माने जाते थे और बाकी के अक्षरशत्रु । यह विभाजन करना पाप ही माना जाए। अंग्रेजों द्वारा किए गए विद्या के टुकड़े आज समाज में और गहरे होते जा रहे हैं। उस समय पंचायत का काम था कि गांव में स्कूल चले उसके लिए किसान अपना कुछ हिस्सा देते थे। उस जमाने में अरबी या संस्कृत का ज्ञान जरूरी था और उसके लिए अक्षरज्ञान तो सभी को अनिवार्य था। मतलब भारत निरक्षर नहीं था। चाहे शिक्षण की पद्धति पुरानी थी। महाराष्ट्र में तो घोड़े पर चढ़ना,पेड़ और पहाड़ों पर चढ़ना_ उतरना हरएक को सिखाया जाता था। अर्थात विद्या क्रियाशील और स्वतंत्र थी।

# दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश में अवैध हथियारों की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अवैध हथियार निर्माण की एक इकाई का भंडाफोड़ किया जिसमें बड़ी मात्रा में देशी हथियार, 250 से अधिक आग्नेयास्त्रों के लिए कच्चा माल और उनके उत्पादन में प्रयुक्त मशीनरी बरामद की गई। यहां एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



अधिकारी ने बताया कि इस मामले से जुड़े कथित सरगना सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जो लगभग दो दशकों से ऐसी कई फैक्टीरियां संचालित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में 11 और 12 अगस्त की मध्य रात्रि गोलीबारी की घटना की सूचना मिलने के बाद जांच शुरू हुई।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''भगवान गणेश की मूर्ति खरीदने को लेकर हुए झगड़े में एक नाबालिग ने शुभम उर्फ लाला नाम के एक व्यक्ति पर गोली चला दी।''

हमले में इस्तेमाल की गई पिस्तौल उसके एक पड़ोसी ने छीन ली, जबकि नाबालिग भागने में कामयाब रहा। अगले दिन उसे पकड़ लिया गया और उसके पास से एक देसी पिस्तौल तथा एक कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने कहा, ''पूछताछ के दौरान, नाबालिग ने खुलासा किया कि उसने दो महीने पहले अलीगढ़ निवासी बंटी से हथियार खरीदा था। इस सुराग पर कार्रवाई करते हुए, अवैध हथियार गिरोह की तस्करी प्रणाली का पता लगाने के लिए एक टीम का गठन किया गया।''

आरोपियों को पकड़ने के लिए गठित की गई एक टीम ने सबसे पहले 27 अगस्त को अलीगढ़ के गंगा गढ़ी गांव से बंटी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसके पास से कारतूस के पांच खाली खोखे और एक कारतूस बरामद किया गया।

अधिकारी के अनुसार, पूछताछ में बंटी ने कथित तौर पर खुलासा किया कि उसने मथुरा निवासी बिजेंद्र सिंह (61) से ये हथियार मंगवाए थे। इसके बाद पुलिस टीम मथुरा पहुंचीं, जहां से 30 अगस्त को बिजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि उसके मोबाइल फोन में 70 से ज़्यादा अवैध हथियारों का एक वीडियो मिला है। इसके बाद सिंह ने खुलासा किया कि हनवीर नाम के एक आदमी की अलीगढ़ में हथियारों की फैक्टरी है। तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक सितंबर को अलीगढ़ के जट्टारी पिशावा रोड पर एक जगह पर छापा मारा, जहां एक खेत में दो बंद कमरे थे।

अधिकारी ने कहा, ''कमरों के ताले तोड़ने पर टीम को बड़े पैमाने पर हथियार बनाने वाली एक फैक्टरी मिली। वहां से छह देसी पिस्तौल, पूरी तरह से निर्मित नहीं हुई 12 पिस्तौल, छह कारतूस, 250 से अधिक आग्नेयास्त्रों के लिए कच्चा माल, बैरल, बैरल पाइप और ड्रिल व ब्लो मशीन, ग्राइंडर तथा कटर सहित भारी मशीनरी बरामद की गई।''

फैक्टरी मालिक की पहचान अलीगढ़ के जलालपुर गांव निवासी हनवीर उर्फ हन्नू (60) के रूप में हुई है, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## यमुना के बढ़ते जलस्तर के कारण पुराने लोहे के पुल पर यातायात बंद

नयी दिल्ली, (भाषा) यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर इस पर स्थित पुराने लोहे के पुल को मंगलवार शाम चार बजे से अगले आदेश तक यातायात और आम लोगों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। दिल्ली यातायात पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक परामर्श में कहा कि अगले आदेश तक पुल पर आवाजाही बंद रहेगी और यात्रियों को इस रास्ते से बचने की सलाह दी गई है। हनुमान सेतु, बेला रोड (लाल किले के पीछे) और पुराने लोहे के पुल के पूर्व तथा पश्चिम की ओर यातायात का मार्ग परिवर्तित किया गया है। परामर्श में कहा गया है, ''यातायात को हनुमान सेतु, राजा राम कोहली मार्ग और गीता कॉलोनी रोड से परिवर्तित किया गया। वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे धैर्य रखें, यातायात नियमों का पालन करें और यातायात कर्मियों के साथ सहयोग करें।''

# लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन पर यात्री से गहने और नकदी चुराने के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पर्स से आभूषण और नकदी चुराने के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।




अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता राखी छाबड़ा ने 30 अगस्त को ई-प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि 24 अगस्त को उनके सोने के आभूषण, कुछ नकदी और दस्तावेज चोरी हो गए थे।

पुलिस टीम ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और शिकायतकर्ता के आसपास संदिग्ध रूप से घूम रही तीन महिलाओं की पहचान की। आरोपी महिलाओं की पहचान संजना (22), संध्या (20) और जाह्नवी (22) के रूप में हुई, जो सभी शादीपुर स्थित कठपुतली कॉलोनी की निवासी हैं।

पुलिस उपायुक्त (मेट्रो) कुशल पाल सिंह ने बताया कि एक सितंबर को टीम ने तीनों को सराय काले खां मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान पुलिस ने महिलाओं के पास से चोरी के सोने के आभूषण और 2,500 रुपये बरामद किए। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया।


पुलिस के मुताबिक, ये महिलाएं आमतौर पर व्यस्त समय में अनजान यात्रियों को निशाना बनाती हैं। ये महिलाएं भीड़ का फायदा उठाकर उनके बैग या पर्स से कीमती सामान चुरा लेती हैं और अगले स्टेशन पर जल्दी से उतर जाती हैं।

जांचकर्ताओं ने कहा कि संजना एक आदतन अपराधी है जो पहले विभिन्न मेट्रो पुलिस थाने में दर्ज तीन चोरी के मामलों में शामिल थी जबकि संध्या और जाह्नवी नेहरू प्लेस मेट्रो पुलिस थाने में दर्ज चोरी के एक एक मामले में शामिल रही हैं।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# पूर्वोत्तर भारत में कैंसर की दर सबसे अधिक दर्ज : अध्ययन

नयी दिल्ली, दो सितंबर (भाषा) पूर्वोत्तर भारत के आइजोल, पूर्वी खासी हिल्स, पापुमपारे, कामरूप शहरी और मिजोरम में 2015 और 2019 के बीच लगातार कैंसर की उच्चतम दर दर्ज की गई। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है।



'क्रॉस-सेक्शनल' अध्ययन में भारत की जनसंख्या-आधारित 43 कैंसर रजिस्ट्री (पीबीसीआर) में दर्ज आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया। 'क्रॉस सेक्शनल' अध्ययन में किसी खास समय बिंदु पर किसी जनसंख्या या समूह की विशेषताओं, स्थितियों या स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी को एकत्रित और विश्लेषित किया जाता है। अध्ययन के मुताबिक एक जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2019 के बीच, देशभर के 43 पीबीसीआर में 7.08 लाख कैंसर के मामले और 2.06 लाख मौतें दर्ज की गईं। कैंसर के मामलों में महिलाओं का अनुपात ज्यादा था, जबकि इससे होने वाली मौतों में पुरुषों का अनुपात ज्यादा था।

आंकड़ों के मुताबिक कैंसर के कुल मरीजों में 51.1 प्रतिशत महिलाएं थीं और मौतों की दृष्टि से उनका अनुपात 45 प्रतिशत था। दूसरी ओर, कैंसर के मरीजों में 48.9 प्रतिशत पुरुष थे, जबकि इससे होने वाली मौतों में पुरुषों का आंकड़ा 55 प्रतिशत था।

अध्ययन में भारत की जनगणना से जोखिमग्रस्त आबादी के आंकड़े प्राप्त किए गए तथा निष्कर्षों का मूल्यांकन रजिस्ट्री क्षेत्र के आधार पर किया गया।

अध्ययन के अनुसार, भारत में कैंसर होने का आजीवन जोखिम 11.0 प्रतिशत था। हालांकि, मिजोरम के पुरुषों में जीवनकाल में इस जोखिम की दर 21.1 प्रतिशत और महिलाओं में 18.9 प्रतिशत थी। आइजोल जिले में पुरुषों और महिलाओं- दोनों में सबसे ज़्यादा आयु-समायोजित घटना दर (एएआईआर) दर्ज की गई।

आयु-समायोजित घटना दर एक सांख्यिकीय विधि है जिसका उपयोग आयु के अंतर के प्रभाव को हटाकर आबादी के बीच या विभिन्न समयावधि में रोग दरों की तुलना करने के लिए किया जाता है।

अध्ययन के मुताबिक, पुरुषों में सबसे आम प्रकार के कैंसर मुख, फेफड़े और प्रोस्टेट संबंधी तथा महिलाओं में स्तन, गर्भाशय ग्रीवा एवं डिंबग्रंथि से संबंधित थे।

दस लाख से अधिक आबादी वाले महानगरों की श्रेणी में दिल्ली में पुरुषों के लिए कैंसर की समग्र एएआईआर सबसे अधिक थी, जबकि श्रीनगर में फेफड़ों के कैंसर के लिए एएआईआर सबसे अधिक दर्ज की गई।

## नागपुर स्थित आयुध कारखाने के पूर्व उप महाप्रबंधक पर अनियमितताओं के आरोप में मामला दर्ज

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नागपुर स्थित आयुध निर्माणी अम्बाझरी (ओएफएजे) के पूर्व उप महाप्रबंधक दीपक लांबा के खिलाफ अनुबंध देने में एक निजी फर्म का कथित तौर पर पक्ष लेने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने इस मामले में नागपुर स्थित निजी फर्म ऑटोमेशन इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल सर्विसेज और उसके मालिक मोहित ठोलिया के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने चार स्थानों पर आरोपी के आवासीय परिसरों में तलाशी ली है। उन्होंने बताया कि यह आरोप लगाया गया है कि लांबा ने उप महाप्रबंधक , ओएफएजे, नागपुर में अपने कार्यकाल के दौरान एक प्रोप्राइटरशिप फर्म की स्थापना की और अनुबंध के नियमों और शर्तों में हेरफेर करके, फर्म द्वारा प्रस्तुत जाली/झूठे अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर फर्म को निविदाएं दीं।

# केरल के राज्यपाल ने कुलपति चयन प्रक्रिया से मुख्यमंत्री को हटाने का अनुरोध किया

नई दिल्ली, (भाषा) केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय का रुख कर उससे एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और केरल डिजिटल विश्वविद्यालय के कुलपतियों की चयन प्रक्रिया से मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को बाहर रखने का अनुरोध किया।



राज्यपाल ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों में से किसी (उनसे संबंधित अधिनियम) ने भी चयन प्रक्रिया में मुख्यमंत्री की किसी भी भूमिका की कोई परिकल्पना नहीं कर रखी है। राज्यपाल राज्य संचालित दोनों विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं।

याचिका में दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति की पूरी चयन प्रक्रिया में मुख्यमंत्री की भूमिका का विस्तार से उल्लेख किया गया और 'पश्चिम बंगाल राज्य बनाम डॉ. सनत कुमार घोष एवं अन्य' मामले का हवाला दिया गया, जिसके निर्देश वर्तमान मामले में लागू किए गए थे।

याचिका में कहा गया कि कलकत्ता विश्वविद्यालय अधिनियम, 1979 की धारा 8 (1) के अनुसार, चयन प्रक्रिया में राज्य के मंत्री की भूमिका होगी।

राज्यपाल ने कहा, '' चूंकि मंत्री पश्चिम बंगाल में कुलपतियों की नियुक्ति की चयन प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं, इसलिए इस अदालत ने मुख्यमंत्री को भी उक्त प्रक्रिया का हिस्सा बना दिया।''

याचिका में लेकिन यह बात उठायी गयी है कि संबंधित विश्वविद्यालय अधिनियमों - ए पी जे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम और केरल डिजिटल विश्वविद्यालय अधिनियम - में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए सिफारिश हेतु चयन प्रक्रिया के भाग के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री या राज्य सरकार को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं था।

याचिका में कहा गया है, ''इसलिए विनम्र निवेदन है कि कुलपतियों के चयन के लिए मुख्यमंत्री की भूमिका संबंधी जो बातें 18 अगस्त के आदेश में कही गयी हैं, उसमें इस अदालत द्वारा संशोधन वांछनीय है।'' शीर्ष अदालत ने 18 अगस्त को उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधांशु धूलिया को दोनों विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के चयन के लिए समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था और कहा था कि उनके (कुलपतियों के) चयन में मुख्यमंत्री की भूमिका है।

हालांकि, याचिका में तर्क दिया गया कि चयन प्रक्रिया में मुख्यमंत्री के रहने से इस सिद्धांत का उल्लंघन होगा कि 'किसी व्यक्ति को स्वयं अपने मामले में निर्णय नहीं करना चाहिए', जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विनियमों में निहित मानदंड है। आवेदन में कहा गया है, ''मुख्यमंत्री राज्य के कार्यकारी प्रमुख होने के नाते सरकार द्वारा प्रबंधित और विश्वविद्यालय से संबद्ध कई सरकारी कॉलेजों से जुड़े हैं। इसलिए, यूजीसी नियमों के अनुसार, कुलपतियों की नियुक्ति में उनकी कोई भूमिका नहीं हो सकती।''

राज्यपाल ने कहा कि वह कुलपति नियुक्तियों को अंतिम रूप देने के लिए गठित खोज-एवं-चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की नियुक्ति के संबंध में 18 अगस्त के आदेश में संशोधन की अपील नहीं कर रहे हैं और न्यायाधीश द्वारा समिति का नेतृत्व करने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

हालांकि, याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल राज्य सरकार द्वारा सुझाए गए नामांकित व्यक्तियों की भागीदारी के विरोध में हैं।

## कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के मणिपुर के संभावित दौरे पर कहा: बहुत देर हो गई

नयी दिल्ली, दो सितंबर (भाषा) कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र के आगामी 13 सितंबर को मणिपुर का दौरा करने को संभावना को लेकर मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री ने यह कदम उठाने में बहुत देर कर दी।



पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री आज तक चुप हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 13 सितंबर को मिजोरम और मणिपुर आने की संभावना है। आइजोल में अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, ''ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री आखिरकार 13 सितंबर को संक्षिप्त रूप से मणिपुर का दौरा करने का साहस और हमदर्दी जुटा पा रहे हैं। लेकिन यह बहुत देर बाद बहुत कम किए जाने का का मामला हो सकता है।'' उन्होंने कहा कि तीन मई, 2023 को मणिपुर में हिंसा शुरू हुई और इसके बाद से राज्य में तथाकथित डबल इंजन सरकार थी। रमेश ने कहा, ''हिंसा शुरू होने के ठीक 15 महीने पहले ही विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों को बड़ा जनादेश मिला था, लेकिन इस जनादेश के साथ भी, तथाकथित डबल इंजन सरकार अपनी ही साजिशों के कारण पूरी तरह से पटरी से उतर गई।'' उन्होंने कहा, ''सैकड़ों लोग मारे गए। हजारों लोग विस्थापित हुए। हजारों लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। सामाजिक समरसता पूरी तरह नष्ट हो गयी है। डर और संदेह का माहौल है। फिर भी प्रधानमंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा कि एक अगस्त, 2023 को उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्य में संवैधानिक मशीनरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, तब भी प्रधानमंत्री चुप रहे।

# मुझे निशाना बनाकर भाजपा ने निर्वाचन आयोग पर हमारे आरोपों को सही साबित किया: पवन खेड़ा

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दो मतदाता पहचान पत्र संबंधी भारतीय जनता पार्टी के आरोप को लेकर मंगलवार को उस पर पलटवार किया और कहा कि भाजपा ने उन्हें और उनकी पार्टी को निशाना बनाकर निर्वाचन आयोग के खिलाफ लगे आरोपों को सही साबित कर दिया है।



उन्होंने कहा कि भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ''स्वीकार'' किया है कि आयोग मतदाता सूची की ''शुद्धता बनाए रखने में विफल'' रहा है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी पार्टी की ''वोटों की चोरी'' को ''बचाने और छिपाने'' के लिए बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के खिलाफ अभियान चला रहे हैं।

मालवीय की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, खेड़ा ने कहा, ''मुझे उनसे ही पता चला कि मेरे पास दूसरा मतदाता पहचान पत्र भी है। मैंने 2016-17 में इसे हटाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह नहीं हुआ और इसके लिए निर्वाचन आयोग जिम्मेदार है।''

कांग्रेस नेता ने ''पीटीआई वीडियो'' को बताया, ''(भाजपा नेता) अनुराग ठाकुर ने जो किया, अमित मालवीय ने भी वही किया। वे दोनों हमें निशाना बनाना चाहते थे, लेकिन अंततः चुनाव आयोग पर ही निशाना साध बैठे। यही मुद्दा हम उठाते रहे हैं, यही राहुल गांधी कह रहे हैं। अब मैं जानना चाहता हूँ कि क्या दिल्ली में मेरे वोट का दुरुपयोग हुआ और वह भाजपा को चला गया। मुझे सीसीटीवी फुटेज चाहिए।''

कांग्रेस नेता ने बाद में एक्स पर पोस्ट किया, ''राहुल गांधी के साथ अगस्त के संवाददाता सम्मेलन के बाद, हजारों ऐसे मामले सामने आए जहाँ एक ही व्यक्ति के लिए एक ही या अलग-अलग मतदाता पहचान पत्र कई बूथों, निर्वाचन क्षेत्रों, यहाँ तक कि राज्यों में भी दर्ज हैं। मालवीय ने उन मामलों में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसलिए, उन्हें मतदाता सूची की शुचिता की चिंता नहीं है।''

खेड़ा ने कहा कि उनके खिलाफ राजनीति से प्रेरित आरोप लगाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अपने ''सुबह के स्टंट'' से मालवीय ने स्वीकार किया है कि आयोग मतदाता सूची की ''शुद्धता बनाए रखने में विफल'' रहा है।

खेड़ा ने कहा, ''2016 में घर बदलने के बाद नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से अपना नाम हटाने के लिए मेरे द्वारा फॉर्म 7 के आवेदन के बावजूद, नाम नहीं काटा गया।'' उनका कहना है, ''2016 से अब तक चार चुनाव - 2019 का लोकसभा, 2020 का विधानसभा, 2024 का लोकसभा, 2025 का विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इसलिए यह मान लेना सही होगा कि चार पुनरीक्षण भी हुए होंगे। फिर भी, मेरा नाम अभी तक नयी दिल्ली के मतदाता सूची में है।

कांग्रेस नेता नेतंज कसते हुए कहा, ''(मुख्य चुनाव आयुक्त) ज्ञानेश गुप्ता' जी को अपने सहयोगियों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। अनुराग ठाकुर के बाद, अमित मालवीय ने भी उन्हें निशाना बनाना ही सुविधाजनक समझा।''

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया कि कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख और राहुल गांधी के ''करीबी सहयोगी'' खेड़ा के पास दिल्ली के पते पर दो मतदाता पहचान पत्र हैं।

## पैंतालीस वर्ष से अधिक आयु के 14 प्रतिशत वयस्कों को अवरोधक फेफड़े की बीमारी है: अध्ययन

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत में 45 वर्ष और उससे अधिक आयु के 14 प्रतिशत से अधिक लोग अवरोधक फेफड़ों की बीमारी से प्रभावित हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ता टीम द्वारा किए गए विश्लेषण में यह जानकारी दी गई।

इस टीम में मुंबई के अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्था के विशेषज्ञ भी शामिल हैं। 'लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी इन इंडिया' (एलएएसआई) के तहत 31,000 से अधिक वयस्कों की 'स्पिरोमेट्री' जांच की गई। फेफड़ों की कार्यक्षमता जांचने के लिए आमतौर पर 'स्पिरोमेट्री' जांच की जाती है। यह अध्ययन देश का पहला और विश्व का सबसे बड़ा ऐसा 'डाटाबेस' है, जिसमें बुजुर्ग आबादी से जुड़ी जानकारी को लंबे समय तक दर्ज किया गया है।

जर्नल 'पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस (पीएलओएस) वन' में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला कि पुरुषों में यह बीमारी महिलाओं की तुलना में अधिक हो सकती है और इसकी संभावनाएं उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती जाती हैं।

अवरोधक फेफड़ों की बीमारी में 'क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज' (सीओपीडी) एक प्रकार है। यह बीमारी फेफड़ों को नुकसान पहुंचने, सूजन होने और वायु प्रवाह में रुकावट आने से होती है। इस टीम में अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ता शामिल थे। टीम ने प्रतिभागियों में जागरूकता का स्तर भी कम पाया। इसने बताया कि सर्वेक्षण में शामिल केवल 12 प्रतिशत पुरुषों और 11 प्रतिशत महिलाओं ने ही पूर्व निदान की बात कही।

शोधकर्ताओं ने कहा, ''अवरोधक फेफड़ों की बीमारी 14.4 प्रतिशत थी। यह महिलाओं की तुलना में पुरुषों में अधिक था और उम्र के साथ बढ़ता गया।''

उन्होंने बताया कि रोग के बारे में जागरूकता बहुत कम थी। उन्होंने बताया कि केवल 12 प्रतिशत पुरुषों और 11 प्रतिशत महिलाओं को ही फेफड़ों की बीमारी के बारे में पहले से पता था।

# भारत को बहुपक्षवाद में भरोसा, जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध: भूपेंद्र यादव

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भारत बहुपक्षवाद में विश्वास रखता है और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विकसित देश इस दिशा में विकासशील देशों को वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हैं।



यादव ने '20वें सीआईआई सस्टेनेबिलिटी समिट' में एक परिचर्चा के दौरान कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा है, लेकिन इसका सबसे गंभीर प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है, जो इस संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

यादव ने कहा, ''हमारा पहला रुख यह है... हमें बहुपक्षीय मंचों पर विश्वास है और हमारे प्रधानमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि भारत समस्या का नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है और विकसित देशों ने लंबे समय से अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं किया है।''

मंत्री ने कहा कि दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत, अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत कई प्रतिबद्धताओं को पहले ही पूरा कर चुका है। उन्होंने कहा, ''भारत इस चुनौती का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारिस्थितिकी और विकास के बीच संतुलन आवश्यक है और उद्योग को हरित प्रौद्योगिकी विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।''

यादव ने कहा कि दुनिया को भारत के विकास मॉडल पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि भारत लगभग सात प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में वैश्विक विकास के पुनरुत्थान का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा, ''मेरे विचार से, भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने लक्षित योजना कार्यान्वयन, बुनियादी ढांचे में निवेश, स्थानीय प्रतिबद्धता और बहुपक्षीय प्रतिबद्धताओं पर ठोस उपलब्धियों के माध्यम से नीतिगत परिदृश्य में सतत विकास को सफलतापूर्वक अपनाया है।''

सोमवार को यहां कॉप30 के अध्यक्ष आंद्रे कोरेया डू लागो के साथ अपनी बैठक के बारे में यादव ने कहा कि उन्होंने पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6 पर काम को आगे बढ़ाने के तरीकों के साथ-साथ जलवायु वित्त और 'ग्लोबल साउथ के अधिकारों' से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। इस वर्ष का संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन नवंबर में ब्राजील के बेलेम में आयोजित किया जाएगा। यह बाकू में कॉप29 में वित्त पर निराशाजनक परिणाम, पेरिस समझौते से अमेरिका के हटने, बढ़ते व्यापार तनाव, नीतिगत अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक संघर्षों के बाद बहुपक्षीय प्रयासों, विशेष रूप से जलवायु वार्ताओं को लेकर बढ़ते संदेह के बीच किया जाएगा।

यादव ने यह भी कहा कि औद्योगिक विकास के दबाव, मानव जनित हस्तक्षेप और उपभोग आधारित मॉडलों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अपनी गति खो रही है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2025 में तीन प्रतिशत और 2026 में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो महामारी-पूर्व औसत से काफी कम है। उन्होंने कहा कि व्यापार तनाव, नीतिगत अनिश्चितताओं, संघर्षों और निवेश बाधाओं ने दृष्टिकोण को और कमजोर कर दिया है।

## केंद्र ने सामाजिक न्याय मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया

नयी दिल्ली, (भाषा) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने सरकारी कामकाज में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है। पुनर्गठित हिंदी सलाहकार समिति के अध्यक्ष केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार होंगे, जबकि राज्य मंत्री बीएल वर्मा और रामदास अठावले क्रमशः उपाध्यक्ष और सदस्य होंगे। समिति सरकार की राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम और संबंधित नियमों के कार्यान्वयन की समीक्षा करेगी। साथ ही, यह मंत्रालय, उसके संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों तथा संबद्ध संस्थानों में हिंदी के उपयोग को बढ़ाने के लिए सिफारिशें भी प्रस्तुत करेगी। समिति में संसद सदस्य, हिंदी विद्वान, सरकारी अधिकारी और मंत्रालय के अधीन संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। नामित सांसदों में सुरेश कुमार कश्यप, संध्या रे, धैर्यशील मोहन पाटिल और रयाग कृष्णैया शामिल हैं। संसदीय राजभाषा समिति ने विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी और रामचंदर जांगड़ा को भी नामित किया है।

इसके अलावा, चार प्रख्यात हिंदी विद्वानों को नामित किया गया है, जिनमें प्रोफेसर रसाल सिंह, डॉ रजत शर्मा, डॉ अर्चना गायतोंडे और अधिवक्ता डॉ बी मधु शामिल हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी इस निकाय का हिस्सा हैं। विभिन्न वैधानिक आयोगों और राष्ट्रीय संस्थानों, जैसे कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन, भारतीय पुनर्वास परिषद, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम और दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए कई राष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल हैं।

## संगीतकार जॉन बटिस्ट दिल्ली व मुंबई में प्रस्तुति देंगे

नयी दिल्ली, (भाषा) ऑस्कर विजेता संगीतकार जॉन बटिस्ट दिल्ली और मुंबई में प्रस्तुति के साथ भारत में अपने संगीत सफर की शुरुआत करने वाले हैं। 38 वर्षीय संगीतकार का कार्यक्रम 24 नवंबर को दिल्ली में भारत मंडपम सभाभागार के प्लेनरी हॉल में होगा, 26 नवंबर को मुंबई में उनकी प्रस्तुति होगी।

आवश्यकता है
अनुभवी व कुशल शिक्षकों की आवश्यकता कक्षा 6 से 8 तक अंग्रेजी व गणित विषय हेतु
सम्पर्क करें
श्री हंस सरस्वती शिक्षा मंदिर
गंगाधाम राजधानी मार्ग, शुक्लागंज, उन्नाव
M.: 9451292930



# सांप्रदायिक एजेंडे से विकास, तिरंगे का अपमान, नगर पंचायत अध्यक्ष से हिंदू सभासद और जनता कर रही त्राहिमाम त्राहिमाम

## चेयरमैन साहब: हिंदुओं ने वोट नहीं दिया तो विकास क्यों कराऊं, भ्रष्टाचार की लिख रहे इबादत सरकार को लगा रहे करोड़ों के राजस्व का चुना

नशनल एक्सप्रस








**बदायूं**/ नगर पंचायत फैजगंज बेहटा अध्यक्ष पर बड़ी हिंदू आबादी लगा रही कट्टर सांप्रदायिक सोच के एजेंट पर विकास को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप अध्यक्ष खुले तौर पर हिंदू आबादी को धमकी दे रहे है, तुमने मुझे वोट नहीं दिया तो फिर मैं तुम्हारे क्षेत्र का विकास क्यों कराऊं। इतना ही नहीं समुदाय विशेष के पंचायत अध्यक्ष हिंदू सभासदों को मात्र सरकारी कागजों में गिनती के लिए रखा है चुनाव के बाद बीते 17 महीना से उनकी कभी जरूरत ही नहीं पड़ी। उनसे व उनके वार्डों से अध्यक्ष को कोई सरोकार नहीं।विकास की बात करें तो पालिका में बने बारात घर शराब और जुएं का अड्डा बन गये है जो शाम होते ही हिंसक आवारा पशुओं के ठिकाने में तब्दील हो जाता है, जहां दरवाजे लगे होना चाहिए ताले लगे होना चाहिए वहां दरवाजों का नामोनिशान नहीं और सुलभ शौचालयों जहां ताले नहीं होना चाहिए पर हमेशा से ताले लटक रहे हैं। नगर पंचायत का पार्क गोबर गंदगी और झाड़ियां में तब्दील हो गया है।

बरसात के महीने में आधे पंचायत क्षेत्र से निकलना दुबर हो जाता है हाल ही में बंद पड़े नाले में एक बच्चे की डूब कर मौत भी हो चुकी है मगर अध्यक्ष के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।सरकार को राजस्व की चपत विकास लापतासूत्रों के अनुसार चाहे बोरवेल हो सरकारी नल उससे संबंधित खुदाई का मामला, कस्बे को रोशन करने के लिए जगह-जगह लगे सैकड़ो विद्युत पोलों में हल्के वजन के भ्रष्टाचार की बड़ी दलाली, सरकारी तेल पालिका संसाधनों का प्राइवेट ठेकेदारों द्वारा इस्तेमाल, सड़के बदहाल, बरसात की स्थिति में आधी पंचायत घरों में कैद हो जाती है और चेयरमैन साहब अपनी कट्टर मानसिक विकासवादी सोच के तहत,नगर पंचायत का एक करोड़ 20 लाख ग्राम पंचायत जगतुआ में लग रहे हैं,नगर पंचायत के संसाधन खुद के भांजे द्वारा प्राइवेट ठेकों में इस्तेमाल किया जा रहा है और भ्रष्टाचार की मोटी कमाई की जा रही है।एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मोदी के विजन सबका साथ सबका विकास,भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है जिसका उदाहरण समुदाय विशेष के अध्यक्ष का नगर पालिका पर काबिज होना है उसके बावजूद अमानवीय व्यवहार कट्टर मानसिकता, पाकिस्तान सोचपाकिस्तानी सोच यहां इस शब्द का इसलिए प्रयोग किया गया की तमाम भ्रष्टाचार ,विकास को दरकिनारा करते हुए नेशनल मीडिया का एक बड़ा पैनल जब नगर पालिका में चेयरमैन साहब से मिलने गया तो वहां स्वयं पत्रकारों द्वारा लैट्रिन के पास कूड़े के देर में झाड़ू में लिपटे बहुत सारे तिरंगे झंडों का अपमान हो रहा था जिसे मीडिया कर्मियों ने अपने कमरे में शूट भी किया। जब चेयरमैन साहब से पंचायत क्षेत्र की बड़ी हिंदू आबादी अपने सभासदों के साथ उनके पालिका परिषद में पहुंची तो तो पालिका के तमाम पंखे बंद कर दिए गए। पीने का पानी हटा दिया गया। चेयरमैन साहब पालिका छोड़कर गायब हो गए।

2 घंटे तक उनका कहीं आता-पता नहीं रहा। कोई संतुष्टि जनक उत्तर भी नगर पालिका परिसर में नहीं दे सका। जो अध्यक्ष के भ्रष्टाचार अर्थात दाल में काला होने पर मोहर लगता है। चेयरमैन साहब के अत्याचारों से पीड़ित पंचायत क्षेत्र की जनता अपने ऊपर हो रहे लगातार अत्याचारों से त्राहिमाम त्राहिमाम कर सभासदों साथ नगर पंचायत के गेट पर धरना देकर बैठ गए। और योगी सरकार में हिंदुओं की अनदेखी,भ्रष्टाचारी, कट्टर मानसिकता, पाकिस्तान प्रेम मुर्दाबाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।

# नाथ नगरी बरेली नाथ पुत्र गणेश के जयकारों से गूंजीं गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ

## भक्ति उत्साह ढोल नगाड़ों और अबीर गुलाल के बीच बरेली रामगंगा में गणपति बप्पा की मनमोहक झांकियां का धूमधाम से हो रहा विसर्जन



नेशनल एक्सप्रेस

**बरेली।** मंगल मूर्ति गणेश चतुर्थी पर निकली विसर्जन यात्रा ने पूरे शहर का माहौल भक्तिमय कर दिया। मंगलवार को ₹जय गणेश देवा₹, ₹गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया₹ के जयकारों से गलियां, चौक और सड़कों पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

शहर की विभिन्न समितियों की ओर से गणेश प्रतिमाओं का भव्य शोभायात्रा के जरिए रामगंगा नदी पर विसर्जन किया गया।

घरों, पंडालों और मोहल्लों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं को ट्रैक्टर, ट्रक और मैजिक वाहनों से नगर पंचायत द्वारा बनाए गए विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

रामगंगा के घाटों पर शहर के साथ-साथ देहात क्षेत्रों और सैन्य क्वॉर्टर से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। सैकड़ों की भीड़ भक्ति गीतों पर झूमती-नाचती रही। रंग-गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने एक-दूसरे को रंगों से सराबोर किया और फिर मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा का पूजन कर विसर्जन किया।

### चार दिन बाद हुआ विसर्जन

कई श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने अपनी-अपनी मन्नतों के अनुसार चार दिन तक गणपति बप्पा की सेवा कर विधिवत पूजा-अर्चना की और उसके बाद प्रतिमा का विसर्जन किया।

भक्ति, उत्साह और आस्था से सराबोर इस आयोजन में जगह-जगह भक्तों ने गणपति बप्पा को विदाई दी और अगली बार जल्दी आने की प्रार्थना की।

# मुरादाबाद से बरेली तक किया अपने मोबाइल लुटेरों का पीछा, लुटेरों ने बरेली में चलती ट्रेन से फेंका

## मोबाइल लूट का विरोध करने पर गंभीर घायल, जिला अस्पताल भर्ती सुभाष नगर क्रॉसिंग क्षेत्र की घटना



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली/जिला मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव महेशपुर निवासी 25 वर्षीय अंकित मंगलवार सुबह लुटेरों का शिकार हो गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अंकित ने बताया कि वह मुरादाबाद कस्बे स्थित कवड़ी फैक्ट्री से काम खत्म कर ट्रेन द्वारा घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ लुटेरे मिले, जिन्होंने पहले उससे ₹50 की मांग की।पैसे न देने पर उन्होंने उसका मोबाइल छीन लिया और मुरादाबाद स्टेशन से ट्रेन पकड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए बरेली तक पीछा किया और एक लुटेरे को पकड़ लिया। इसी दौरान लुटेरे ने अपने साथियों की मदद से अंकित को सुभाषनगर स्थित अंधी पुलिया के पास चलती गाड़ी से धक्का दे दिया। गंभीर रूप से घायल अंकित को पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है। युवक के शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। आप भी अगर ट्रेन में सफर कर रहे हैं तो ऐसे लोगों से सावधान रहें। आपको घटना स्थल से ही जीआरपी की मदद ले लेनी चाहिए थी। यात्रा के दौरान हर समय सजग रहे हैं सुरक्षित रहें। सावधानी हटी दुर्घटना घटी।

# लगातार बारिश से गरीबों के आशियाने ढहने का सिलसिला शुरू, जनजीवन अस्तव्यस्त

## सोहरा गांव में तीन दिन से लगातार अधिक बारिश होने के कारण तीन मकान गिरे



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव सोरहा में आज सुबह बरसात होने के कारण एक पक्के मकान का लिटर और दो कच्चे मकान की छत गिर गई। जानकारी के अनुसार रंजीत पुत्र गट्टूमल के पक्के मकान की छत गिर गई। पक्के मकान की छत के नीचे सो रहे पति-पत्नी और बच्चे बाल बाल बच्चे।

इसी तरह सोरहा गांव की दूसरी घटना में कल रात लाल सिंह मौर्य पुत्र बुद्ध सेन मौर्य का पुस्तैनी कच्चा मकान गिर गया। उस समय लाल सिंह मौर्य अपनी पत्नी का बच्चों के साथ कच्चे मकान की छत के नीचे सो रहे थे। और उसी कच्चे मकान की छत के नीचे उनकी भैंस और बछीया बंधे थे। जिसमें भैंस और बछीया घायल हो गई, गनीमत रही कि पति पत्नी और बच्चे बच गए।

तिसरी घटना में सांवरी पत्नी स्वर्गीय शौकत अली की कच्चे मकान की खपरैल गिर गई जिससे घर में रखा संदूक, चारपाई और खाने पीने का सामान सब खराब हो गया। और घर में रखी अन्य चीजों का भी काफी नुकसान हो गया। इन तीनों घटनाओं की जानकारी जैसे ही गांव के ग्राम प्रधान साकिर हुसैन अंसारी एवं सोरहा गांव के प्रमुख समाज सेबी इस्लाम हुसैन अंसारी एवं अफजाल अंसारी को मिली तो मौके पर पहुंचे।

उनके घर में रखे सामान को बाहर निकलवाया। और उन्होंने हल्का लेखपाल प्रेम राजपूत को घटना की जानकारी दी तो सूचना मिलने पर ही हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल कर अपनी रिपोर्ट बनाकर मीरगंज प्रशासन को भेज दी है। गांव के ही प्रमुख समाजसेवी इस्लाम हुसैन अंसारी एवं ग्राम प्रधान साकिर अंसारी ने मीरगंज एसडीएम एवं प्रशासन से गरीबों की मदद कर आर्थिक सहायता प्रदान करने की गुहार लगाई।

# इज्जतनगर रेलवे कैंटीन : दशकों से एक जगह व्यवसाय कर रहे लोगों पर जीवन यापन का संकट मौत का कारण ?

## हर बार मध्यम या निम्न स्तर के लोगों से होकर क्यों गुजरता है सरकारी आदेश। जीविका पर प्रहार मानसिक हत्या है.. व्यवसाय टूट जाने के मानसिक तनाव से हार गए कमलेश आदेश बना कमलेश का हत्यारा..

नेशनल एक्सप्रेस



**बरेली।** इज्जतनगर रेलवे कैंटीन बाजार को हटाने की तैयारियों के बीच दुकानदारों पर छाए संकट ने सोमवार को एक जिंदगी छीन ली। परतापुर निवासी कमलेश (35), जो बाजार में चना-परमल की दुकान चलाते थे, को एक सितंबर शाम लगभग सात बजे दिल का दौरा पड़ा। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। खबर फैलते ही पूरे बाजार में शोक की लहर दौड़ गई।

दुकानदारों का कहना है कि बाजार हटने के आदेश से सभी गहरे मानसिक तनाव में हैं। कमलेश इस दबाव को बर्दाश्त नहीं कर पाए और असमय चल बसे। उनकी दुकान परिवार की तीन पीढ़ियों से चली आ रही थी। मंगलवार को शोकाकुल व्यापारी परिवार के घर पहुंचे और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे पहले समाजवादी पार्टी नेता व नगर निगम पार्षद राजेश अग्रवाल दुकानदारों के समर्थन में पहुंचे थे। सोमवार को उनकी अगुवाई में व्यापारी डीआरएम से मिले, मगर उन्होंने समाधान की कोई संभावना न होने की बात कही। दुकानदार सांसद छत्रपाल गंगवार और शहर विधायक डॉ. अरुण कुमार सक्सेना से भी मदद की गुहार लगा चुके हैं। अब हाईकोर्ट का रुख करने पर विचार किया जा रहा है। करीब 47 साल पुराने इस बाजार में जरूरत का लगभग हर सामान मिलता है। रेलवे तहबाजारी के ठेके से यह बाजार चलता रहा है। मौजूदा ठेकेदार असलम रजा का कहना है कि ठेका लाभ का सौदा नहीं बल्कि मान-सम्मान और बाजार बचाने का प्रयास है। अब जबकि बाजार हटाने की स्थिति बन गई है, दुकानदार गहरी निराशा और अवसाद में डूब गए हैं।असगरी, बनी हाशिम, रजा-ए-हुसैनी, गुलजारे हैदरी, सज्जादिया, मोहम्मदी, हुसैनी, सादात, इमामिया, अकबरी, हाशमी और मासूमिया ने मातम और नौहा ख्वानी की। जुलूस का संचालन अंजुमने रजाकाराने हुसैनी रजिस्टर्ड ने किया। अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के काईद गुलाम सज्जाद और जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, नायब काईद इंमदाद आबिदी, डॉ चंदन नक़वी, हुसैन हैदर, शाने मेहदी, मौ ग़ालिब, बाहर हैदर, मौ तक़ी खां, कमर रजा सलीम, शाने मुज्तबा, सैय्यद मुज्तबा, दायम रज़ा, जाफर रज़ा निगरानी कर रहे थे।

# सरकार ने तीन विश्वविद्यालयों में 948 नए पद सृजित करने की मंजूरी दी

**लखनऊ, (भाषा)** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने मुरादाबाद के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय और बलरामपुर के मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में कुल 948 नए पद सृजित करने की मंजूरी दी है।

मंत्री ने बताया कि इन पदों में शिक्षणेत्तर के 468 और अनुबंधित आधारित 480 पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम से विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक और कार्यात्मक व्यवस्था मजबूत होगी, शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उपाध्याय ने एक बयान में कहा, ''प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार दोनों उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विश्वविद्यालयों में नए पदों का सृजन इसी दिशा में एक ठोस कदम है, जो उच्च शिक्षा को मजबूत और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।''

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर के 156 अस्थायी पद सृजित किए गए हैं, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे और आवश्यकतानुसार समाप्त भी किए जा सकते हैं।

## मुस्लिम कमेटी द्वारा जुलूस-ए-मोहम्मदी का आयोजन सन 1962 से होता आ रहा है।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी की अनुमति न मिलने पर विधायक महबूब अली ने जताई नाराज़गी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**अमरोह।** सदर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली ने आज अपने कैम्प कार्यालय 550-बी दानिशमंदान पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रशासन द्वारा जुलूस-ए-मोहम्मदी की अनुमति न दिए जाने पर नाराज़गी जताई। श्री अली ने कहा कि अमरोहा अमन, चैन, शांति, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देने वाला शहर है। यहाँ मुस्लिम कमेटी द्वारा जुलूस-ए-मोहम्मदी का आयोजन सन 1962 से होता आ रहा है।

इस वर्ष भी मुस्लिम कमेटी ने समय रहते प्रशासन से अनुमति मांगी थी, सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी कर दी गई हैं और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भी सौंपा गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि फिर भी प्रशासन अनुमति देने में टालमटोल क्यों कर रहा है। श्री अली ने कहा सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी एवं विटस, मुरादाबाद द्वारा मुस्लिम कमेटी को आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया गया है और यह लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। विधायक महबूब अली ने प्रशासन से मांग की कि वे अपनी देखरेख में जुलूस-ए-मोहम्मदी को शांतिपूर्वक निकालने की अनुमति दें, ताकि अमरोहा की गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की परंपरा बनी रहे।

# वर्ष 2023 में मृत घोषित किए गए व्यक्ति की वृद्धावस्था पेंशन बहाल करने का निर्देश




**प्रयागराज, (भाषा)** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में वर्ष 2023 में मृत घोषित किए जाने के कारण वृद्धावस्था पेंशन से वंचित हुए 70 वर्षीय की पेंशन तत्काल बहाल करने का निर्देश दिया गया है।जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सोमवार को जनता दर्शन के दौरान लोगों की शिकायतें सुनने के दौरान उनकी नजर 70 वर्षीय सुकुरू नामक व्यक्ति पर पड़ी जिन्हें 2023 में ग्राम पंचायत अधिकारी ने मृत घोषित कर दिया था।

उन्होंने कहा, "करनपुर गांव के निवासी सुकुरू ने बताया कि उन्हें मृत घोषित करके एक गलत रिपोर्ट आगे भेज दी गई, जिसके कारण उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद हो गई।"

वर्मा ने कहा, "आर्थिक रूप से बेहद कमजोर सुकुरू को पेंशन बंद होने और वृद्धावस्था के कारण जीविकोपार्जन में अत्यधिक परेशानी आ रही थी। हमने मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह को इस प्रकरण की जांच कराने का निर्देश दिया। जांच में पाया गया कि सुकुरू जीवित हैं और उनकी शिकायत सही है।"जांच में पाया गया कि तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी रंजना यादव ने वृद्धावस्था पेंशन सत्यापन रिपोर्ट में सुकुरू को मृत दर्शाया था जिसके कारण उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद हो गयी थी।

# मेलों में मंगलसूत्र छीनने के आरोप में नौ लोग गिरफ्तार, 19 चेन बरामद

**कौशाम्बी (उत्तर प्रदेश), (भाषा)** उत्तर प्रदेश पुलिस ने मेलों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मंगलसूत्र छीनने के आरोप में एक गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 19 मंगलसूत्र, पांच सर्जिकल ब्लेड, एक अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद किए। कौशाम्बी के अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को सैनी थाने की पुलिस ने अलीपुर जीता गांव के पास एक ऑटो-रिक्शा को रोका, जिसमें सात महिलाएं और दो पुरुष सवार थे।

उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा और जब उसे पकड़कर तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक अवैध पिस्तौल, कारतूस और 19 मंगलसूत्र बरामद हुए।

अधिकारी ने कहा कि सोमवार को हुसैनगंज के पास एक उर्स मेला लगा था, जहां गिरोह ने महिलाओं से 19 मंगलसूत्र छीन लिए थे। सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरोह के सदस्यों ने खुलासा किया कि सरोज देवी उर्फ मैना देवी गिरोह की सरगना है, सभी सदस्य एक ही गांव के रहने वाले हैं।

सिंह ने कहा कि वे अक्सर मेलों और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाते थे जहां महिलाएं इकट्ठा होती थीं और आसानी से ब्लेड से मंगलसूत्र छीन लेते थे। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# बरेली जनपद में सब चंगा: छोटे मियां तो छोटे मियां बड़े मियां सुभान अल्लाह अच्छा किया तो मान लापरवाही की तो नपोगे



## तत्काल निस्तारण व पारदर्शिता पर तीसरी नजर,एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने की कार्यशाला, अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिये गये निर्देशों के क्रम में बरेली जोन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने सोमवार को जोनल कार्यालय स्थित सभागार में कार्यशाला आयोजित की।

इसमें बरेली व मुरादाबाद परिक्षेत्र सहित जोन के सभी जनपदों के IGRS प्रभारियों एवं सहकर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में IGRS पर प्राप्त शिकायतों के समुचित समाधान के लिए आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों व उनके संभावित समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान IGRS शाखा में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को उनके महत्वपूर्ण सुझावों और कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एडीजी रमित शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिये कि थानों पर नियुक्त निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों को शिकायतों का समानुपातिक आवंटन किया जाए।

शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के कार्य का वास्तविक पैमाना होगा। उन्होंने कहा कि IGRS, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ और हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों की रेंज और जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए।

एडीजी ने चेतावनी दी कि मिथ्या या भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है।

# महिला आयोग अध्यक्ष ने किया वन स्टॉप सेंटर व महिला थाना का निरीक्षण

## पीड़ित महिलाओं से तीन-चार महीने तक लगातार संपर्क रखें

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



झज्जर। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने मंगलवार को झज्जर में वन स्टॉप सेंटर और महिला थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला थाना और सेंटर के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर मौजूद महिलाओं से उनका पक्ष सुना और थाना व सेंटर में मौजूद महिलाओं से उनका पक्ष जाना। अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह पीड़ित महिलाओं से तीन-चार महीने तक लगातार संपर्क रखें।

निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन ने वन स्टॉप सेंटर के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों का अवलोकन किया और कई पीड़ित महिलाओं से फोन पर बातचीत कर उनकी वर्तमान स्थिति जानी। उन्होंने सेंटर के काउंसलरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले की कम से कम तीन से चार महीने तक लगातार मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही कुछ मामलों में रैंडम कॉल कर यह सुनिश्चित किया जाए कि महिला आज भी किसी समस्या या शोषण का शिकार न हो और सुरक्षित जीवन जी रही हो।

उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए एकीकृत सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करता है जहाँ उन्हें कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श, अस्थायी आश्रय, पुलिस व न्यायिक सहायता और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस केंद्र का उद्देश्य पीड़ित महिला को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके बाद चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने महिला थाना का भी दौरा किया। यहां उन्होंने पीड़ित महिलाओं से सीधे मुलाकात की और उनके मामलों को समझा। कई मामलों में उन्होंने स्वयं फोन पर दूसरे पक्ष से भी बातचीत की, ताकि विवाद का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एसीपी सुरेंद्र कंबोज, महिला थाना प्रभारी किरण, इंस्पेक्टर सुनीता मौजूद रहे।

इस दौरान डीसीपी जसलीन कौर मौजूद रहीं। महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने, पीड़ित महिलाओं को तुरंत सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्थाए महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने और जन जागरूकता अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

# हरियाणा के छह जिलों में नहीं सुधरा लिंगानुपात, सीएमओ से होगा जवाब तलब

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों के बावजूद छह जिलों के लिंगानुपात में कोई सुधार नहीं हुआ है, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संबंधित जिलों के सीएमओ से जवाब तलब करने के लिए विशेष बैठक बुलाने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने मंगलवार को लिंगानुपात सुधार के लिए गठित स्टेट टास्क फोर्स की बैठक में यह निर्देश दिए। जिन जिलों के लिंगानुपात में सुधार नहीं हुआ है उनमें अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, करनाल, सिरसा तथा पलवल शामिल हैं। इन जिलों में तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से जवाब तलब किया गया है। राजपाल ने आयुष विभाग के डॉक्टरों को भी निर्देश दिए कि वे अवैध रूप से बिकने वाली एमटीपी किट के मामले में नजर रखें। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कार्य में कोताही पर दो आशा वर्कर्स को नौकरी से हटाया गया है। इनमें सोनीपत की एक आशा वर्कर का पति दिल्ली से एमटीपी किट लाकर सोनीपत जिला में अवैध रूप से बेचता था,शिकायत मिलने पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया। पुलिस ने उनको गिरफ्तार भी कर लिया। इसी प्रकार पंचकूला में पहले से तीन लड़कियों की मां गर्भवती महिला की मौत हो गई और आशा वर्कर द्वारा उस गर्भवती महिला की सही से निगरानी न करने के कारण उसको भी नौकरी से हटा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एमटीपी किट खरीदने वाले लोगों पर नजर रखें। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक मोनिका मलिक के अलावा डॉ कुलदीप सिंह एवं टास्क फॉर्स के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# ओलंपिक संघ ने उठाया खिलाड़ियों की नौकरी का मुद्दा, एचएसएससी चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंडीगढ़, । हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग तक खेल कोटा भर्तियों से जुड़े लंबित मुद्दे पहुंचा दिए हैं। संघ का कहना है कि पिछले 8 से 10 वर्षों से लंबित रिक्तियों के कारण कई खिलाड़ियों का भविष्य अनिश्चितता में है। ओलंपिक संघ की ओर से चयन आयोग को तीन प्रमुख सिफारिशें की हैं।

एचओए अध्यक्ष कप्तान जसविंद्र 'मीनू बेनीवाल' ने मंगलवार को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। एचओए ने सुझाव दिया है कि जिन खिलाड़ियों ने पहले आवेदन किया था और भर्ती में देरी के कारण वे अब ऊपरी आयु सीमा पार कर रहे हैं, उन्हें विशेष छूट दी जाए। इसका मकसद वास्तविक खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी के अवसर से वंचित होने से बचाना है। संघ ने कहा कि ईएसपी कोटा के अंतर्गत सभी विभागों में लंबित पदों को एकत्रित कर तुरंत विज्ञापित किया जाए और भरा जाए। यह भी कहा है कि विशेष ध्यान पुलिस सब-इंस्पेक्टर, शारीरिक शिक्षा शिक्षक और कोचिंग पदों जैसी लंबित रिक्तियों पर दिया जाना चाहिए।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले सात ठग गिरफ्तार

- लोन कंपनी से ग्राहकों का डाटा लेकर करते थे ठगी
- अदालत ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

नेशनल एक्सप्रेस



गुरुग्राम। लोन के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए सात ठगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त प्रियांशु दीवान के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन और 70 हजार रुपयों की नकदी बरामद की है। मंगलवार को पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

आरोपियों की पहचान आरोपियों की पहचान मोहम्मद मुज्जफर अली निवासी गांव महसपुर, जिला वैशाली (बिहार) अमीर हुसैन निवासी साउथ 24 परगना (पश्चिम-बंगाल) मोहम्मद कासिफ निवासी गांव शेखाना खुर्द, बिहार, मोहम्मद इरफान अंसारी निवासी गाँव मिर्जापुर, जिला दरबंगा बिहार, अंकित कुमार निवासी कापसहेड़ा दिल्ली, सुमित ढिका निवासी नांगली विहार (दिल्ली) व सुमित कुमार निवासी केशवपुर शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी फिलहाल कापसहेड़ा में ही रहते थे। जानकारी के अनुसार साइबर ठगों का यह गिरोह लोन कंपनी से ग्राहकों का डाटा ले लेता था। आरोपी इरफान, सुमित ढिका और सुमित कुमार डेटा उपलब्ध कराते थे। अमीर हुसैन और कासिफ ग्राहकों को सस्ते ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा देकर फंसा लेते थे। गिरोह का सदस्य अंकित कापसहेड़ा में सीएससी सेंटर चलाता है जो फर्जी यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड बनाकर ग्राहकों के पैसे ट्रांसफर कर लेता था। ठग गिरोह की जानकारी मिलते ही सहायक पुलिस आयुक्त प्रियांशु दीवान के नेतृत्व में टीम का गठन हुआ।

पुलिस टीम ने 29 अगस्त को मुजफ्फर को गुरुग्राम से वहीं 30 अगस्त को अमीर हुसैन और कासिफ को नालंद से गिरफ्तार कर लिया। इसी दिन पुलिस ने इरफान और अंकित को भी गुरुग्राम से पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार सुमित ढिका और सुमित कुमार को पुलिस ने 31 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया।

# यमुना में बढ़ा जलस्तर, दो हजार एकड़ फसल पानी की चपेट में



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सोनीपत। सोनीपत जिले के यमुना किनारे बसे गांवों में नदी का जलस्तर बढ़ने से खेती की भूमि कटाव का शिकार होने लगी है। गन्नौर से दिल्ली बॉर्डर तक लगभग दो हजार एकड़ भूमि की फसल में पानी भरा है। करीब 30 गांव नदी के किनारे स्थित हैं। इन

गांवों में सोमवार शाम तक कई जगह कटाव शुरू हो गया और फसलों में पानी भर गया।

गन्नौर और राई क्षेत्र के 6-7 गांवों के खेतों तक पानी पहुंच चुका है। गन्नौर के बेगा, चंदौली, पबनेरा, ग्यासपुर तथा राई के भैंरा, दहिसरा और मुरथल क्षेत्र के बख्तावरपुर, गढ़ी, मेहंदीपुर, जैनपुर व टकौला गांव बाढ़ के खतरे की चपेट में हैं। बरसात के मौसम में हथनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को दोपहर तक नदी में डिस्चार्ज की स्थिति इस प्रकार रही

सुबह 9 बजे 3,29,313 क्यूसेक, 10 बजे 3,21,653 क्यूसेक, 11 बजे 3,19,363 क्यूसेक, 12 बजे 3,23,180 क्यूसेक, 1 बजे 3,22,416 क्यूसेक और 2 बजे 3,03,519 क्यूसेक। इस बढ़ते प्रवाह से यमुना क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका बढ़ गई है।




## संपादकीय

# पीएम मोदी का सन्देश और बदलते वैश्विक समीकरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार, 1 सितंबर 2025 को वैश्विक मंच से ऐसा संदेश दिया जिसने न केवल भारत की कूटनीतिक स्थिति को सशक्त किया बल्कि विश्व राजनीति में नई हलचल भी पैदा कर दी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अमेरिका या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बिना संरक्षणवाद, एकाधिकारवाद और वर्चस्ववाद पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह प्रवृत्तियाँ वैश्विक लोकतांत्रिक और कूटनीतिक व्यवस्था के लिए न केवल अनुचित हैं, बल्कि इनके खात्मे की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री का यह संदेश किसी भी कीमत पर 'व्हाइट हाउस' तक पहुँचना तय माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में उन्होंने अमेरिका की नीतियों की खुली आलोचना की थी।इसी क्रम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी अमेरिका पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब वाशिंगटन को शीत युद्ध जैसी मानसिकता छोड़नी होगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अमेरिका को दूसरे देशों को धमकाना बंद करना चाहिए और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं और नए गठजोड़ उभर रहे हैं।1 सितंबर का सबसे चर्चित दृश्य तब सामने आया जब प्रधानमंत्री मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक अंतरंग मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो क्रेमलिन तथा बीजिंग द्वारा जारी किए गए। भारतीय टीवी चैनलों पर यह दृश्य पूरे दिन छाया रहा। भले ही यह बैठक संक्षिप्त रही हो, लेकिन इसका राजनीतिक और कूटनीतिक असर गहरा माना जा रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह संकेत चौंकाने वाला था कि एशिया की तीन बड़ी ताकतें एक मंच पर खुलकर संवाद कर रही हैं।भारत और रूस के बीच दशकों पुरानी मित्रता जगजाहिर है, लेकिन भारत और चीन के संबंध हमेशा उतार-चढ़ाव और अविश्वास से भरे रहे हैं। बावजूद इसके, 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) के मंच पर इन तीन नेताओं की साझी तस्वीर ने एक नए अध्याय की शुरुआत कर दी है। यह एक ऐसा संदेश था जिसने स्पष्ट किया कि वैश्विक परिदृश्य में अब एशियाई शक्तियों की भूमिका और अहम होगी।हालांकि, कई वरिष्ठ कूटनीतिज्ञों का मानना है कि एससीओ कभी भी नाटो (NATO) का विकल्प नहीं बन सकता। नाटो न केवल सैन्य दृष्टि से मजबूत है बल्कि उसके पास अमेरिका जैसी महाशक्ति का समर्थन भी है। नाटो का मूल संकल्प है कि यदि किसी एक सदस्य-देश पर हमला होता है तो बाकी सभी सदस्य-देश मिलकर उस पर प्रतिकार करेंगे। साथ ही, वे आपस में खुफिया सूचनाएँ साझा करते हैं और आर्थिक-सामाजिक स्तर पर भी गहरे जुड़े हुए हैं। इसके विपरीत, एससीओ के अधिकतर सदस्य-देश छोटे, विकासशील और आर्थिक रूप से कमजोर हैं। कई देशों की अर्थव्यवस्था तो कर्ज पर टिकी हुई है। यही कारण है कि एससीओ की तुलना नाटो से करना उचित नहीं माना जा रहा।फिर भी, विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि भारत, रूस और चीन के बीच 'ईमानदार त्रिकोण' का निर्माण हो जाता है और संबंधों को वास्तविक रूप से प्रगाढ़ बनाया जाता है, तो यह अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकता है। हालांकि फिलहाल इस दिशा में कोई ठोस उम्मीद नहीं की जा रही है, लेकिन यह पहल भविष्य की बड़ी कूटनीतिक रणनीतियों का संकेत है।इस बीच, सबसे उल्लेखनीय घटना तब घटी जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सार्वजनिक रूप से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का विरोध किया। उन्होंने अपने संबोधन में आतंकवाद का तीन बार उल्लेख किया और यहाँ तक कहा कि चीन 5000 जवानों का एक विशेष 'आतंकवाद निरोधी दस्ता' बनाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने वक्तव्य में सात बार आतंकवाद का जिक्र किया और इसे मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया।

# शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन बना ब्रिक्स के लिए



संजीव ठाकुर

**भारत पर रुस से तेल खरीदने एवम उसे परिष्कृत के उपरांत बेचकर हार्दिक लाभ कमाने एवं रूस यूक्रेन युद्ध को भड़काने के तथाकथित आरोप लगाकर भारत से अमेरिका में भेजे जाने वाली निर्यात की वस्तुओं के ऊपर आयात शुल्क 50% तक कर दिया है। इसी संदर्भ में उसने चीन को भी 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है और इसके पूर्व अमेरिका तथा यूरोपीय देशों ने रूस पर यूक्रेन पर आक्रमण करने के फल स्वरूप अनेक प्रतिबंध लगाए हैं।**



इस अवसर पर व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन संकट के लिए रूस नहीं नाटो तथा यूरोपीय देश जिम्मेदार है। 2014 में पश्चिमी देशों के बहकावे में आकर यूक्रेन ने कीव में तख्ता पलट किया था। उन्होंने आगे कहा कि कीव को नाटो में शामिल करने के लगातार प्रयास रूस यूक्रेन युद्ध का एक बड़ा कारण है। पश्चिमी देश यूक्रेन को लगातार नोटों में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं जो की रूस की संप्रभुता के खिलाफ है।

यूरेशिया में राजनीतिक संतुलन की तैयारी।

तियानजिन, चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वैश्विक बाजार के नियोजन का एक ड्राफ्ट तैयार कर आह्वान किया है कि सभी संगठन के सदस्य देश इस बड़े सदस्य देशों के बाजार का पूरा लाभ लेकर इसका समुचित लाभ उठाएं। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि संगठन में शामिल सभी सदस्य देश को संयुक्त ब्रांड बेचने चाहिए जिससे सभी देशों को भरपूर लाभ मिलेगा एवं यह ठोस कदम आर्थिक सहयोग को और विस्तारित करेगा। शी जिनपिंग के प्रस्ताव पर पुतिन तथा अन्य देशों ने अपना भरपूर समर्थन जताया है।

महत्वपूर्ण है कि शंघाई सहयोग संघटन दस सदस्य देशों का एक यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक औरअंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण संगठन है। जिसकी स्थापना 2001 में चीन , कज़ाकिस्तान , किर्गिस्तान , रूस , ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान द्वारा की गई थी। जून 2017 में भारत और पाकिस्तान को मिलाकर इसका विस्तार आठ देशों तक हो गया था इसके उपरांत ईरान और फ़िलिस्तीन को जुलाई 2023 में और बेलारूस जुलाई 2024 में इस समूह में शामिल किया गया। इनमे कई देश पर्यवेक्षक तथा संवाद के भागीदार के रूप में शामिल किये गए हैं। अब इस सम्मेलन के बाद यह संगठन भारत रूस चीन और अन्य देशों की आपसी सहयोग की भागीदारी से काफी शक्तिशाली बनकर उभरा है। सम्मेलन ऐसे वक्त में हुआ है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने राष्ट्रपति पद की दूसरी पारी अमेरिका में खेल कर अपनी नई टैरिफ पॉलिसी के कारण पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

भारत पर रुस से तेल खरीदने एवम उसे परिष्कृत के उपरांत बेचकर हार्दिक लाभ कमाने एवं रूस यूक्रेन युद्ध को भड़काने के तथाकथित आरोप लगाकर भारत से अमेरिका में भेजे जाने वाली निर्यात की वस्तुओं के ऊपर आयात शुल्क 50% तक कर दिया है। इसी संदर्भ में उसने चीन को भी 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है और इसके पूर्व अमेरिका तथा यूरोपीय देशों ने रूस पर यूक्रेन पर आक्रमण करने के फल स्वरूप अनेक प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका का इस तरह एक नया आर्थिक आतंकवाद ही है जो पूरी दुनिया में टैरिफ लगाकर अपनी आर्थिक आतंकवादी दादागिरी का परचम फैला रहा है।

चीन के राष्ट्रपति ने कहा कि इस संगठन के सदस्य देशों से ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया है उन्होंने कहा है कि सदस्य देशों के आपसी समझौते किस राष्ट्रीय मुद्राओं के बढ़ने उपयोग के साथ वास्तविक बहुपक्षीय सहयोग को पुनर्जीवित किया है और यह प्रणाली यूरोसिया में स्थिरता और सुरक्षा को एक मजबूत आधार देगी सम्मेलन ने सामूहिक रूप से नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था का स्वरुप बनकर अमेरिका तथा यूरोप को सीधे-सीधे चुनौती देने का काम किया है। चीन के राष्ट्रपति ने कहा की हिंसा और टकराव की मानसिकता को अब सदस्य देशों को मिलकर इसे मूल रूप से नष्ट किया जाना चाहिए। वैश्विक तकरार, हिंसा को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने से दुनिया बहुत जरूरी व्यवस्था की ओर आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर होगा। विश्व व्यापार संगठन को धरातल मानकर बहुपक्षी व्यापार व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए। शी जिनपिंग ने कहा कि अब शंघाई सहयोग संगठन 26 देश की भागीदारी के साथ दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन बन गया है जिसका कुल आर्थिक सहयोग तथा उत्पादन लगभग 30 लाख करोड डॉलर का हो चुका है। आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शंघाई सहयोग संगठन का एक विकास बैंक की स्थापना की जानी चाहिए।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन में सी जिन पिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में कहा कि आतंकवाद के खुले समर्थन को स्वीकार नहीं किया जाएगा कोई भी देश समाज और नागरिक खुद को ऐसे में आतंकवाद से सुरक्षित नहीं मान सकता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत एक मूल मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म

और ट्रांसफॉर्म पर आगे बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि कोविड की महामारी जैसा भयानक काल हो या वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति भारत ने हर एकस्थिति का सामना कर उसका डटकर मुकाबला किया है और उसे अवसर मानकर अपनी विकास की यात्रा को आगे बढ़ाया है। भारत सदैव आर्थिक सुधारो पर अपनी नीति अपनाते हुए आगे आया है जिससे देश के आर्थिक विकास के साथ वैश्विक को -ऑपरेशन के लिए नए-नए रास्ते और बाजार खुल रहे हैं। इस अवसर पर व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन संकट के लिए रूस नहीं नाटो तथा यूरोपीय देश जिम्मेदार है। 2014 में पश्चिमी देशों के बहकावे में आकर यूक्रेन ने कीव में तख्ता पलट किया था। उन्होंने आगे कहा कि कीव को नाटो में शामिल करने के लगातार प्रयास रूस यूक्रेन युद्ध का एक बड़ा कारण है। पश्चिमी देश यूक्रेन को लगातार नोटों में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं जो की रूस की संप्रभुता के खिलाफ है।

कुल मिलाकर शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी टैरिफ पॉलिसी के कारण एक खुली चुनौती है। इस सम्मेलन में सदस्य देशों के नजदीक आने व्यापार समझौते एवं रक्षा उपकरणों के लेनदेन से आने वाले कल में ब्रिक्स जैसे संगठन को मजबूत आधार मिलने की पूरी संभावना है। ब्रिक्स संगठन में कुल 5 महत्वपूर्ण सदस्य हैं जिसमें ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और साउथ अफ्रीका शामिल है, और इस संगठन का मूल उद्देश्य ही भू राजनीतिक सहयोग, सुरक्षा सहयोग तथा आर्थिक सहयोग की पृष्ठभूमि को मजबूत बनाने का है। निश्चित तौर पर शंघाई सहयोग सम्मेलन ब्रिक्स को एक नई ऊर्जा और आधारशिला प्रदान करेगा। अब विश्व की बदली हुई राजनीतिक दशा और दिशा क्या नया परिदृश्य विश्व के सामने रखने वाले हैं यह तो वक्त ही बताएगा पर इससे हम आशा करते हैं कि वैश्विक शांति की स्थापना और व्यापार के विकास एवं मानवी संवेदनाओं को काफी मजबूती तथा शक्ति प्राप्त हो सकती है।

## इतिहास में आज का दिन

विश्व इतिहास का हर दिन अपने भीतर अनेकानेक घटनाओं को समेटे रहता है। 3 सितंबर का दिन भी इसी क्रम में महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है, जिसने राजनीति, युद्ध, शांति, कूटनीति और सामाजिक जीवन की दिशा को गहराई से प्रभावित किया। यह दिन विशेष रूप से द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं के कारण चर्चित है, जब पूरी दुनिया ने युद्ध की भयावहता और वैश्विक शक्ति-संतुलन में हो रहे बदलावों को करीब से महसूस किया।1939 का 3 सितंबर यूरोप ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ लेकर आया। जर्मनी ने 1 सितंबर को पोलैंड पर आक्रमण कर दिया था, और इस आक्रामकता के खिलाफ ब्रिटेन तथा फ्रांस ने 3 सितंबर को जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। इस घोषणा के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की औपचारिक शुरुआत हो गई। इस युद्ध में जल्द ही सोवियत संघ, अमेरिका और एशियाई देशों की भागीदारी भी बढ़ी और यह विश्व स्तर पर फैला। इस युद्ध ने मानवता को सबसे बड़ा सबक दिया कि सत्ता और विस्तार की लालसा किस प्रकार करोड़ों निर्दोष लोगों के जीवन को निगल सकती है। छह वर्षों तक चले इस भीषण संघर्ष ने भू-राजनीतिक नक्शे को बदल दिया और अंततः संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन के गठन का मार्ग प्रशस्त किया, जिसका उद्देश्य विश्व में शांति और सहयोग को बढ़ाना था।3 सितंबर का दिन केवल युद्ध की भयावहता का ही प्रतीक नहीं रहा, बल्कि शांति और एकता के लिए किए गए प्रयासों को भी उजागर करता है। उदाहरणस्वरूप, युद्ध के बाद यूरोप में शांति बहाली की दिशा में उठाए गए कदमों ने यूरोपीय संघ के गठन की नींव रखी। यह दिन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि युद्ध की विनाशकारी परिणतियों से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग कितना आवश्यक है।इतिहास में इस दिन की एक और प्रमुख घटना 1783 में घटी, जब पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर किए गए। इस संधि के तहत अमेरिका और ब्रिटेन के बीच लंबे समय से चला आ रहा स्वतंत्रता संग्राम समाप्त हुआ और ब्रिटेन ने अमेरिका की स्वतंत्रता को औपचारिक मान्यता दी। यह केवल अमेरिकी इतिहास में ही नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति में भी एक नए युग की शुरुआत थी। अमेरिका धीरे-धीरे एक उभरती शक्ति के रूप में सामने आया और आने वाले वर्षों में उसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और अर्थव्यवस्था पर निर्णायक प्रभाव डाला।3 सितंबर का महत्व विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में भी देखा जा सकता है। समय के साथ यह दिन कई आविष्कारों, खोजों और महान व्यक्तित्वों की स्मृति से जुड़ गया। इतिहास के कुछ पन्नों में यह दिन कला और साहित्य की प्रगति से भी संबद्ध है, जहाँ विभिन्न देशों में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की झलक देखने को मिलती है। यह हमें यह समझने में मदद करता है कि मानव समाज केवल युद्ध और संघर्ष से ही नहीं, बल्कि ज्ञान, सृजन और सहयोग से भी आगे बढ़ता है।एशियाई इतिहास की दृष्टि से भी 3 सितंबर का महत्व उल्लेखनीय है। चीन और जापान के बीच हुए संघर्षों की स्मृति इस दिन से जुड़ी है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में जापान की हार के बाद एशियाई देशों में स्वतंत्रता आंदोलनों की लहर उठी। चीन ने भी अपने भीतर राजनीतिक परिवर्तनों को देखा और बाद में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व मंच पर स्थापित हुआ। इस प्रकार, 3 सितंबर एशियाई देशों के आत्मनिर्णय और स्वतंत्रता की लड़ाई का भी प्रतीक है।भारत के संदर्भ में 3 सितंबर का दिन विशेष रूप से इस कारण उल्लेखनीय है कि द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन की घोषणा के बाद भारत भी स्वतः युद्ध का हिस्सा बन गया था। उस समय भारत ब्रिटिश उपनिवेश था, और लाखों भारतीय सैनिकों को युद्ध में भाग लेने के लिए भेजा गया। इन सैनिकों ने एशिया, अफ्रीका और यूरोप के मोर्चों पर वीरता दिखाई, लेकिन उनकी इस भूमिका का राजनीतिक परिणाम यह हुआ कि भारत में स्वतंत्रता आंदोलन और अधिक प्रबल हुआ। भारतीय नेताओं ने यह प्रश्न उठाया कि यदि भारत युद्ध में योगदान दे सकता है, तो उसे स्वतंत्रता से क्यों वंचित रखा जाए? यह तर्क बाद में भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष का मजबूत आधार बना।इस दिन की ऐतिहासिक घटनाएँ हमें यह सिखाती हैं कि सत्ता और प्रभुत्व की राजनीति हमेशा विनाशकारी रही है।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# मोदी-पुतिन मुलाक़ात का हासिल

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का 2025 का शिखर सम्मेलन चीन के तियानजिन शहर में हुआ। दुनिया के कई बड़े नेता जुटे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी। इन दोनों की करीब 50 मिनट की मुलाक़ात ने सबका ध्यान खींचा। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाकर और मुस्कुराते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। जलने वाले जला करें!

प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'बेहतरीन' बताया। कहा कि भारत-रूस की साझेदारी 'विशेष और रणनीतिक' है; और क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए जरूरी भी। राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को 'प्रिय मित्र' कहकर संबोधित किया और कहा कि दोनों देशों के रिश्ते दशकों से मजबूत हैं; भरोसे और दोस्ती पर टिके हैं।इस मुलाक़ात के दौरान, दोनों ही ओर से व्यापार और आर्थिक सहयोग पर ख़ासा जोर दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देश व्यापार, उर्वरक, अंतरिक्ष, सुरक्षा और संस्कृति जैसे सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएँगे। भारत रूस से सस्ता तेल खरीदता रहा है, जो हमारी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करता है। लेकिन अमेरिका ने इस पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है, जो भारत के लिए चुनौती है। फिर भी प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि कठिन समय में भारत और रूस कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। यह बयान दिखाता है कि भारत अपनी विदेश नीति में स्वतंत्र रहना चाहता है, न कि किसी बड़े देश के दबाव में झुकना।

रूस के साथ हमारा व्यापार पिछले सालों में तेजी से बढ़ा है, और यह मुलाक़ात इसे और मजबूत करेगी। लेकिन सवाल यह है कि अमेरिकी टैरिफ से हमारी अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ेगा? अगर तेल महँगा हुआ तो महँगाई बढ़ सकती है, जो आम आदमी को परेशान करेगी। यानी, सरकार को सावधानी बरतनी होगी। शायद वैकल्पिक स्रोत ढूँढ़कर !दूसरा बड़ा मुद्दा यूक्रेन संघर्ष का था। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया। कहा कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है। उन्होंने हाल की शांति पहलों का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि जल्दी हल निकलेगा। राष्ट्रपति पुतिन के साथ यह चर्चा अहम है क्योंकि रूस इस युद्ध में उलझा है, और भारत ने कभी रूस की निंदा नहीं की, बल्कि संवाद का रास्ता चुना।

यह भारत की 'बहुपक्षीय' विदेश नीति का उदाहरण है। हम रूस के साथ दोस्ती रखते हैं, लेकिन यूक्रेन के साथ भी बात करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की हाल ही में यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से भी फोन पर बात हुई थी। वैसे कइयों का मानना है कि भारत को इस मामले मरीन ज्यादा सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, वरना हमारी छवि तटस्थ के बजाय पक्षपाती लग सकती है। ऐसे में, एससीओ जैसे मंच पर यह मुद्दा उठना अच्छा है, क्योंकि संगठन में रूस और चीन जैसे देश हैं, जो पश्चिमी दबाव का सामना कर रहे हैं। साथ ही, इस मुलाक़ात में सुरक्षा सहयोग पर बात हुई। यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिहाज से बड़ी बात है। याद रहे कि एससीओ समिट के तियानजिन घोषणा-पत्र में आतंकवाद की निंदा की गई, जिसमें अप्रैल 2025 के पहलगाम हमले का जिक्र है। एक और सकारात्मक बात। पुतिन दिसंबर 2025 में भारत आनेवाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय उनके दौरे का इंतजार कर रहे हैं। इससे दोनों देशों और नेताओं के रिश्तों की गहराई का पता चलता है।

अंततः यह भी कहना ज़रूरी है कि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और यूक्रेन संकट जैसे वैश्विक तनावों के बीच संतुलन बनाकर चलना भारत के लिए आसान नहीं है। बेशक, रूस के साथ मजबूत रिश्ते हमें ऊर्जा सुरक्षा देते हैं, लेकिन पश्चिमी प्रतिबंधों और ट्रंप के टैरिफ टैरर से होने वाले नुकसान की भरपाई आसान नहीं! इक आग का दरिया है और डूब के जाना है! (जिगर मुरादाबादी)

# एसआईआर की प्रक्रिया जारी रहने का आदेश स्वागत योग्य

ललित गर्ग

बिहार में चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया लगातार चर्चा में है। जहां एक तरफ इसे लेकर शुरू की गई कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में विपक्षी नेताओं की रैली के साथ समाप्त हुई, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर नए आदेश जारी करते हुए मतदाता सूची सुधार का कार्य आगे भी जारी रहने का निर्देश जारी किये हैं, यह निर्देश स्वागतयोग्य है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह पूरा प्रकरण आखिरकार कैसा मोड़ लेगा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर किस तरह का असर डालेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि बिहार के मतदाता 1 सितंबर के बाद भी दावा या आपत्ति कर सकेंगे। यह निर्देश बहुत जरूरी है, क्योंकि अभी भी राजनीतिक दलों की शिकायतें दूर नहीं हुई हैं। ज्यादातर आम लोगों की शिकायतों का निवारण कर दिया गया है, पर कुछ राजनीतिक पार्टियों के लिए एसआईआर की खामी एक बड़ा मुद्दा है। महागठबंधन में शामिल दल इस मुद्दे में विवाद खड़े करने में ही अपने चुनावी हित देख रहे हैं। हालांकि, न्यायालय ने उचित ही बताया है कि मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर असमंजस की स्थिति काफी हद तक 'विश्वास का मामला' है। इसका मतलब, जो राजनीतिक अविश्वास है, उसे दूर करने के लिए स्वयं दलों को सक्रिय होना पड़ेगा। न्यायालय की इस सलाह पर राजनीतिक दलों को गौर करना चाहिए और इस प्रक्रिया को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि चुनाव सुधार एक सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर सभी राजनीतिक दल यह ठान लें, तो चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सकता है। वास्तव में, मतदाता पुनरीक्षण का काम राजनीतिक दलों को अपने स्तर पर लगातार जारी रखना चाहिए, इससे लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित होगी एवं चुनाव की खामियों को सुधारा जा सकेगा। वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित रैली में विपक्षी नेताओं ने जो कुछ कहा, उससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गई इस प्रक्रिया के औचित्य को लेकर वे अभी आश्वस्त नहीं हैं। वैसे इस तरह की संवैधानिक प्रक्रियाओं को भी राजनीतिक रंग देना, विडम्बनापूर्ण है। इससे भी बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है विपक्षी नेताओं द्वारा कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग को आरोपों के दायरे में शामिल रखा जाना। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी नेता चुनाव आयोग और सरकार को घेरते हुए यह मुद्दा बार-बार उठाते रहेंगे। विपक्षी दल इस विषय में जिस तरह की नकारात्मकता दर्शा रहे हैं, वह भी प्रश्नों के घेरों में एवं अतिश्योक्तिपूर्ण है। क्योंकि यह अत्यंत सामयिक और संवेदनशील है। बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया, एक ओर मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने का प्रयास है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा इस प्रक्रिया को चुनौती देते हुए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकालना और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, लोकतंत्र की सेहत और स्थायित्व को धुंधलाता है।

सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का जहां तक सवाल है तो वहां भी विपक्षी दल और चुनाव आयोग एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाते नजर आए। जहां विपक्षी दलों के वकील इस प्रक्रिया की खामियों की ओर कोर्ट का ध्यान दिलाते रहे, वहीं चुनाव आयोग के वकील ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या इस प्रक्रिया में नहीं, बल्कि उस मानसिक सोच में है, जो आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। उनके मुताबिक दूसरे पक्ष की मानसिकता ही खोट निकालने की हो गई है। इसमें दो राय नहीं कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को यथासंभव उपयुक्त ढंग से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन यह देखना बाकी है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया में सभी पक्षों का विश्वास जीतने और सभी योग्य मतदाताओं की आशंकाएं दूर करने में किस हद तक कामयाब हो पाता है।

निश्चित ही पुनरीक्षण की प्रक्रिया में अभी तक के अनुभव मिले-जुले रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने बताया कि राजनीतिक दल सूची में मतदाताओं को शामिल करने के दावों के बजाय उन्हें हटाने की मांग करते हुए आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं। अगर चुनाव आयोग ने ज्यादा नाम काटे होते, तो नाम जोड़ने के लिए ज्यादा दावे होते। कांग्रेस को शायद अभी भी शिकायत है कि उसके एजेंटों के दावे पर गौर नहीं किया गया है। दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने कहा है कि दावे यथोचित प्रारूप में नहीं किए गए हैं। ऐसे में, चुनाव आयोग को कुछ उदारता बरतते हुए अपनी सूची का हकीकत से मिलान करना चाहिए। बिहार में ही बड़ी पार्टियों के तमाम बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) सक्रिय हो जाएं, तो मतदाता सूची को दोषरहित बना सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की भी यही मंशा है। मतदाता सूची को लेकर विवादों में पड़े रहना हर प्रकार से अफसोसजनक होगा, इससे हमारे लोकतंत्र की गरिमा घटेगी। गौर करने की बात है कि शीर्ष अदालत के निर्देश पर सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और पैरा लीगल स्वयंसेवकों को पुनरीक्षण में लगाया जाएगा। वास्तव में, पुनरीक्षण जल्दी संपन्न होना चाहिए, ताकि बिहार चुनाव में देरी न होने पाए।

चुनाव आयोग भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है। इसका दायित्व केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि चुनाव की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना भी है। मतदाता सूची में गड़बड़ी, डुप्लीकेट नाम, मृत व्यक्तियों के नाम, या फर्जी पंजीकरण जैसी समस्याएं अक्सर चुनावी निष्पक्षता पर प्रश्न उठाती रही हैं। ऐसे में एसआईआर जैसी प्रक्रिया को चुनाव आयोग द्वारा लागू करना आवश्यक कदम माना जा सकता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले पर्याप्त राजनीतिक परामर्श, जनजागरूकता और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई थी? यदि ऐसा नहीं हुआ, तो राजनीतिक दलों का असंतोष स्वाभाविक है। इसमें कोई शक नहीं कि पुनरीक्षण के मामले ने बिहार की राजनीति को गरमा दिया है। बिहार आज निर्णायक मोड़ पर है। विशेष रूप से जन सुराज पार्टी के जो तेवर हैं, उससे बिहारी राजनीति के पूरे कलेवर पर असर पड़ सकता है। बिहार का विकासोन्मुख होना जरूरी है। इस जरूरत को बिहार में नया और पुराना विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष भी नए सिरे से समझ रहा है। लोगों के लिए तो यही सबसे अच्छी बात होगी कि सभी राजनीतिक दल अपने मुद्दों में विकास और रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा को सबसे ज्यादा तरजीह दें। अब बड़ा प्रश्न है कि यदि सुप्रीम कोर्ट आयोग के पक्ष में निर्णय देती है, तो विपक्ष को अपने आंदोलन का औचित्य सिद्ध करना कठिन होगा। वहीं यदि अदालत को प्रक्रिया में खामियां मिलती हैं, तो आयोग की कार्यप्रणाली पर गहरे प्रश्न उठेंगे। विपक्ष की ओर से इसे सीधे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताना भी अतिशयोक्ति कहा जा सकता है।

## खबरें फटाफट

### जनपद कन्नौज स्थित सभी पैट्रोल पम्प मालिको के साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित



जिलाधिकारी कन्नौज आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जनपद कन्नौज स्थित सभी पैट्रोल पम्प मालिको के साथ सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नो हेलमेट नो फ्यूलः पर शत प्रतिशत कार्यवाही करने को लेकर की गई गोष्ठी। सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा वर्चुअल मीटिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपदीय सड़क सुरक्षा गोष्ठी में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 02.09.2025 को जिलाधिकारी कन्नौज व पुलिस अधीक्षक कन्नौज की संयुक्त अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जनपद कन्नौज के समस्त पैट्रोल पम्प स्वामियों एवं एआरटीओ, क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात, डीएफओ व यातायात प्रभारी कन्नौज के साथ मीटिंग की गई। जिसमें सभी पेट्रोल पंप के स्वामियों को *ःनो हेलमेट नो फ्यूलः* अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी पेट्रोल पंप के स्वामियों को अपने-अपने पेट्रोल पंप पर कम से कम एक माह की रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी पैट्रोल पंप मालिकों को अपने-अपने पैट्रोल पंप पर *ःनो हेलमेट नो फ्यूलः* से सम्बंधित फ्लेक्स बैनर लगवाने तथा इसे पूर्ण रूप से लागू करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा एआरटीओ कन्नौज एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कन्नौज को दो पहिया वाहनों पर हेलमेट की विशेष चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

### वाहन स्वामी द्वारा 7 दिन में अपने वाहन मुक्त न कराने पर गंगाघाट कोतवाली द्वारा होगी जल्द वाहनों की नीलामी




शुक्लागंज उन्नाव.सर्व साधारण को सूचित करते हुए कोतवाली गंगाघाट प्रभारी में बताया कि अंतर्गत धारा 207 MV एक्ट में दाखिल चार ई रिक्शा तथा दो पहिया सात वाहन थाना गंगाघाट परिसर पर खड़े हैं जिसे वाहन स्वामियों द्वारा मुक्त नही कराया गया आप अपने वाहन को सात दिवस के अंदर माननीय न्यायालय से वाहन अमुक्त करालें नहीं तो उक्त वाहनों की नीलामी कर दी जाएगी जिसमें ई-रिक्सा UP35T 5031 मो०सा० टी०वी०एस० UP35AQ 262 मो०सा० ग्लैमर बिना पहिये के UP35P 7895 मो०सा० पैशन एक्सप्रो.UP35AA 3911 मो०सा० अपाचे UP35AL 0137 ई-रिक्सा बिना नम्बर ई-रिक्सा UP35AT 0712 ई-रिक्सा UP78DN 9865 मो०सा० हीरो होण्डा पैशन UP78AF 5991 मो०सा० सी.डी. डिलक्स UP78BL 0937 मो०सा० डिस्कवर।

# सांसद जी ने की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह




कानपुर देहात जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद देवेन्द्र सिंह भोले की अध्यक्षता, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी कपिल सिंह की उपस्थिति में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन की समीक्षा करते हुए मा0 सांसद जी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग 15 दिन के भीतर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं तथा शिकायतों से सम्बन्धित जांच निर्धारित समयावधि में पूरी कर समिति को प्रेषित करें। जांच की सूचना संबंधित शिकायतकर्ताओं को भी दी जाए। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि दीपावली के बाद अगली बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर प्रबंधन, बीमा कम्पनियों द्वारा किसानों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने, उर्वरक की सुचारु उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया गया। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को समय पर लाभ पहुंचाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए। ड्रोन उड़ने की अफवाहों के सम्बन्ध में जनजागरूकता फैलाने एवं अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा नगर निकायों को विकास से सम्बन्धित विभिन्न जानकारियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सांसद भोले ने कहा कि समिति के समक्ष उठाए गए प्रत्येक बिंदु का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करते हुए जनसमस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी ढंग से करेंगे। सांसद ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस मौके सांसद देवेन्द्र सिंह भोले, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, विधान परिषद सदस्य अरूण पाठक, विधायक रसूलाबाद पूनम संखवार, सांसद प्रतिनिधिगण, दिशा के नामित सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण के साथ जिलाधिकारी कपिल सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय।

## मूलगंज थाने के दरोगा ने व्यक्ति को सड़क पर गिरते देख भांप लिया कि उसे हार्ट अटैक पड़ा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर में मंगलवार को एक व्यक्ति को हार्ट अटैक आ गया। वो बीच सड़क पर ही जमीन पर गिर गया। उसके पूरे शरीर में कंपन होने लगा। राहगीरों उसके पास भीड़ लग गई। वहां से एक दरोगा गुजर रहा था। उसे तुरंत उठाकर बगल की दुकान पर लेटाया। इसके बाद उसको CPR देने लगा। इसके बाद उसमें कुछ हलचल होने लगी। फिर उसे लेकर डॉक्टर के पास पहुंचा। जहां उसकी हालत खतरे के बाहर है। मूलगंज चौराहा पर मंगलवार दोपहर को एक दंपती आटो का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान अपनी पत्नी के साथ फुटपाथ पर खड़े व्यक्ति को सीने में दर्द उठा। अचानक से सड़क पर गिर गया। चौराहे पर मौजूद मूलगंज थाने के दरोगा रोहित तिवारी ने व्यक्ति को सड़क पर गिरते देख भांप लिया कि उसे हार्ट अटैक पड़ा है। दरोगा ने व्यक्ति को सड़क किनारे फुटपाथ पर रखी बेंच पर लिटा दिया। सीपीआर देने लगे। इसके साथ ही जिसे हार्ट अटैक आया था उनकी पत्नी ने भी मुंह से सांस दी। हालत सामान्य होते ही एंबुलेंस की मदद से उर्सला अस्पताल लेकर पहुंचे।

## आई.आई.टी. में मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु पुलिस उपायुक्त पश्चिम द्वारा दिशा-निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,पुलिस उपायुक्त पश्चिम, दिनेश त्रिपाठी द्वारा आई.आई.टी. कानपुर में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर महोदय ने कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, एवं वीआईपी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। कार्यक्रम की सफलतापूर्वक व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए गए सुरक्षा व्यवस्था कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सभी प्रवेश बिंदुओं पर मेटल डिटेक्टर और सुरक्षा जांच व्यवस्था की जाएगी। ट्रैफिक प्रबंधन कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक रूट निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित मार्गों पर पार्किंग की व्यवस्था नहीं होगी,और वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा। आपातकालीन सेवा चिकित्सा सेवाओं और एंबुलेंस की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रतिक्रिया टीम तैयार रहेगी। इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### भ्रमण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कानपुर,दिनांक 03.09.2025 को आई.आई.टी. कानपुर में माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार महोदय द्वारा कार्यक्रम स्थल, हैलीपैड, रूट व्यवस्था आदि का भ्रमण कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर आईआईटी कानपुर नगर के निदेशक प्रो. मनिन्द्र अग्रवाल, जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेंद्र प्रताप सिंह,मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर दीक्षा जैन,अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कपिल देव सिंह,अपर पुलिस उपायुक्त,अभिसूचना महेश कुमार एवं सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर रणजीत सिंह भी मौजूद रहे।

## पनकी धाम मंदिर अपने आप में ऐतिहासिक और पौराणिक होने के साथ ही चमत्कारी भी है

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार हनुमान जी की पूजा करने से सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति होती है आपको बता दे कि ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार हनुमान जी की पूजा के लिए विशेष माने जाते है। जिन्हें बड़ा मंगल या फिर बुढ़वा मंगल के नाम से जानते हैं। शहर में वैसे तो हनुमान जी कई मंदिर हैं,जो अपनी प्राचीनता और आस्था के लिए प्रसिद्ध हैं। बुढ़वा मंगल पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है ऐसा ही चमत्कारी हनुमान मंदिर पनकी धाम में हैं। वही मंदिर के महंत कृष्णदास जी महाराज ने बताया कि वैसे तो मंदिर में सालभर मंगलवार व आम दिनों में भीड़ रहती है, लेकिन बुढ़वा मंगल पर लाखों की संख्या में भक्त उमड़ते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त यहां पर आकर हनुमान जी के सच्चे मन से आराधना करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं इस बार भी पनकी धाम मंदिर में बुढ़वा मंगल के अवसर पर कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। देर रात मंगल आरती के बाद एक बजे बाबा को लड्डू का भोग लगने के बाद मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर के कपाट मध्य रात्रि 12:00 बजे पूजा-अर्चना के बाद बंद कर दिए जाएंगे। वही मंदिर के महंत कृष्ण दास जी महाराज बताते हैं कि यह मंदिर अपने आप में ऐतिहासिक और पौराणिक होने के साथ ही चमत्कारी भी है यह मंदिर करीब एक हजार वर्ष से ज्यादा पुराना है वही इस बुढ़वा मंगल पर यहां पर मेले का भी आयोजन होता है।

### विसर्जन में उत्साह का संगम देखने को मिला



कानपुर,गणेश महोत्सव के सातवें दिन मंगलवार को शहरभर में श्रद्धा और उत्साह का संगम दिखा। कैंट स्थित मैस्कर घाट पर गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से हुआ। भक्तों ने पूरे परिवार संग पहुंचकर गणपति बप्पा को विदा किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज,आतिशबाज़ी और 'गणपति बप्पा मोरया,अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। विसर्जन स्थल पर सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### आयकर कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित सफल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर आयकर कर्मचारी महासंघ, पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड सर्कल, कानपुर तथा मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अमरेंद्र शिवनाथ, अपर आयकर आयुक्त एवं सुरेश वर्मा, सहायक आयकर आयुक्त एवं अध्यक्ष, आयकर राजपत्रित अधिकारी महासंघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड यूनिट, कानपुर) ने संयुक्त रूप से किया। मेदांता हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम में हृदय रोग एवं फिजीशियन डॉ. विजय शर्मा, उप प्रबंधक अनुराग द्विवेदी, कैम्प कोऑर्डिनेटर राज, नर्सिंग स्टाफ सुश्री काजल एवं सुश्री टीना, तकनीशियन (PFT एवं BMD) विवेक एवं प्रदीप तथा सपोर्टिंग स्टाफ बजरंग राज सम्मिलित रहे। टीम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। समापन सत्र में राघवेन्द्र सिंह, संयुक्त आयकर आयुक्त एवं महासचिव, आयकर राजपत्रित अधिकारी महासंघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड यूनिट, कानपुर) तथा श्री शरद प्रकाश अग्रवाल, निवर्तमान आयकर अधिकारी एवं संयुक्त सचिव,आयकर अधिकारी महासंघ, पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड यूनिट ने मेदांता टीम को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, बृजेश कुमार, अध्यक्ष एवं सुनील कुमार, महासचिव, आयकर कर्मचारी महासंघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड सर्कल, कानपुर) ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'

Mob:-9760800271

मेष - कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

वृष - अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे।

मिथुन - कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

कर्क - कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

सिंह - रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

कन्या - धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी।

तुला - पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

वृश्चिक - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

धनु - हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे।

मकर - परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्घिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा।

कुंभ - विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

मीन - शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

# हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजनान्तर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर देहात महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार व जिलाधिकारी कपिल सिंह के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व मे ''संकल्प'' हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अन्तर्गत सितम्बर माह में 10 दिवसीय (दिनांक 02.09.2025 से 12.09.2025) विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसके क्रम में आज दिनांक 02.09.2025 को विकास खण्ड अकबरपुर के सभागार व जिला अस्पताल में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ़ वूमेन द्वारा विशेष अभियान चलाकर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मिशन समन्वयक प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं में जागरूकता, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास में वृद्धि तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी, साथ ही सामाजिक नीतियों से जुड़कर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाये जाने की विस्तृत जानकारी दी गयी है साथ ही अभियान के प्रमुख उद्देश्य के बारे में महिलाओं को किसी कार्य को करने की योग्यता शक्ति या सामर्थ्य की सभी नीतियों कानूनों व क्षमता निर्माण हेतु महिला-केंद्रित योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी दी गयी है। कार्यक्रम मे जेंडर स्पेशलिस्ट निधि यादव द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित महिला हेल्प लाईन व महिलाओं/बालिकाओं से सम्बंधित कानून व योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, टोल फ्री नं0 1098,181,1076,112,108,1090 आदि के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सहायक पंचायत अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक समन्वयक, ब्लॉक मिशन समन्वयक, महिला कल्याण विभाग से जिला मिशन समन्वयक, जेंडर स्पेशलिस्ट, समूह की महिलायें आदि उपस्थित रही।

# गठिया के खिलाफ सत्या की कार्यशाला में विशेषज्ञ अग्रवाल की पुस्तक गठिया पर विजय का हुआ

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




कानपुर। गठिया आज विश्व की तेज बढ़ती हुई बीमारी है। विश्व में इनकी संख्या लगभग 60 है ,जिनके इलाज आदि में पूरे विश्व की 1.5% इकॉनमी इसमें खर्च हो जाती है। इनमें से 30 प्रतिशत यानी लगभग 18 करोड़ गठिया रोगी अपने भारत में हैं। जोकि देश के लिए भी बड़ा भार भी हैं। वे देश की जीडीपी में अपना समुचित योगदान भी नहीं दे पा रहे हैं। इसी लिए देश के नीति निर्धारकों को इस ज्वलंत मुद्दे पर शीघ्रता से पॉलिसी बनाने की भी आवश्यकता है। जहां तक इस संबंध में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का सवाल है। हाल फ़िलहाल उसने गठिया के रोग को 90 फीसदी से ज्यादा खत्म करने का विकल्प निकाल लिया है। यह बात यहां सामाजिक चेतना के इरादे से जानी मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीषा अग्रवाल की अगुवाई में गठिया विषय पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए 20 हजार से ज्यादा सर्जरी करके एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने वाले बर्रा 6 स्थित सत्य हॉस्पिटल के डायरेक्टर और जाने माने प्रत्यारोपण व घुटने के विशेषज्ञ डॉ ए के अग्रवाल ने कही। गठिया, नी रिप्लेशमेंट, हिप रिप्लेशमेंट, आर्थोस्कोपिक सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशन कर मरीजों को शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने वाले डॉक्टर ए के अग्रवाल की टीम सत्य हॉस्पिटल में अब एक ऐसी आधुनिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण कर रहे हैं ,जिससे गठिया रोगी ऑपरेशन के तुरंत बाद खड़ा होकर चलने भी लग जाता है। बूढे व वृद्ध लोगों के गठिया जैसी बीमारी का सफल घुटना प्रत्यारोपण या अन्य ऑपरेशन से उन्हें न केवल अपनी सामान्य जिदंगी प्रदान करने बल्कि उन्हें 30 साल का नौजवान भी महसूस कराने वाले विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टर एके अग्रवाल की वजह से ही चलने फिरने में बिल्कुल असमर्थ किदवई नगर निवासी एक 72 वर्षीय महिला ,गोविंद नगर निवासी मिसज़ सप्रा भी घुटनों की पीड़ा से मुक्त होकर अब खुशहाल जीवन यापन कर रही हैं।

इस कार्यक्रम को आए हुए अन्य विशेषज्ञों ने भी संबोधित किया। साथ ही कानपुर समेत पूरे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सफल ऑपरेशन का लाभ उठा चुके मरीजों, निकट भविष्य में गठिया जैसी बीमारी से निजात पाने के लिए ऑपरेशन की तैयारी कर रहे लोगों के बीच खेल कूद व मनोरंजक कार्यक्रमों को भी आयोजित कर उनमें गठिया के खिलाफ सफलता का उत्साह भी भरा गया। इसमें संवाद के जरिए घुटना प्रत्यारोपण के भय भी निजात दिलाई गई। हर दृष्टिकोण से गठिया के खिलाफ बहुत सफल इस आयोजन में डॉक्टर ए के अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तक गठिया पर विजय का विमोचन और उसका वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों ने न केवल विभिन्न खेलों का आनन्द उठाया बल्कि गठिया रोग से दुख से आनन्द में बदलने की अपनी कहानियों को भी साझा किया।

# त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु पुलिस अधिकारियों की पीस कमेटी के साथ गोष्ठी

**सभी समुदायों से अपील की कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं**



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। आगामी त्योहारों गणेश चतुर्थी और ईद-मिलादुन्नबी के दृष्टिगत शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह तथा पुलिस अधीक्षक यातायात सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। गोष्ठी में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, पीस कमेटी के सदस्यों, धर्मगुरुओं और जुलूस आयोजकों को आमंत्रित किया गया था। बैठक में अधिकारियों ने सभी समुदायों से अपील की कि त्योहारों को आपसी भाईचारे,शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। साथ ही, जुलूसों के आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि प्रशासन सभी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। और किसी भी प्रकार की अफवाह या उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से सोशल मीडिया पर भी संयम बरतने और किसी भी भ्रामक सूचना से बचने की अपील की।अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि पुलिस-प्रशासन जनता के सहयोग से सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# करोड़ों खर्च के बाद भी मुरादाबाद नहीं बन सका स्मार्ट सिटी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में 2 दिन से जारी मूसलाधार बारिश ने स्मार्ट सिटी की पोल खोल दी है। महानगर की आधे से अधिक कॉलोनियों और 50 से अधिक मोहल्ले में जल भराव हो गया है। यही स्थिति प्रमुख बाजारों की भी है। सोमवार तड़के शुरू हुई तेज बारिश शाम तक लगातार जारी रही थी। कुछ घंटे रुकने के बाद रात्रि में फिर बारिश शुरू हो गई थी, जो मंगलवार को दोपहर तक जारी है। लोगों ने आरोप लगाए कि नगर निगम ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत करोड़ रुपये पीतलनगरी को स्मार्ट बनने में खर्च किए लेकिन जल निकास की कोई भी समुचित व्यवस्था नहीं बना पाए।

जिले में एक दिन पूर्व सोमवार सुबह से जारी हुई बारिश ने महानगर को पानी से लबालब कर दिया था। बारिश का पानी सिर्फ सड़कों तक ही सीमित नहीं था बल्कि शहर के निचले इलाकों और बाजार की दुकानों में भी प्रवेश कर गया था। गली-मोहल्ले हो या पाश कालोनियां सभी जगह के बाशिंदों को इस बारिश के पानी ने घरों में कैद कर दिया था। रामगंगा विहार कॉलोनी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम पानी से लबालब भर गया है। जिसके कारण खिलाड़ी कई अभ्यास करने से वंचित रहेंगे। देर रात्रि भी बारिश जारी रही और जनपद को थाम दिया। बारिश से कई कालोनियां, गली-मोहल्ले, अपार्टमेंट, बाजार आदि कई इलाके पानी में डूब गए वहीं देहात क्षेत्र में भी कई गांवों में बारिश का पानी भर गया। महानगर में एमडीए की रामगंगा विहार, दीनदयाल नगर, आशियाना कॉलोनी, नवीन नगर, अवंतिका कालोनी, आवास विकास की बुद्धि विहार, बंगला गांव, दौलत बाग बिजली घर के पास, जेल रोड, जीएमडी रोड नवाबपुरा, डिप्टीगंज, मंडी चौक और टाउन हाल इलाके जलमग्न हो गए और कोर्ट रोड स्थित पशु चिकित्सालय परिसर तक पानी से लबालब भर गया।

# प्राथमिक विद्यालय की टूटी बाउंड्री वॉल से बच्चों की सुरक्षा खतरे में

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुंढापांडे। ग्राम पंचायत मिलक मनकरा के प्राथमिक विद्यालय मिलक की बाउंड्री वॉल पिछले दो माह से गिरी हुई है। टूटी हुई दीवार के कारण विद्यालय का पूरा परिसर असुरक्षित हो गया है। विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे रोज़ाना खतरे के साए में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत मिलक मनकरा का प्राथमिक विद्यालय क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र है। जहाँ बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। लेकिन विद्यालय की बाउंड्री वॉल दो माह पहले गिर जाने के बाद से अब तक इसका पुनर्निर्माण नहीं कराया गया है। इसके चलते विद्यालय परिसर पूरी तरह खुला पड़ा है, जिससे जहरीले सांप, केंचुए और अन्य खतरनाक कीड़े-मकोड़े आए दिन विद्यालय में घुस आते हैं।विद्यालय के शिक्षक और ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बच्चों को सांप और कीड़े-मकोड़े कक्षाओं के अंदर तक दिखाई दिए हैं। इससे अभिभावकों में गहरी चिंता बनी हुई है। लोग डर के कारण बच्चों को विद्यालय भेजने से भी हिचकिचा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है और बच्चों की जान पर बन सकती है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालय की बाउंड्री वॉल का तुरंत पुनर्निर्माण कराया जाए।

# गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया, धूमधाम के साथ किया गणपति विसर्जन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। नगर के बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर से धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ के गणपति बप्पा की शोभायात्रा निकालकर श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी में विधि विधान के साथ श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया। श्रद्धालुओं ने रंग गुलाल उड़ा कर धार्मिक धुनों पर नृत्य करते हुए शोभायात्रा निकाली। मंगलवार को नगर के मोहल्लाबड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर से गणपति बप्पा की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर रंग गुलाल उड़ाते हुए धार्मिक धुनों पर नृत्य करते हुए शोभायात्रा निकाली और गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया के जयकारे लगाए। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा बुध बाजार, एसडीएच इंटर कॉलेज, कोतवाली गेट, बुध बाजार,पिपल टोला होते हुए श्रद्धालु गणेश प्रतिमा को लेकर सुरजन नगर से आगे पहुंचे। वहां पहुंचकर रामगंगा नदी में श्री गणेश प्रतिमा का विधि विधान के साथ विसर्जन किया। इस दौरान पंडित अनुज शर्मा, मनीष अग्रवाल ,अनुज सक्सेना ,अशोक गहलोत, दीपक , सिद्धार्थ चौरावल,जतिन शर्मा, शगुन गुप्ता, रितेश शर्मा ,उत्कर्ष चौरावल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## पैर में गोली मारने का आरोपी पकड़ा

मुरादाबाद। वादी बब्बू राणा पुत्र अशोक कुमार राणा निवासी मण्डी बांस महल सराय मण्डी चौक थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के छोटे भाई के साथ मारपीट कर उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से गोली मारने, जिससे वादी के भाई के बाये पैर में गोली लगने से घायल हो जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त मंगलवार को उ0नि0 अर्जुन सिंह थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र स्व श्यामबाबू शर्मा निवासी राधाकृष्ण मंदिर के पीछे सैक्टर 9बी ,770 बुद्धि विहार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

## खबरें फटाफट

### ठाकुरद्वारा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता निशोरी सिंह कार्यमुक्त

ठाकुरद्वारा। विद्युत वितरण खंड ठाकुरद्वारा (ग्रामीण) में तैनात अवर अभियंता निशोरी सिंह को उनके पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। यह आदेश मुरादाबाद क्षेत्र के मुख्य अभियंता वितरण के पत्र संख्या–5992 दिनांक 30 अगस्त 2025 के अनुपालन में जारी किया गया है। अधिशासी अभियंता राहुल सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार निशोरी सिंह को 1 सितंबर 2025 से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें अपने आगामी कार्यभार हेतु विद्युत वितरण मंडल सम्भल में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि कार्यमुक्ति की सूचना अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल–प्रथम मुरादाबाद एवं सम्बंधित उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

### कोषागार बिल्डिंग का होगा जीर्णोद्धार, कोषागार कार्यालय अस्थाई रूप से तहसील सदर में होगा शिफ्ट



मुरादाबाद। कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कोषागार कार्यालय को अस्थाई तौर पर तहसील सदर परिसर में स्थानांतरित करने के संबंध में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने आदेश जारी कर दिए हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि कोषागार कार्यालय मुरादाबाद की बिल्डिंग में पुनर्निर्माण,मरम्मत से संबंधित कार्य कराए जाने हैं। पुनर्निर्माण एवं मरम्मत अवधि के दौरान कोषागार कार्यालय स्तर से संपादित होने वाले कार्यों को निर्बाध रूप से संपादित कराने के उद्देश्य से कोषागार कार्यालय को तहसील सदर मुरादाबाद के प्रथम तल पर कक्ष संख्या-15, कक्ष संख्या-17, कक्ष संख्या-18 और दो अन्य कक्षों को कोषागार के शासकीय कार्यों के लिए आवंटित कर दिया गया है।

## महिला हॉकी प्रतियोगिता का ट्रायल्स 04 सितंबर से

मुरादाबाद। पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 08 से 13 सितम्बर तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मण्डलीय टीम के चयन हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन,ट्रायल्स निम्नानुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्पोट्स स्टेडियम मुरादाबाद में आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता जनपद स्तरीय ट्रायल्स की तिथि 04 सितंबर समय ग्यारह बजे तथा मण्डल स्तरीय ट्रायल्स की 06 सितम्बर, पूर्वान्ह 11 बजे नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद में आयोजित होंगे। उक्त जानकारी सुनील कुमार सिंह क्रीडा अधिकारी, मुरादाबाद दुवारा दी गई।

# अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। थाना कटघर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के पास से एक तेजधार अवैध चाकू बरामद किया गया है। यह चाकू आम जनता की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह चाकू लेकर कहां जा रहा था और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध हथियारों की सूचना मिले, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# मुरादाबाद रेल मंडल से होकर चलेंगी 6 स्पेशल फेस्टिवल एक्सप्रेस ट्रेनें



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि आगामी त्योहारों शारदीय नवरात्र, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा, गंगास्नान के मद्देनजर मुरादाबाद रेल मंडल से होकर गुजरने वाली 6 स्पेशल फेस्टिवल एक्सप्रेस चलाई जाएंगी।

सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04504/04503 चंडीगढ़-पटना-चंडीगढ़ आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस चंडीगढ़ से 25 सितंबर से 27 नवंबर के बीच प्रत्येक गुरुवार को और पटना से 26 सितंबर से 28 नवंबर के बीच प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। दोनों ट्रेन 10-10 फेरे लगाएंगी। रेलगाड़ी संख्या 04608/04607 अमृतसर-छपरा-अमृतसर आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस अमृतसर स्टेशन से 28 सितंबर से 30 नवंबर के बीच प्रत्येक रविवार को और छपरा स्टेशन से 29 सितंबर से 1 दिसंबर के बीच प्रत्येक सोमवार को चलेंगी, दोनों ट्रेन 10-10 फेरे लगाएंगी।

05736/05735 कटिहार-अमृतसर-कटिहार फेस्टिवल स्पेशल कटिहार से 17 सितंबर से 5 नवंबर के बीच (24 सितंबर को छोड़कर) और ट्रेन संख्या 05735 अमृतसर से 19 सितंबर से 7 सितंबर से बीच प्रत्येक शुक्रवार को (26 सितंबर को छोड़कर) चलेंगी, दोनों ट्रेन 7-7 फेरे लगाएंगी।

# अबीर–गुलाल उड़ाते हुए रामगंगा में किया गया गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। पीतलनगरी मुरादाबाद में मंगलवार को काफी संख्या में विभिन्न समितियों व सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए डीजे पर बज रहे हैं भजनों पर नाचते गाते हुए गणपति प्रतिमा का विसर्जन रामगंगा विहार कालोनी सिंह रामगंगा नदी, कटघर में अटल घाट स्थित रामगंगा नदी में किया। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ...., एक दो तीन चार गणेश जी की जय जयकार... आदि जयकारों के साथ गणपति प्रतिमा गंगा जी में प्रवाहित की। मुरादाबाद महानगर में काफी संख्या में विभिन्न समितियों द्वारा बीते सप्ताह गणेश चतुर्थी पर सामूहिक रूप से बड़े पंडाल में गणेश प्रतिमा विधि विधान से स्थापित की थी इसके साथ ही हजारों श्रद्धालुओं ने उसी दिन अपने घरों के मंदिर में भी गणपति जी को विराजमान किया था। आज मंगलवार को प्रतिमा स्थापना के 7 दिन पूरे होने पर विधि-विधान से हवन-आरती के बाद गणपति प्रतिमा का महानगर में विभिन्न स्थानों से होकर निकल रही रामगंगा नदी में किया।

गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़ों, डीजे, बैंड बाजे के साथ नाचते-गाते हुए अबीर-गुलाल उड़ाते विसर्जन यात्रा निकाली। सभी भक्त गजानन की प्रतिमा को लेकर रामगंगा विहार कालोनी रामगंगा नदी, लालबाग में रामगंगा घाट पर और कटघर में अटल घाट स्थित रामगंगा नदी पर पहुंचे। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा की आरती की और फिर विधि-विधान से रामगंगा में विसर्जन किया।

# निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में निर्यातकों के साथ बैठक संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस अरशद



मुरादाबाद। मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मण्डल के सभी जनपदों के प्रमुख निर्यातकों के साथ आयोजित बैठक के दौरान विदेश में निर्यात को बढ़ाने के सम्बन्ध में सुझाव एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्यातकों द्वारा अपने-अपने जनपदों से देश-विदेश में हो रहे निर्यात को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में अपने सुझाव मण्डलायुक्त मुरादाबाद के साथ साझा किए गए।

जनपद मुरादाबाद के निर्यातकों ने बताया कि अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ से हस्तशिल्प इकाईयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे निर्यातकों के अत्याधिक आर्डर होल्ड पर हैं तथा नए ऑर्डर मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इससे जनपद में रोजगार पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसके साथ ही निर्यातकों द्वारा इनकम टैक्स सब्सिडी, कच्चा माल खरीदने में 10 प्रतिशत सब्सिडी और फेयर सब्सिडी में बढ़ोत्तरी कराए जाने का आग्रह भी किया गया। निर्यातकों ने बताया कि अन्य विभागों से अधिकारी फैक्ट्रियों का सर्वे करने आते हैं। जिनसे इकाईयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उनके द्वारा यह अनुरोध किया गया कि डीआईसी को सिंगल विंडो के माध्यम से एवं डीआईसी से अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही सर्वे आदि कराया जाना उचित होगा। इसके साथ ही जनपद बिजनौर के डिवीजनल चैयरमैन आईआईए द्वारा प्रदेश में विगत कई वर्षों से कार्यरत सैकड़ों गुड़ एवं खंडसारी औद्योगिक इकाईयों के हित में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति - 2023 का प्रभावी क्रियान्वयन कराकर इन इकाईयों को मण्डी शुल्क एवं विकास शुल्क की देयता से मुक्त रखने हेतु एवं उद्योग को मण्डी शुल्क के बोझ से राहत देने हेतु पैराई सत्र 2023-24 व 2024-25 की लंबित समाधान योजना को लागू कराने का अनुरोध किया गया। इसके साथ ही बिजनौर में लगभग 2 वर्ष से भी अधिक समय से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व पर्यटन इकाईयों की स्थापना में नीति सीमा क्षेत्र को लेकर उत्पन्न हो रहे अवरोध को दूर करने का भी आग्रह किया गया। रामपुर के निर्यातकों ने मैंथॉल पर 50 प्रतिशत टेरिफ को लेकर कहा कि इससे जनपद के रोजगार में कमी आयी है तथा जनपद का निर्यात घटा है तथा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निर्यातकों ने कहा कि फेट एण्ड लॉजिस्टक सब्सिडी को बढ़ाया जाये।

मण्डलायुक्त द्वारा सभी निर्यातकों की समस्याएं और सुझावों को सुनने के बाद उसका समाधान कराने का आश्वासन दिया गया तथा मण्डलायुक्त ने निर्यातकों को अमेरिका के साथ-साथ अन्य देशों के साथ भी निर्यात बढ़ाने तथा हस्तशिल्प के डिजाइनों में न्यू इनोवेसन पर ध्यान देने के लिए कहा। इसके साथ ही निर्यातकों द्वारा जल भराव की समस्या एवं 100 बेड ईएसआई हॉस्पिटल तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं के विषय में भी मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया।

## पड़ोसी पर लगाया छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप

ठाकुरद्वारा। महिला ने पड़ोसी पर गाली गलौच करते हुए घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरद्वारा स्योहारा मार्ग स्थित एक गांव निवासी महिला ने पुरुष को शिकायती पत्र देकर कहा कि सोमवार की शाम में अपने घर पर अकेली थी करीब 7:00 बजे उसका पड़ोसी उसके घर में घुस आया और गाली गलौच करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
43
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561 Greater Kailash-II New Delhi-110048
15/240 Civil Lines Kanpur 208001
facebook

# गोंडा में विद्युत विभाग का औचक निरीक्षण, 17 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए



- एक अधिकारी और 16 कर्मचारी अनुपस्थित, स्पष्टीकरण मांगा गया
- अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही, अनुशासन पर जोर

गोंडा। आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील द्वारा पूर्वान्ह 10:30 बजे के करीब विद्युत विभाग, गोंडा के विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन/निरीक्षण किया गया। इस दौरान लापरवाही उजागर हुई और कुल 17 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।आयुक्त के निरीक्षण में कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 6 कर्मचारी अनुपस्थित पाए। इसी प्रकार कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण में 2 कर्मचारी, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम में 7 कर्मचारी तथा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय में 2 कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद नहीं मिले।

कुल मिलाकर एक अधिकारी और 16 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के बाद सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अनुपस्थित पाए गए सभी अधिकारी-कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यह सख्त कदम विभागीय अनुशासन और कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।आयुक्त ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से भी कार्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी समय से उपस्थित नहीं होता है, तो उसका स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और आवश्यकतानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।आयुक्त ने साफ कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी कार्यों में देरी से जनता को असुविधा होती है, इसलिए सभी कर्मचारियों को समयपालन को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को भी निर्देशित किया है कि उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और अनुपस्थित या देर से आने वाले कार्मिकों के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इससे प्रशासनिक कार्यकुशलता और जनता को मिलने वाली सेवाओं में सुधार होगा।

## सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 'हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं' अभियान शुरू

लखनऊ, एक सितंबर (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को एक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान 'हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं' शुरू किया। महीने भर चलने वाले इस अभियान के तहत पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन सवार लोगों को ईंधन नहीं मिलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा और जिला सड़क सुरक्षा समितियों के समन्वय में जिलाधिकारियों की निगरानी में सभी 75 जिलों में लागू किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में वर्ष 2023 में 44,534 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 41,746 था। ऐसे हादसों के मामले में उत्तर प्रदेश देश में चौथे स्थान पर है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नागरिकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन विश्वविद्यालयों में 948 नए पद सृजित करने की मंजूरी दी



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने मुरादाबाद के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय और बलरामपुर के मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में कुल 948 नए पद सृजित करने की मंजूरी दी है।

मंत्री ने बताया कि इन पदों में शिक्षणेत्तर के 468 और अनुबंधित आधारित 480 पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम से विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक और कार्यात्मक व्यवस्था मजबूत होगी, शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उपाध्याय ने एक बयान में कहा, ''प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार दोनों उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विश्वविद्यालयों में नए पदों का सृजन इसी दिशा में एक ठोस कदम है, जो उच्च शिक्षा को मजबूत और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।''

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर के 156 अस्थायी पद सृजित किए गए हैं, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे और आवश्यकतानुसार समाप्त भी किए जा सकते हैं।

मंत्री ने कहा, ''इन पदों में फार्मासिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, अवर अभियंता, आशुलिपिक, सहायक लेखाकार, कनिष्ठ सहायक, लैब तकनीशियन, लैब सहायक, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, वैयक्तिक सहायक, लेखाकार, प्रधान सहायक, चिकित्साधिकारी और स्टाफ नर्स शामिल हैं।''

उन्होंने बताया कि इन पर भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से, सीधी भर्ती, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया से की जाएगी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में 160 पद अनुबंध से भरे जाएंगे। कंप्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छकार, चौकीदार, माली, चपरासी, वाहन चालक और पुस्तकालय परिचर जैसे पद अनुबंध के आधार पर भरे जाएंगे।

आउटसोर्सिंग की प्रक्रिया 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी।

# घाघरा खतरे के निशान से 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंचा, 28 बाढ़ चौकियां सक्रिय

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- तटीय इलाकों की निगरानी तेज

गोंडा।जिले में घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है।गिरजा, शारदा और सरयू बैराज से 3 लाख 47 हजार क्यूसेक पानी पिछले 24 घंटे में घाघरा नदी में छोड़ा गया है।

जिला प्रशासन ने करनैलगंज व तरबगंज तहसील को अलर्ट मोड में कर दिया है तथा सभी 28 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है।इन चौकियों पर 100 से अधिक राजस्व कर्मचारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की तैनाती की गई है।

तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को नदी के बढ़ते जलस्तर के बारे में सूचित किया जा रहा है। बाढ़ खंड व सिंचाई विभाग तटबंध का निरीक्षण कर रहे हैं और जहाँ कहीं भी तटबंध में कोई समस्या मिल रही है उसे तत्काल ठीक किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार के अनुसार नेपाल द्वारा और बैराजों से पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि जलस्तर और बढ़ने से गांवों में पानी भर सकता है।इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो सकती है।बच्चों को स्कूल जाने और पशुओं के लिए चारा लाने में भी दिक्कत आ सकती है।

प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और स्थिति पर लगातार नजर रखा जा रहा है।जिलास्तरीय कंट्रोल रूम के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जा रही है।

## 'मेटा अलर्ट' के बाद पुलिस ने नाकाम की छात्रा की आत्महत्या की कोशिश

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश पुलिस ने 'मेटा अलर्ट' के बाद सिर्फ 16 मिनट में एक छात्रा की आत्महत्या की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह मामला रविवार का है जब पुलिस को सोशल मीडिया कंपनी 'मेटा' की तरफ से जारी चेतावनी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए बीए प्रथम वर्ष की 20 वर्षीय छात्रा को आत्महत्या करने से रोक दिया। पुलिस ने बताया कि यह बचाव एक व्यापक पहल का हिस्सा था, जिसके तहत 'फेसबुक' और 'इंस्टाग्राम' पर आत्महत्या से संबंधित पोस्ट के आधार पर अलर्ट जारी किया जाता है। इसकी मदद से पुलिस ने जनवरी 2023 से अब तक राज्य में 1,315 लोगों को बचाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह ताजा घटना 31 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर सामने आई, जब मेटा ने राज्य पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर को एक ईमेल अलर्ट भेजा।

# बेहतर पहल: 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' के शासनादेश पर 8 माह बाद चेता प्रशासन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोण्डा।परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद गोण्डा में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु एक विशेष अभियान ''नो हेलमेट, नो पेट्रोल'' प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि यदि कोई भी दो पहिया वाहन चालक या उसका सहयात्री बिना हेलमेट के पेट्रोल पम्प पर आता है, तो ऐसे वाहनों में किसी भी स्थिति में ईंधन की आपूर्ति न की जाए।

शासन द्वारा यह भी निर्देश प्राप्त हुआ है कि जनपद 01 सितंबर, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक नो हेलमेट न पेट्रोल अभियान चलाया जाए। ताकि लोगों में जागरूकता फैले। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया है कि जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामी अपने-अपने पेट्रोल पम्प प्रांगण में बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाकर इसके संबंध में लोगों को जागरूक करें।यहाँ यह बताना आवश्यक है कि प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने जनवरी माह में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, संभागीय परिवहन अधिकारियों व जिला पूर्ति अधिकारियों को पत्र जारी कहा था कि किसी भी दोपहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट के पेट्रोल न दिया जाए।

यह निर्णय प्रदेश में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है। हेलमेट न केवल वाहन चालक की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि गंभीर चोट से भी बचाव करता है। अतः यह अनिवार्य है कि दो पहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठा सहयात्री दोनों हेलमेट धारण करें।जिलाधिकारी गोण्डा ने समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देशित किया है कि इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

साथ ही, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समय-समय पर पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया जाएगा, तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पम्प के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु सदैव हेलमेट का प्रयोग करें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यह केवल एक नियम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रयास है। परिवहन विभाग गोंडा द्वारा जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों को इस अभियान के संबंध में कड़ाई से पालन करने के लिए आदेश जारी कर दिया गया है।

*''आपकी सुरक्षा, आपका अधिकार है — हेलमेट पहनिए, जीवन बचाइए।''*

# पंचायत निर्वाचन नियमावली के बृहद पुनरीक्षण के संबंध में जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक सम्पन्न



- ई-बीएलओ ऐप को बीएलओ व सुपरवाइजरों के मोबाइल में अनिवार्य रूप से कराएं डाउनलोड-जिलाधिकारी

**गोण्डा।** सोमवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में पंचायत निर्वाचन नियमावली के बृहद पुनरीक्षण-2025 के तहत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों, बीडीओ, संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं निर्वाचन से जुड़े कर्मियों ने प्रतिभाग किया।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत निर्वाचन नियमावली के अंतर्गत चल रहे पुनरीक्षण कार्यों को समयबद्ध व शत-प्रतिशत गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ई-बीएलओ (e-BLO) ऐप को बीएलओ व सुपरवाइजरों के मोबाइल में अनिवार्य रूप से डाउनलोड कराएं तथा ऐप के माध्यम से 100% उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। यह व्यवस्था निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और उत्तरदायित्वपूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ एवं सुपरवाइजरों द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे सर्वे कार्य की प्रगति की सप्ताहिक समीक्षा की जाए। प्रत्येक उपजिलाधिकारी अपने-अपने तहसील क्षेत्र में किए जा रहे पुनरीक्षण कार्यों की निगरानी करें और समय-समय पर फीडबैक जिलास्तर पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित प्रारूपों में आंकड़ों को अद्यतन किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब न हो।बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी बीएलओ अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय रूप से भ्रमण कर योग्य मतदाताओं का नाम शामिल करें एवं अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संपन्न करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी तत्काल सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को दी जाए ताकि समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मंत्रिमंडल ने पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे पर स्टाम्प शुल्क की सीमा तय की

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने परिवारों को बड़ी राहत देते हुए संपत्ति के बंटवारे में दस्तावेजों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क की सीमा पांच हजार रुपये तय करने को मंगलवार को मंजूरी दे दी।

राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि अब तक संपत्ति के बंटवारे पर संपत्ति के मूल्य पर चार प्रतिशत स्टाम्प शुल्क और एक फीसद पंजीकरण शुल्क लगाया जाता था, जिसकी वजह से परिवार संपत्ति के दस्तावेज दर्ज कराने से हतोत्साहित होते थे और दीवानी व राजस्व अदालतों में विवाद बढ़ते थे।

बयान में कहा गया है कि इस नए प्रावधान से मुकदमेबाजी कम होने, सौहार्दपूर्ण समाधान होने, भूमि और राजस्व रिकॉर्ड को अपडेट करने और बाजार में संपत्तियों की उपलब्धता आसान होने की उम्मीद है।

# लखनऊ और कानपुर के 10-10 मार्गों पर ई-बसों का संचालन निजी ऑपरेटर करेंगे; मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य की राजधानी लखनऊ और औद्योगिक नगरी कानपुर में 10-10 मार्गों पर निजी ऑपरेटर के माध्यम से इलेक्ट्रिक बस के संचालन संबंधी प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि नगरीय इलाकों में लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए 'शुद्ध लागत अनुबंध आधारित मॉडल' के आधार पर इलेक्ट्रिक बस के संचालन का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है।

शर्मा ने बताया, ''प्रस्ताव के अनुसार सरकार निजी ऑपरेटर को लाइसेंस देगी और वे (निजी ऑपरेटर) अपने घाटे-मुनाफे के आधार पर काम करेंगे। सरकार उन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं देगी। केवल उन्हें वैधानिक सहयोग और ई-चार्जिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निजी ऑपरेटर सारा खर्च उठाएंगे।'' उन्होंने बताया कि इस मॉडल के तहत कानपुर और लखनऊ के 10-10 मार्गों पर यह सुविधा शुरू करने की योजना है।

मंत्री ने बताया कि निजी ऑपरेटर का चयन निविदा के आधार पर किया जाएगा और जो सबसे किफायती भाड़े की पेशकश करेगा, उसे चुना जाएगा। उन्होंने कहा, ''एक बस की कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये होगी। हम निजी ऑपरेटर के साथ 12 वर्ष का अनुबंध करेंगे। भाड़ा तय करने का अधिकार सरकार के पास होगा।''

उन्होंने बताया कि लखनऊ में जिन मार्गों पर ये बस संचालित की जाएंगी, उनमें चारबाग से बाराबंकी, कमता से हवाई अड्डा, बालागंज से मोहनलालगंज, घंटाघर से मॉल, स्कूटर इंडिया से इंजीनियरिंग कॉलेज, चारबाग से देवा और चारबाग से कुर्सी रूट शामिल हैं।''

मंत्री ने बताया कि इसी तरह कानपुर में रामादेवी से जहानाबाद, घंटाघर से अकबरपुर, कानपुर रेलवे स्टेशन से बिंदकी, बिठूर, घाटमपुर, आईआईटी और घंटाघर से मूसानगर समेत 10 मार्ग इस परियोजना में शामिल किए गए हैं।

# आउटसोर्स कर्मियों की सेवाशर्तें बेहतर बनाने आरक्षण के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य के विभिन्न विभागों और संस्थाओं में आउटसोर्सिंग के जरिये नियुक्त कर्मचारियों की सेवा शर्तों को बेहतर बनाने और नियुक्तियों में आरक्षण देने सम्बन्धी एक प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी।

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी दी।

उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि 'उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम संबंधी कंपनीज एक्ट 2013' के आठवें अनुच्छेद के तहत गठित एक गैर वित्तीय लाभकारी सार्वजनिक कंपनी जरिये उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों तथा संस्थाओं में आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्मिकों की सेवाएं दी जा रही है। ''उनकी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आज मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्ताव लाया गया। इसे स्वीकृति दे दी गयी है।''

उन्होंने बताया, "आउटसोर्स सेवा निगम जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता का निर्धारण करेगा और आउटसोर्स कर्मचारियों का मानदेय 16 हजार से 20 हजार रुपये के बीच होगा। यह मानदेय सीधे उनके बैंक खाते में जाएगा। अगर किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो विभाग की संस्तुति पर एजेंसी की सेवाओं को समाप्त किया जा सकता है।"

खन्ना ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति की अवधि तीन वर्ष होगी और उन्हें हर महीने की एक से पांच तारीख के बीच मानदेय मिल जाया करेगा। उनसे महीने में 26 दिन सेवाएं ली जाएंगी। सेवा के दौरान अगर किसी आउटसोर्स कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसके अंतिम संस्कार के लिए 15 हजार रुपये भी दिए जाएंगे।

मंत्री ने कहा, "आउटसोर्स के आधार पर नियुक्ति में आरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों, दिव्यांगजन और महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है।"

## महिला आयोग अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान 4 सितम्बर को महिला जनसुनवाई करेंगी

गोंडा, ।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान 4 सितम्बर 2025 को गोण्डा सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करेंगी।

बैठक अपराह्न 1:30 बजे से आयोजित होगी, जिसमें महिला संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा तथा जनपदों में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने कहा कि समीक्षा बैठक में महिला कल्याण योजनाओं और महिला सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर विशेष चर्चा की जाएगी। ये जनसुनवाई महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़िताओं को न्याय दिलाने से सहायक सिद्ध होगी।

# 'ऑपरेशन कायाकल्प' और 'प्रोजेक्ट अलंकार' ने सरकारी स्कूलों को आधुनिक केंद्र में बदल दिया: उत्तर प्रदेश सरकार



**लखनऊ**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'ऑपरेशन कायाकल्प' और 'प्रोजेक्ट अलंकार' ने राज्य भर के परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों का कायाकल्प करके उन्हें नई पहचान दी है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन कायाकल्प' का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों को आधुनिक, सुरक्षित और पूरी तरह से सुसज्जित बनाना है।

इस अभियान के तहत, स्कूलों में 97 प्रतिशत बुनियादी सुविधाओं का विकास किया गया है। बयान में कहा गया है कि पहले कई स्कूलों में शौचालय, पानी, बिजली और फर्नीचर की कमी थी, लेकिन अब उन्हें फाटक वाली चहारदीवारी, टाइल वाले शौचालय, रंग-बिरंगे परिसर और सौर प्रकाश व्यवस्था वाले आधुनिक संस्थानों में बदल दिया गया है।

नीति आयोग ने 'ऑपरेशन कायाकल्प' को पूरे देश के लिए एक आदर्श पहल के रूप में मान्यता दी है। इसी प्रकार, माध्यमिक शिक्षा विभाग ने प्रोजेक्ट अलंकार शुरू किया, जिसके तहत 27 मानकों के आधार पर 2,295 स्कूलों का मानचित्रण किया गया ताकि उनके बुनियादी ढांचे में सुधार हो सके।

बयान में कहा गया है कि माध्यमिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए इन स्कूलों को स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर लैब, वाई-फाई, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और आधुनिक फर्नीचर से सुसज्जित किया गया है।

शिक्षा के अलावा, छात्रों को खेल के मैदान, ओपन जिम, बहुउद्देशीय हॉल, कला एवं शिल्प कक्षों और व्यावसायिक प्रशिक्षण सुविधाओं का भी लाभ मिलता है।

इसमें कहा गया है कि प्रधानाचार्यों और कर्मचारियों के लिए कक्ष, चहारदीवारी, कार्यालय स्थल, साइकिल स्टैंड और पेयजल सुविधाओं के साथ बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि आग से सुरक्षा करने वाले उपकरण, सीसीटीवी के जरिये निगरानी, बायोमेट्रिक के जरिये हाजिरी, वर्षा जल संचयन और सौर पैनल लगाकर सुरक्षा और स्थायित्व को प्राथमिकता दी गई है।

बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार ने मिलकर उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों को एक नई पहचान दी है और उन्हें आधुनिक, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार संस्थानों में बदल दिया है।

बयान में कहा गया है कि गांव के स्कूल ग्रामसभा के जीवंत और पूरी तरह सुसज्जित केंद्र बन गए हैं। आधुनिक सुविधाओं, सुरक्षित परिसरों और सौहार्दपूर्ण वातावरण से युक्त इन स्कूलों में अभिभावकों का विश्वास कई गुना बढ़ गया है।

# शिकोहाबाद पुलिस ने लुटेरे गिरोह का किया भंडाफोड़, मुठभेड़ में दोनों अभियुक्त गिरफ्तार





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने शातिर लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमन वर्मा पुत्र मनोज वर्मा एवं ऋषि वर्मा पुत्र संजीव वर्मा निवासी कौसल्या नगर, थाना उत्तर के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से 02 तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस, 05 जिंदा कारतूस एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। मुठभेड़ में घायल हुए अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

**घटना का खुलासा**

दिनांक 31 अगस्त 2025 को थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के मिश्राना मोहल्ला में ज्वैलर्स सुरेश पुत्र रामजीलाल के साथ लूटपाट का प्रयास और जानलेवा हमला किया गया था। इस संबंध में मु0अ0सं0 593/2025 अमन वर्मा एवं एक अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ दर्ज किया गया। विवेचना में अज्ञात अभियुक्त की पहचान ऋषि वर्मा के रूप में हुई।

**मुठभेड़ कैसे हुई ?**

घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। 02 सितंबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त अभियुक्त छिछमाई के पास घटना की फिराक में घूम रहे हैं।

पुलिस टीम ने नहर पटरी के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। रोकने पर वे भागने लगे और हड़बड़ाहट में बाइक गिर गई। पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा गिरफ्तारी के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दहेज हत्या में फरार चल रहे पति- पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव दरिगापुर भारौल में 14 अगस्त को हुईं दहेज हत्या में फरार चल रहे पति पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार पर जेल भेज दिया है ।

थाना सिरसागंज पुलिस सौथरा चौराहा एनएच 19 ओवरब्रिज के पास चैकिंग कर रही थी , तभी चेकिंग के दौरान दहेज हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त हरनाम सिंह उर्फ मुन्नालाल पुत्र रामजीत सिंह , मुन्नी देवी पत्नी हरनाम सिंह उर्फ मुन्नालाल निवासीगण दरिगापुर भारौल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है ।

विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पति पत्नी को जेल भेजा है। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में

थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह, उ0नि0 मोहर अली, शिवशंकर, कु0 बन्दना शामिल रहे ।--

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान: नगर आयुक्त का वार्ड 12 में निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर



फिरोजाबाद ।नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 12 के मोहल्ला एलान नगर और झलकारी नगर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया और डेंगू तथा मच्छरजनित रोगों के बारे में डोर टू डोर जागरूकता फैलाई गई।

नगर आयुक्त ने घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन कार्यवाही कराई, जिसमें लोगों को बताया गया कि गमलों, पुराने कबाड़, टायर्स, खाली बर्तनों, ड्रमों और कूलर में जल का जमाव न होने दें क्योंकि ऐसे जलस्रोतों में डेंगू का लार्वा पनप सकता है।

निरीक्षण के दौरान खाली प्लॉट्स में जलनिकासी कराई जाने और समुचित सफाई के निर्देश दिए गए। क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण के लिए सुपरवाईजर की शिथिलता पर चेतावनी जारी करने और स्वच्छता निरीक्षक को फोगिंग, एण्टीलार्वा, पायरेथ्रिम, कीटनाशक आदि का छिड़काव कराए जाने तथा लोगों को मच्छरजन्य रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण कार्यक्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल सतीश कुमार, अवर अभियंता जल मनोज कुमार, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्रीमती हृदेश कुमारी और स्वच्छता निरीक्षक विपिन कुमार भी उपस्थित रहे।

# जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व के चलते श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर शांति स्थापना की प्रार्थना की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



टूंडला। भगवान मुनिसुब्रत नाथ पचोखरा धर्म स्थल में पर्युषण पर्व के छठवें दिन उत्तम संयम धर्म की आराधना अत्यंत भक्ति भाव पूर्वक की गई। प्रतिदिन की भांति आज भी सुबह से ही अभिषेक व शांतिधारा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही व दस लक्षण मंडल विधान एवं सोलहकारण मंडल विधान की पूजन संपादित की गई। इसके पूर्व सामूहिक शांतिधारा के अंतर्गत विश्व में एवं भारत में शांति स्थापना की प्रार्थना की गई ।

इस दौरान उत्तम संयम धर्म की व्याख्या करते हुए प्रधान सेवक राजा बाबू जैन ने उपस्थित लोगों को उत्तम संयम की महत्ता समझाते हुए सुगंध दशमी पर कहा कि मन को वश में करना सामान्य चीज नहीं है।

मन को अच्छे कार्यों में नहीं लगाया जाएगा तो हमारी दुर्गति होगी उल्लेखनीय है कि दस लक्षण पर्व ज्यो-ज्यो समापन की ओर जा रहा है। यह दशलक्षण महापर्व का छठा दिन होता है, जो इन्द्रियों और मन को वश में रखने, इच्छाओं पर नियंत्रण करने और आत्मा की शुद्धि पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समर्पित है।

इस मौके पर अजीत जैन, अंकुश जैन, मुन्नु जैन, यस जैन, सुब्रत जैन, छोटू जैन, अंजुल जैन, टीटू जैन, रमन जैन, सनी जैन, अभिषेक जैन, विजय चन्द्र जैन, प्रेम चंद जैन, प्रवीन जैन, मैनेजर सौरभ जैन, बौबी जैन, सौनू जैन आदि मौजूद रहे।

## जसराना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर शोबी को अवैध तमंचे सहित दबोचा

फिरोजाबाद। थाना जसराना पुलिस टीम ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त शोबी पुत्र वीरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, 1 सितंबर को वार्ड नंबर 2 के पार्षद ओमवीर सिंह निवासी मोहल्ला गाढ़ीवान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि हिस्ट्रीशीटर शोबी ने जान से मारने की नियत से उन पर तमंचे से फायर किया। इस पर थाना जसराना में मुकदमा दर्ज किया गया था।

क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए औछा रोड, बड़ा गांव पुल के पास से शोबी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अब धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम की बढ़ोतरी कर दी गई है। उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# प्रेस क्लब पदाधिकारियों के सम्मान समारोह के दौरान नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फिरोजाबाद । मंगलवार को पत्रकारों के हित अधिकारों की आवाज उठाने के लिए बने संगठन फिरोजाबाद प्रेस क्लब का नेशनल एक्सप्रेस राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र की फिरोजाबाद टीम द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन मिथिलेश डिजिटल एक्स-रे सेंटर, निकट मक्खनपुर चौराहा, फिरोजाबाद में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में नेशनल एक्सप्रेस की टीम ने फिरोजाबाद प्रेस क्लब के पत्रकारों को सम्मानित किया । वहीं संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने पत्रकारों के अधिकारियों व संगठन के उद्देश्य के बारे में सभी को बताया कि संगठन किस तरह से पत्रकारों के हित में काम करेगा । इसी दौरान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बहुत जल्द हम लोग संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों का दुर्घटना बीमा कराने वाले हैं भगवान न करे कि किसी के साथ कोई घटना हो लेकिन अगर कोई दुर्घटना होती है तो पत्रकार या उसके आश्रितों को कुछ मुआवजा राशि मिल सके ।

वहीं इसी दौरान समारोह का विशेष आकर्षण रहा—जिला ब्यूरो नेशनल एक्सप्रेस के वरिष्ठ पत्रकार विपिन कुमार का जन्मदिन, जिसे फिरोजाबाद प्रेस क्लब परिवार ने हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मौजूद पत्रकारों ने विपिन कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं और उनके पत्रकारिता योगदान की सराहना की। सभी पत्रकारों ने आपसी सहयोग और एकता को मजबूती देने का संकल्प लिया, जिसे फिरोजाबाद की पत्रकारिता जगत के लिए प्रेरणादायक माना गया। समारोह के दौरान क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई और फिरोजाबाद प्रेस क्लब की भावी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# रातभर पुलिस-ग्रामीण गश्त, फिर भी 'चोर देखने' का हल्ला जारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

- गांव–गांव समितियां कर रहीं निगरानी, पुलिस भी सतर्क; सवाल–चोरी या अफवाह ?

फिरोजाबाद। जिले के ग्रामीण इलाकों में बीते कई दिनों से एक अजीब स्थिति बनी हुई है। हर रात किसी न किसी गांव में चोर देखने का हल्ला मच जाता है। पुलिस और ग्रामीण रातभर गश्त कर रहे हैं, गांव-गांव समितियां गठित की गई हैं, लेकिन अफवाह और डर का माहौल लगातार बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि रात में अज्ञात व्यक्तियों की आवाजाही की खबर मिलती है, जिससे लोग घरों से बाहर निकलकर शोर मचाते हैं। कई जगह तो ग्रामीण लाठियों, टॉर्च और डंडों के साथ गश्त कर रहे हैं। पुलिस भी इस मुहिम में पूरी तरह से जुड़ी है और रातभर गांवों में पेट्रोलिंग कर रही है। क्या यह चोरी की साजिश है या अफवाह?

कुछ लोगों का कहना है कि कई जगह कोई चोर नहीं मिला है, इसलिए संभावना है कि कुछ लोग शरारत या अफवाह फैला रहे हैं। वहीं, पुलिस के द्वारा सतर्कता के लिए गांवों में लाउडस्पीकर से घोषणाएं की जा रही हैं कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

बचाव के उपाय

विशेषज्ञों का मानना है कि गांवों में सीसीटीवी कैमरे लगाना, रात में पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करना, चौकसी समितियों को अलार्म या सायरन से लैस करना और पुलिस को तत्काल सूचना देना ही प्रभावी उपाय हैं।

पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि अफवाहों पर विश्वास न करें, लेकिन यदि वास्तविक चोर दिखे तो तुरंत 112 या नजदीकी थाने को सूचित करें।

## जुआ खेलते छह अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। रसूलपुर पुलिस ने गालिब नगर स्थित एक मकान में छापा मारकर जुआ खेल रहे छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मौ. जाबिर, शमशुद्दीन, शकील, सुल्तान, मुशीर अहमद और इन्तजार शामिल हैं। मौके से 49,395 नकद (43,150 मालफड़ व 6,245 जामातलाशी), तीन मोबाइल और ताश के पत्तों की गड्डी बरामद की गई। अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा संख्या 391/25 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नारखी पुलिस टीम ने मंगलवार को नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित साहिल पुत्र साबुद्दीन, निवासी गली नंबर 5, मोहम्मद गंज, थाना दक्षिण को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे पीजी कोल्ड स्टोर बदनपुर के पास दबोचा।

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, दर्दनाक हुआ हादसा



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर

सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवीन मंडी स्थल के सामने ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, हादसा इतना दर्दनाक था कि लोग दंग रह गए। प्रदीप कुमार पुत्र दर्शन सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी अंबेडकर नगर सिरसागंज मंगलवार शाम नवीन मंडी स्थल के पास किसी काम से गया था , तभी सड़क पार करते समय ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी । तभी युवक ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और उसकीद घटनास्थल पर र्दनाक मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेजा है।

## टीकरी पुलिया से दबोचे गए दो आरोपी, गांजा बरामद

फिरोजाबाद। नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नगला सिंघी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को 10.65 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी टूंडला के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, 02 सितंबर 2025 को रामपुर बंबा स्थित टीकरी पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर नीरज शर्मा पुत्र खुशीराम शर्मा निवासी भोगपुर, थाना खैर, जिला अलीगढ़ को 5.106 किलोग्राम गांजा और सुमित कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी मोहल्ला भीमनगर, थाना कुरावली, जिला मैनपुरी को 5.541 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया।

कुल 10.65 किलोग्राम गांजा बरामद होने पर थाना नगला सिंघी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दो दिवसीय खाद्य संस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद । प्रभारी राजकीय प्रशिक्षण केंद्र सेवा नगर फिरोजाबाद के प्रभारी शैलेंद्र वर्मा के द्वारा दो दिवसीय खाद्य संस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को अलाबलपुर ग्राम विकासखंड टूंडला जनपद फिरोजाबाद में मुकेश थम अध्यक्ष कॉपरेटिव फिरोजाबाद एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथियों के द्वारा लाभार्थियों को प्रशिक्षण संबंधी सामग्री वितरण की गई अतिथि व्याख्याता पूर्व प्रभारी मनोज ननननननननननननकुमार दीक्षित एवं टीआरपी राघवेंद्र सिंह यादव ने खाद्य प्रसन्न कर संबंधी इकाई लगाने की जानकारी लाभार्थी में दी गई तथा खाद्य प्रसंकरण उद्योग लगाने में मिलने वाले अनुदान की जानकारी प्रभारी शैलेंद्र वर्मा के द्वारा लाभार्थियों दी गई ।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए छात्रों ने दिए सुझाव



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूण्डला। सन साइन इंटर कॉलेज टूण्डला में टाटा बिल्डिंग इंडिया के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में स्वावलंबन की भावना जागृत करना और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके विचार जानना था।

कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई—जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग। प्रतिभागियों से "आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए पाँच प्रमुख कार्यों के सुझाव" पर अपने विचार प्रस्तुत करने को कहा गया।

छात्रों ने अपने निबंधों में शिक्षा, तकनीकी विकास, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, कृषि क्षेत्र के सुधार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने जैसे सुझाव दिए।

यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही बल्कि उनमें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा भी जगाती है प्रतियोगिता में चयनित प्रथम तीन विजेताओं को मेडल और सम्मान पत्र प्रदान किए जायेंगे इस आयोजन में कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव तोमर के साथ शिक्षकों में शालिनी पौनिया, हेमंत बघेल, बृजेशकुमार, अर्पित जैन, प्रवीन कुमार, अनिल कुमार, डिम्पल चौहान, रहिला का विशेष सहयोग रहा ।

## दहेज हत्या में फरार चल रहे पति- पत्नी को पुलिस भेजा जेल

सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव दरिगापुर भारौल में 14 अगस्त को हुईं दहेज हत्या में फरार चल रहे पति पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार पर जेल भेज दिया है । थाना सिरसागंज पुलिस सौथरा चौराहा एनएच 19 ओवरब्रिज के पास चैकिंग कर रही थी , तभी चेकिंग के दौरान दहेज हत्या में वांछित चल रहे अभियुक्त हरनाम सिंह उर्फ मुन्नालाल पुत्र रामजीत सिंह , मुन्नी देवी पत्नी हरनाम सिंह उर्फ मुन्नालाल निवासीगण दरिगापुर भारौल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया है । विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पति पत्नी को जेल भेजा है। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह, उ0नि0 मोहर अली, शिवशंकर, कु0 बन्दना समिल रहें।

## पति पत्नी के साथ ग्रामीण ने की मारपीट, अरोप

सिरसागंज । थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव तिलियानी में एक ग्रामीण ने पति-पत्नी के साथ मारपीट कर दी और उन्हें धमकाया । पीड़ित ने थाने में तहरीर तेरे हुए आरोप लगाया कि गांव के एक लोग के खिलाफ थाने में कुछ महीने पहले एफआईआर दर्ज कराई थी।

# नेशनल एक्सप्रेस टीम तथा जनपद के युवाओं ने मनाया नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो का जन्मदिन



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।



फिरोजाबाद । मंगलवार को नेशनल एक्सप्रेस राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के फिरोजाबाद ब्यूरो चीफ विपिन कुमार का जन्मदिन जिला मुख्यालय के पास मक्खनपुर स्थित मिथिलेश एक्स-रे सेंटर पर नेशनल एक्सप्रेस की टीम ने के काट कर धूमधाम से मनाया तथा जन्मदिन की बधाई दी इस दौरान नेमीचंद कुशवाह ,पवन शर्मा, रामपाल चौधरी छुट्टन खान , दुर्वेश कुमार ,अवनीश कुमार , मनीष राजपूत, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे । वहीं जनपद के युवाओं द्वारा नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो का के के रेस्टोरेंट बंबा चौराहा पर केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया और विपिन कुमार की लंबी उम्र की कामना की । इस दौरान के के रेस्टोरेंट के संचालक कमल किशोर , अंशुल कुमार, प्रकाश निगम , मोनू जाटव, विराट जाटव, शिवम कुमार, मुकुल कुमार ,हिमांशु मौर्य आदि मौजूद रहे ।

# जे. एस. यूनिवर्सिटी में फर्जीवाड़े की जांच बच्चों को नहीं मिल रही मार्कशीट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के नेतृत्व में समिति ने विद्यालय में जांच की, छात्रों ने फॉर्म और परीक्षा संबंधित परेशानियों का बताया खुलासा

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के निर्देश पर जे0एस0 यूनिवर्सिटी में फर्जीवाड़े की शिकायतों के मद्देनजर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के नेतृत्व में जांच समिति ने विद्यालय का दौरा किया। बच्चों ने जिलाधिकारी को पत्र द्वारा अवगत कराया था कि उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है और मार्कशीट नहीं दी जा रही है।

जांच के दौरान बच्चों ने बताया कि उन्हें जिन विषयों में फॉर्म भरा था, उनसे अलग विषय की परीक्षा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कुछ छात्रों ने यह भी बताया कि वे यूपी एसआई फॉर्म भरना चाहते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 11 सितंबर है, लेकिन उन्हें दिए जा रहे अंक पत्र में किसी भी दिनांक का अंकन नहीं है। इससे उनकी मार्कशीट वैध नहीं मानी जा रही और वे फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं।

जाँच समिति को विद्यालय के रजिस्ट्रार ने सूचित किया कि इस सत्र में कोई दाखिला नहीं हो रहा है, बावजूद इसके कई विद्यार्थी दाखिला लेने के लिए विद्यालय में उपस्थित हैं। समिति जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

जांच समिति में मुख्य विकास अधिकारी के अलावा एसपीआरए त्रिगुण विशेन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद प्रवीण कुमार, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद विकल्प, परियोजना निदेशक एवं बीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# अफगानिस्तान में भूकंप इतना भयावह क्यों साबित हुआ?

## भूकंप की तीव्रता 6.0 थी, जो अपेक्षाकृत कम मानी जाती है

**कैलाघन (ऑस्ट्रेलिया), (द कन्वरसेशन)** अफगानिस्तान में हाल ही में आए भूकंप में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। तालिबान-प्रशासित स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अब तक करीब 1400 लोगों की मौत हो चुकी है और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



यह भूकंप रविवार रात स्थानीय समयानुसार आधी रात से कुछ पहले आया, जिसका केंद्र पाकिस्तान की सीमा से लगे पहाड़ी क्षेत्र में, जलालाबाद शहर के पास था। भूकंप की तीव्रता 6.0 थी, जो अपेक्षाकृत कम मानी जाती है, लेकिन इसका केंद्र सिर्फ आठ किलोमीटर की गहराई पर था, जिससे सतह पर तेज झटके महसूस किए गए और कई बाद में भी कई झटके आए। अधिकांश लोग उस समय अपने घरों में सो रहे थे, जब भूकंप ने उनके कच्चे मकानों को धराशायी कर दिया। प्रभावित क्षेत्र दूरदराज और दुर्गम पहाड़ियों में होने के कारण, और भूस्खलन से कई सड़कें अवरुद्ध हो जाने की वजह से, अंतिम आंकड़े आने में अभी समय लग सकता है। हिमालय और हिंदूकुश पर्वतमालाएं, जहां यह प्रभावित इलाका स्थित है, भूकंपीय रूप से अत्यधिक सक्रिय क्षेत्र हैं। यह क्षेत्र भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों की टकराव रेखा पर स्थित है, जिससे यहां अक्सर विनाशकारी भूकंप आते हैं।

अक्टूबर 2023 में इसी क्षेत्र में आए भूकंप में 1,500 से अधिक लोगों की जान गई थी, जबकि 2022 में भी एक और भूकंप ने 1,000 से अधिक लोगों की जान ली थी।

तुलनात्मक रूप से देखें तो 2011 में न्यूज़ीलैंड के क्राइस्टचर्च में आया भूकंप इसी तीव्रता का था और उसका केंद्र और भी उथला था, फिर भी वहां केवल 185 लोगों की मौत हुई, क्योंकि वहां की निर्माण व्यवस्था और भवन सुरक्षा मानक अधिक मज़बूत थे। एक बहुचर्चित कहावत 'भूकंप लोगों को नहीं मारते, इमारतें मारती हैं' इस त्रासदी को समझने में मदद करती है। अफगानिस्तान के ग्रामीण समुदाय मजबूरी में स्थानीय रूप से उपलब्ध मिट्टी, पत्थर और कच्ची लकड़ी से मकान बनाते हैं, क्योंकि पक्की और मानकीकृत निर्माण सामग्री उनकी पहुंच से बाहर है।



### सिंगापुर के प्रधानमंत्री वोंग भारत की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे

सिंगापुर, (भाषा) सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग मंगलवार से भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू करेंगे, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर वोंग की यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर हो रही है। उनके कार्यालय ने बताया कि यह यात्रा संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए सिंगापुर और भारत की परस्पर प्रतिबद्धता को भी दोहराती है।

# विनाशकारी भूस्खलन से पूरा गांव तबाह; 1,000 से अधिक लोगों की मौत

**काहिरा, (एपी)** सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में विनाशकारी भूस्खलन ने एक गांव को तबाह कर दिया, जिसमें कम से कम 1,000 लोग मारे गए। यह अफ्रीकी देश के पिछले कुछ साल के इतिहास की सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। इस क्षेत्र पर नियंत्रण रखने वाले एक विद्रोही समूह ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी।



सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने एक बयान में कहा कि यह त्रासदी अगस्त के अंत में कई दिनों की भारी बारिश के बाद मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों में स्थित तरासिन गांव में रविवार को हुई। बयान में कहा गया, ''प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि गांव के सभी निवासियों की मौत हो गई है, जिनकी संख्या एक हजार से ज्यादा होने का अनुमान है। केवल एक व्यक्ति ही बचा है।''समूह ने कहा कि गांव ''पूरी तरह से जमींदोज हो गया है'', और शवों को निकालने में मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से अपील की गई है। 'मर्राह माउंटेन्स' समाचार संस्था द्वारा साझा किए गए फुटेज में पर्वत श्रृंखलाओं के बीच एक समतल क्षेत्र दिखाई दे रहा है, जहां लोगों का एक समूह खोजबीन कर रहा है। यह त्रासदी ऐसे समय में हुई है जब सूडान में विनाशकारी गृहयुद्ध छिड़ गया है जिसमें देश की सेना और अर्द्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच तनाव अप्रैल 2023 में राजधानी खार्तूम और देश के अन्य हिस्सों में खुली लड़ाई में बदल गया।

# कड़ी निगरानी में आयोजित हो रही सैन्य परेड में शक्ति प्रदर्शन करेगा चीन



**बीजिंग, (एपी)** चीन की राजधानी बीजिंग में बुधवार को होने वाली भव्य सैन्य परेड में देश के मिसाइल, लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य उपकरण पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। परेड में सैनिक राष्ट्रपति शी चिनफिंग के सामने कदम-से-कदम मिलाकर मार्च करेंगे।

शी चिनफिंग लंबे समय से सत्ता पर काबिज कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हैं और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में सेना के भी मुखिया हैं। शी द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाली इस परेड में भाषण देंगे। परेड में 24 से अधिक विदेशी नेता शामिल होंगे, जो बीजिंग सरकार के साथ संबंध बनाए रखने या सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। परेड में कई हथियार पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखाए जाएंगे। चीनी सैन्य अधिकारियों ने कहा है कि परेड में हथियारों और उपकरणों का बड़ा जखीरा पहली बार जनता के सामने पेश किया जा रहा है।

इनमें जमीन, समुद्र और वायु से छोड़े जाने वाले रणनीतिक हथियार, उन्नत सटीक युद्ध उपकरण और ड्रोन शामिल हैं। युद्धक विमान और हेलिकॉप्टर आकाश में बेड़े के रूप में उड़ान भरेंगे। यह चीन में 2019 के बाद पहली प्रमुख सैन्य परेड है, जब साम्यवादी चीन की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मनाई गई थी। इस बार की परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। द्वितीय विश्व युद्ध ने चीन को तबाह कर दिया था।

इस परेड का उद्देश्य जनता में गर्व की भावना भरना और उन्हें आश्वस्त करना है कि देश किसी भी हमले को रोकने के लिए पर्याप्त रूप से मजबूत है। लेकिन चीन की बढ़ती सैन्य ताकत उसके एशियाई पड़ोसियों और अमेरिका के लिए चिंता का विषय भी है। जापान, भारत और दक्षिण कोरिया के नेताओं के साथ ही अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शामिल नहीं हो रहे हैं।

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति समेत कई विदेशी नेता इसमें भाग ले रहे हैं। कई दक्षिण-पूर्व एशियाई नेता भी परेड में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। हालांकि, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने अपने देश में हो रहे प्रदर्शनों के कारण यात्रा रद्द कर दी। यह कार्यक्रम अत्यधिक योजनाबद्ध तरीके से और कड़ी निगरानी में आयोजित किया जा रहा है। यह ऐसी परेड नहीं है जिसे देखने के लिए आम जनता सड़कों के किनारे इकट्ठा हो सके। आम जनता के प्रवेश को रोकने के लिए अवरोधक लगाए गए हैं और परेड मार्ग के साथ स्थित व्यावसायिक इमारतों को खाली कर दिया गया है और परेड समाप्त होने तक बंद रखा गया है।

### यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से चीन और रूस के बीच संबंध और गहरे हुए

# अमेरिकी चुनौतियों के बीच शी और पुतिन ने 'पुराने मित्र' वाले संबंध पर दिया बल

**बीजिंग, (एपी)** चीन के नेता शी चिनफिंग ने एक ''पुराने मित्र'' के रूप में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत किया और दोनों नेताओं ने मंगलवार को कई बैठकें कीं। ये बैठकें ऐसे समय में हुईं जब दोनों देशों को अमेरिका से विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में, खासकर 2022 की शुरुआत में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद से चीन और रूस के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।



पुतिन ने शी को ''प्रिय मित्र'' कहकर संबोधित किया और कहा कि चीन के साथ रूस के संबंध ''अभूतपूर्व रूप से उच्च स्तर पर'' हैं। शी और पुतिन ने औपचारिक बैठक के बाद झोंगनानहाई में अपने शीर्ष सहयोगियों के साथ चाय पर चर्चा की। यह चीन द्वारा इस रिश्ते को दिए जाने वाले महत्व को दर्शाता है।

झोंगनानहाई परिसर चीन में सत्ता का केंद्र है और यहां उसके शीर्ष नेताओं के आवास एवं कार्यालय हैं। वार्ता के बाद चीन ने घोषणा की कि वह इस महीने के अंत से रूसी यात्रियों को 30 दिन की वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा।

यह वार्ता चीनी शहर तियानजिन में दोनों नेताओं के शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के एक दिन बाद और द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बीजिंग में आयोजित एक भव्य चीनी सैन्य परेड से एक दिन पहले हुई है। सोवियत संघ एशिया में युद्ध के अधिकतर समय तटस्थ रहा, लेकिन 1930 के दशक में आक्रमणकारी जापानी सेना के खिलाफ शुरुआती लड़ाई में उसने चीन की सहायता की। उसने द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा भी की और जापान के कब्जे वाले पूर्वोत्तर चीन में सेना भेजी। पुतिन ने कहा, ''हम तब भी साथ थे, अब भी साथ हैं।''चीन का कहना है कि वह यूक्रेन युद्ध में तटस्थ है लेकिन पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद व्यापार जारी रखकर उसने रूस को आर्थिक जीवनदान दिया। उसकी कुछ कंपनियों पर सैन्य उद्योग को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

रूस की 'इंटरफैक्स' समाचार एजेंसी के अनुसार, गैजप्रोम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलेक्सी मिलर ने बीजिंग में कहा कि चीन तक एक और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बनाने के लिए एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

दस सदस्यीय शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शी और पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद थे। मोदी ने तियानजिन बैठक के दौरान दोनों नेताओं के साथ अलग-अलग वार्ता की। ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए भारी शुल्क और अमेरिका के रुख ने नयी दिल्ली को चीन और रूस के करीब ला दिया है।

मोदी हालांकि चीन की सैन्य परेड में शामिल नहीं होंगे। शी चिनफिंग ने चीन को उन देशों के नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश की है जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अमेरिकी प्रभुत्व वाली व्यवस्था से वंचित महसूस करते हैं।पुतिन और शी ने अपनी वार्ता से पहले मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के साथ त्रिपक्षीय बैठक की। घास के मैदानों और खनिज खदानों से संपन्न मंगोलिया चीन एवं रूस के बीच स्थित है।

पुतिन ने अपने वक्तव्य की शुरुआत में कहा कि तीनों देश अच्छे पड़ोसी हैं और संबंधों को विकसित करने में उनकी साझा रुचि है। उन्होंने कहा, ''हम तीनों देशों में बहुत कुछ समान है।''

## खेल एक्सप्रेस

### संक्षिप्त खबरें



### प्रणव वेंकटेश ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की

**फुजैरा (यूएई), (भाषा)** विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया । प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाये और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज और ईरान के अमीन टाबाटाबाइ से एक अंक आगे रहे । ग्रैंडमास्टर आदित्य मित्तल और शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन 5.5 अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे । आदित्य कुल छठे और निहाल 12वें स्थान पर रहे । अठारह वर्ष के प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया । उन्होंने पांच जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे । उन्हें इस प्रदर्शन के साथ 23000 डॉलर और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले । अब वह उजबेकिस्तान के समरकंद में ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट खेलेंगे।

### ओसाका और स्वियातेक अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क, (एपी)** जापान की नाओमी ओसाका और पोलैंड की इगा स्वियातेक ने अमेरिकी ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया । ओसाका ने अमेरिका की कोको गाफ को 6 . 3, 6 . 2 से मात दी । स्वियातेक ने एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6 . 3, 6 . 1 से हराया । ओसाका 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं । अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा । वहीं स्वियातेक की टक्कर अमांडा अनिसिमोवा से होगी जिन्हें उन्होंने विम्लबडन फाइनल में 6 . 0, 6 . 0 से हराया था । अनिसिमोवा ने 16वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद मेइया को 6 . 0, 6 . 3 से शिकस्त दी । पुरूष वर्ग में 25वीं रैंकिंग वाले कनाडा के फेलिक्स आगर अलियास्सिमे को आंद्रेइ रूबलेव को 7 . 5, 6 . 3, 6 . 4 से हराया । आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर और इटली के लोरेंजो मुसेत्ती भी अंतिम आठ में पहुंच गए । डि मिनौर का सामना अब आगर एलियास्सिमे से होगा । वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 6 . 1, 6 . 1, 6 . 1 से मात दी । सिनेर का सामना अब मुसेत्ती से होगा ।

### कमिंस भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर

**मेलबर्न, (भाषा)** आस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर हो गए। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली एशेज श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए उनके रिहैबिलिटेशन की व्यवस्था की जा रही है। ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से न्यूज़ीलैंड के साथ तीन टी20 मैच खेलेगा। उसके बाद वह भारत के खिलाफ तीन वनडे (19-25 अक्टूबर) और पांच टी20 मैच (29 अक्टूबर से आठ नवंबर) खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

### भारतीय क्रिकेट टीम और इंडियन प्रीमियर लीग के लिये करार

# बीसीसीआई ने टीम इंडिया के टाइटल प्रायोजन अधिकारों के लिये बोलिया आमंत्रित की

**नयी दिल्ली, (भाषा)** फैंटेसी स्पोर्ट्स की दिग्गज कंपनी ड्रीम 11 के हाथ खींचने के बाद बीसीसीआई ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट टीम के टाइटल प्रायोजन अधिकारों के लिए बोलियां आमंत्रित की जिसमें वास्तविक धन गेमिंग और क्रिप्टोकरेंसी में काम करने वाली कंपनियों पर रोक लगाई गई है क्योंकि सरकार ने ऐसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है ।



ड्रीम 11 ने हाल ही में 'ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनियमन' के कारण अपने वास्तविक धन वाले गेम बंद कर दिए हैं । अधिनियम में कहा गया है कि ''कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं की पेशकश, सहायता, उकसाना, प्रेरित, लिप्त या संलग्न नहीं होगा और न ही किसी ऐसे विज्ञापन में शामिल होगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऑनलाइन मनी गेम खेलने के लिए प्रोत्साहित करता हो ।''ड्रीम 11 और माय 11 सर्कल के साथ बीसीसीआई का भारतीय क्रिकेट टीम और इंडियन प्रीमियर लीग के लिये 1000 करोड़ रूपये के करीब टाइटल प्रायोजन करार था ।

बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया ,'' बोली लगाने वाला ,जिसमें उसके समूह की कोई भी कंपनी शामिल है उसे भारत में या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाओं में संलग्न नहीं होना चाहिए, भारत में किसी भी व्यक्ति को कोई ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और भारत में सट्टेबाजी या जुए में संलग्न किसी भी व्यक्ति में कोई निवेश या स्वामित्व हित नहीं होना चाहिए ।''

आईईओआई खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है और बोली के दस्तावेज जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है । इसमें आगे कहा गया ,'' बोली लगाने वाला या उसके समूह की कोई भी कंपनी किसी भी तरह की ऐसी गतिविधि या व्यवसाय में शामिल नहीं होनी चाहिये जिसकी आनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के तहत अनुमति नहीं है ।''

इसके अलावा तंबाकू, शराब और ऐसी कोई भी चीज जो सार्वजनिक नैतिकता को ठेस पहुंचाती हो, इसके पात्र नहीं हैं । बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ ब्रांड श्रेणियों को भी 'ब्लॉक' किया जाएगा क्योंकि बीसीसीआई के पास उक्त श्रेणियों में मौजूदा प्रायोजक हैं। इनमें एथलेजर और खेल परिधान निर्माता, बैंक, बैंकिंग और वित्तीय सेवा और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, अल्कोहल रहित ठंडे पेय, पंखे, मिक्सर ग्राइंडर, सुरक्षा ताले और बीमा शामिल हैं । बीसीसीआई से फिलहाल इन श्रेणियों के ब्रांड एडिडास , कैंपा कोला, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एसबीआई लाइफ जुड़े हुए हैं ।



# स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**ब्रिसबेन, (एपी)** आस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और वनडे प्रारूप में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाजी तिकड़ी (पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ) के अहम सदस्य स्टार्क ने आगामी एशेज, भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला और 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप और आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों की तैयारी को ध्यान में रखते हुए खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। अपनी तेज गति, कलाम की स्विंग, घातक यॉर्कर और खतरनाक बाउंसरों के लिए मशहूर स्टार्क ने 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 79 विकेट लिये है। वह एडम जाम्पा (103 मैचों में 130 विकेट) के बाद इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज है।

पैतीस वर्ष के स्टार्क ने 65 टी20 मैचों में 79 विकेट लिए हैं । उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और अगले दो साल के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिये उन्हें तैयार रहना है । न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिये मंगलवार को घोषित आस्ट्रेलियाई टी20 टीम में स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के नाम नहीं हैं । उन्होंने कहा ,'' मैने आस्ट्रेलिया के लिये हर टी20 मैच के हर मिनट का मजा लिया है ।

### मिचेल स्टार्क ने टी20 क्रिकेट को अलविदा कहा

**ब्रिसबेन, (एपी)** आस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और वनडे प्रारूप में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया । न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिये मंगलवार को घोषित आस्ट्रेलियाई टी20 टीम में स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के नाम नहीं हैं । पैतीस वर्ष के स्टार्क ने 65 टी20 मैचों में 79 विकेट लिये हैं । उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और अगले दो साल के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिये उन्हें तैयार रहना है ।

कमिंस को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद से आराम दिया गया है । उनकी कमर में भी दर्द है इसलिये नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला की तैयारी के मद्देनजर उन्हें आराम दिया है ।

### कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

# दिल्ली में 13 साल बाद आयोजित की जाएगी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप, लोगों में उत्साह दिखा

**नयी दिल्ली, (भाषा)** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन दीया चितले और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जी साथियान और हरमीत देसाई सहित कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सात सितंबर से यहां शुरू हो रहे यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।



राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अभी तक विभिन्न आयु वर्गों के 2958 खिलाड़ियों ने आवेदन किया है। दिल्ली राज्य टेबल टेनिस संघ (डीएसटीटीए) 2008 के बाद पहली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, हालांकि भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने हरियाणा के सहयोग से 2012 में राष्ट्रीय राजधानी में एक टूर्नामेंट का आयोजन किया था।

यह टूर्नामेंट सात से 14 सितंबर तक त्यागराज स्टेडियम में खेला जाएगा। खिलाड़ी सीनियर, अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15, अंडर-13 और अंडर-11 श्रेणियों सहित 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

पुरुष वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में कई पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन जैसे साथियान, हरमीत, एंथनी अमलराज और सौम्यजीत घोष शामिल हैं। घोष 2012 में लंदन ओलंपिक में भाग लेने के बाद व्यक्तिगत कारणों से राष्ट्रीय टीम की तरफ से नहीं खेल पाए थे।

महिला वर्ग में चितले को खिताब की प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जिसमें उन्हें अनुभवी मौमा दास, मधुरिका पाटकर, रीथ रिश्या और दिव्या देशपांडे से कड़ी चुनौती मिलेगी। दिल्ली की तरफ से खेलने वाली भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में व्यस्त हैं। डीएसटीटीए के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने कहा, ''अभी तक 2958 आवेदन मिले हैं जिससे इस बात का पता चलता है कि इस टूर्नामेंट में लोगों की कितनी दिलचस्पी है। मुझे याद नहीं कि पिछली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता के लिए इतने आवेदन कब आए थे।

नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
FRONT PAGE 2



सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण और उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए युगानुकूल और व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने रसड़ा, बलिया के प्रसिद्ध लखनेश्वर डीह मंदिर परिसर में नाथ बाबा के महंत कौशलेंद्र गिरी के साथ मेरे द्वारा प्रस्तावित एवं पर्यटन विभाग द्वारा बनने वाले धर्मशाला व सुलभ शौचालय के कार्य का शिलान्यास किया।

● 'नटराजंजलि' नृत्य अकादमी नोएडा में भव्य वार्षिक उत्सव संपन्न ● देश के एक उत्कृष्ट भरतनाट्यम संस्थान की अद्भुत प्रस्तुति ने सभी को रोमांचित किया

# माता-पिता और गुरु के सम्मान से बड़ा कुछ भी नहीं: विपिन गुप्ता










## इस्पिता भट्टाचार्य के प्रयासों ने भारतीय संस्कृति कला को गौरवान्वित किया है : विमला बाथम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नोएडा।** गुरु श्रीमती इप्शिता भट्टाचार्य द्वारा स्थापित की नटराजंजलि नृत्य अकादमी दिल्ली तथा नोएडा एनसीआर के आसपास के संगीत नृत्य भरतनाट्यम कल के प्रेमी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिला कर उनके भविष्य को सजाने और सवारने तथा अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए समर्पित संस्था है। यह 12 वर्षों से अधिक समय से सफलतापूर्वक चल रही है और इसके नोएडा और ग्रेटर नोएडा पश्चिम में केंद्र हैं।

नटराजंजलि नृत्य अकादमी ने 31 अगस्त 2025 को इंडस वैली पब्लिक स्कूल, नोएडा के आशाकृति सभागार में अपना वार्षिक दिवस मनाया।

भव्य कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती विमला बाथम, भारतीय व्यवसायी, पूर्व भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की वर्तमान अध्यक्ष व श्री विपिन गुप्ता, संस्थापक, नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह और राष्ट्रीय अध्यक्ष ''भारतीय मतदाता संगठन''पूर्व कार्यालय सचिव लोकनायक जयप्रकाश नारायण (अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति) वह पूर्व कार्यालय सचिव भारतरत्न प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह (अखिल भारतीय किसानसम्मेलन) एवं श्रीमती सुनीता खटाना, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कलाकार और नोएडा वर्ल्ड स्कूल की अध्यक्ष ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तथा संस्थान की ओर से इस पिता भट्टाचार्य जी ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र पहनकर तथा प्रतीक चिन्ह दे कर स्वागत किया।

इस अवसर श्रीमती विमला बाथम ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा जो प्रस्तुति यहां पर की गई है वह मजबूत और अविश्वसनीय लगती है नृत्य अकादमी की संस्थापना ने जो समर्पण और त्याग किया है वह काबिले तारीफ है। हम बच्चों को आशीर्वाद देते हैं और दुआ करते हैं कि वह देश में अपना नाम रोशन करें तथा संस्थान इसी तरह हमारे देश के लिए समर्पित होकर कार्यकर्ता रहे।

मुख्य अतिथि विपिन गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु माता-पिता का सम्मान सभी को करना चाहिए चाहे वह कितना भी बड़ा आदमी क्यों ना हो जाए उनकी कृपा से ही व्यक्तित्व का विकास तथा संपूर्ण जीवन में कुछ सीखने रहने की प्रवृत्ति उसको बड़ा बनाती है, श्री गुप्त ने लक्ष्मण जी के पास रावण से जाकर ज्ञान प्राप्त करने की आध्यात्मिक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए कभी छोटा बड़ा या उच्च नीच नहीं देखना चाहिए भगवान दत्तात्रेय जी ने तो अपने जीवन में 24 गुरु बने थे, इससे अहंकार भी दूर होता है। उन्होंने संस्थान के संस्थापिका के लिए कहा कि वह कुम्हार की चाक की कच्ची गीली मिट्टी से चिलम न बना कर सुराही और प्रचलित होने वाले दीपक बनकर बहुत बड़ा काम कर रही हैं।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुनीता खटाना ने कहां की यार यहां जितनी माता-पिता अपने बच्चों के कार्यक्रम देख रहे हैं वह स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहे होंगे, बच्चों के लिए माता-पिता का त्याग तपस्या कभी असफल नहीं जाता और बच्चे ही आगे बढ़कर माता-पिता का नाम रोशन करते हैं। इस अवसर पर लगभग 60 बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया और सभी रोमांचित हो उठे।

नेशनल एक्सप्रेस के संस्थापक विपिन गुप्ता ने श्रीमती इस्पता भट्टाचार्य को नेशनल एक्सप्रेस द्वारा प्रकाशित गांधी जीवन दर्शन और विचार पुस्तक भेंट की तथा तिरंगा पटका पहना, सम्राट अशोक की लॉट भारत का प्रतीक चिन्ह का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। छात्रों ने सुंदर भरतनाट्यम और अर्ध-शास्त्रीय प्रस्तुतियाँ दीं।

इस दिन का मुख्य आकर्षण संस्थान का वार्षिक प्रेरणादाई नाटक ''कलर्स ऑफ़ हर सोल'' था। नाटक में एक लड़की की यात्रा को दिखाया गया जो अपनी असफलता की हार से उबरकर अंत में दैवीय चमत्कार से प्राप्त आत्मविश्वास से विजयी हुई। संस्थापक गुरु श्रीमती इप्शिता भट्टाचार्य द्वारा छात्रों और अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में 60 बच्चों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा इन्हीं 60 बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र नहीं जिसको सभी ने सराहा।

# लेह लद्दाख के लिए मोबाइल मेडिकल क्लिनिक का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



बॉर्डरलेस वर्ल्ड ऑर्गेनाइज़ेशन के तत्वावधान में इसके ट्रस्टी एवं सेक्रेटरी एडवोकेट नर्सिंह लागढ़ ट्रस्टी मोहिनी शर्मा अध्यक्ष, कामधेनु रामलीला समिति (पूर्व मंत्री एवं उपाध्यक्ष विनोद नगर मंडल), अश्विनी शर्मा जिला प्रवक्ता द्वारा लेह लद्दाख के लिए मोबाइल मेडिकल क्लिनिक का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा (मिनिस्ट्री ऑफ़ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे एंड मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉरपोरेट अफेयर्स) के कर कमलों द्वारा किया गया।

चेतना अपार्टमेंट्स,आई पी एक्सटेंशन, दिल्ली में आयोजित इस समारोह में जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा डॉ. वेदव्यास महाजन, रवि नेगी विधायक पटपड़गंज, नकुल भारद्वाज पूर्व विधायक प्रत्याशी पटपड़गंज, डॉ.विनोद बछेती प्रदेश मंत्री, महेश चंद नागर पूर्व पाषर्द व चेयरमैन, निगम पार्षद व चेयरमैन संजीव सिंह, रेनू चौधरी, मुनेश डेढ़ा, शशि चांदना, तेजपाल, पूर्व जिला अध्यक्ष पार्षद चेयरमैन डॉ. ललित जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष दर्शन पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष मंडल प्रभारी पटपड़गंज जगदंबा सिंह, प्रदेश महामंत्री पूर्वांचल मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जगत चौधरी, अजय गुप्ता, देवेंद्र गौड़, अनुज अवस्थी पूर्व मंडल अध्यक्ष, एस.के. चौधरी, कैलाश यादव, प्रवीण कौशिक, तरसपाल नागर, अजब सिंह, मदन चौधरी, चौधरी राजेंद्र मंडल अध्यक्ष, तरुण गोयल, नंदन रावत, रोहित मल्होत्रा, मनीष चौधरी, राष्ट्र प्रकाश, कपिल प्रभाकर, शैलेंद्र मिश्रा, सुबोध जैन, भूपेश और मयूर विहार फेडरेशन के अध्यक्ष अनिल चतरथ उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद की समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय भूमिका :सुरेश जैन

## डी.पी.जी. कॉलेज के चेयरमैन सुरेंद्र गहलोत भारत विकास परिषद गुरुग्राम के संरक्षक मनोनीत





**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र-2 के तत्वावधान में तथा हरियाणा दक्षिण प्रान्त के आतिथ्य में क्षेत्रीय परिषद की बैठक का भव्य आयोजन डी.पी.जी. कॉलेज, गुरुग्राम में सम्पन्न हुआ। बैठक में परिषद की संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक सेवा परियोजनाओं और आगामी योजनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आदरणीय श्री सुरेश जैन जी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और इसकी शाखाओं को सेवा, संस्कार और सहयोग के मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाना चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. परमजीत पाहवा जी ने की। उन्होंने परिषद की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सभी प्रान्तों को अधिक से अधिक शाखाओं के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने का आह्वान किया।बैठक का विधिवत शुभारंभ हरियाणा दक्षिण प्रान्त महासचिव श्री ऋषि अग्रवाल जी ने किया। उन्होंने संगठन के विस्तार और शाखा स्तर पर कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया।

कार्यवाही का प्रभावी संचालन क्षेत्रीय महासचिव श्री राकेश शर्मा जी द्वारा किया गया।बैठक में डी.पी.जी. कॉलेज के चेयरमैन श्री सुरेन्द्र गहलोत जी को गुरुग्राम का संरक्षक मनोनीत किया गया।इस बैठक में कुल 9 प्रान्तों के प्रमुख दायित्वधारी शामिल हुए, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे और क्षेत्रीय स्तर पर समन्वय को और मजबूत बनाने पर सहमति व्यक्त की।आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था आयोजक शाखा – युवा भारत शाखा, गुरुग्राम द्वारा की गई, जिसकी उत्कृष्ट व्यवस्था और आतिथ्य की सभी ने सराहना की।

# अफगानिस्तान: भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से अधिक हुई



**जलालाबाद,** (एपी) अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से ज्यादा हो गई है और 3,000 लोग घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि पूर्वी अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या 1,400 से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि 3,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जीवित बचे लोगों की तलाश में इलाके में बचाव दल का तलाश अभियान जारी है। रविवार देर रात को पर्वतीय क्षेत्र में आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से गांव तबाह हो गए और लोग घंटों मलबे में फंसे रहे। इससे पहले, अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया, ''घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए ये आंकड़े बदल सकते हैं।'' उन्होंने बताया, ''भूकंप के कारण कुछ इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं, लेकिन उन्हें फिर से खोल दिया गया है और बाकी सड़कों को भी खोल दिया जाएगा ताकि उन इलाकों तक पहुंच आसान हो सके जहां पहुंचना मुश्किल था।''

ज़्यादातर नुकसान कुनार प्रांत में हुआ है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है, और राहत एजेंसियों ने बताया कि उनकी टीम ऊबड़-खाबड़ रास्तों और टूटी सड़कों के कारण सबसे सुनसान इलाकों तक पहुंचने के लिए पैदल यात्रा कर रही हैं। तालिबान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है। ब्रिटेन ने 10 लाख पाउंड (13 लाख अमेरिकी डॉलर) की आपात धनराशि देने का वादा किया है, जिसे तालिबान सरकार के बजाय मानवीय एजेंसियों के बीच बांटा जाएगा, हालांकि ब्रिटेन तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देता।

# बीआरएस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए विधान परिषद सदस्य के. कविता को निलंबित किया

हैदराबाद, (भाषा) भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने विधान परिषद सदस्य के. कविता को कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मंगलवार को पार्टी से निलंबित कर दिया।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब एक दिन पहले ही कविता ने अपने चचेरे भाइयों एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं टी हरीश राव और जे संतोष कुमार पर कालेश्वरम परियोजना को लेकर अपने पिता के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की छवि खराब करने का आरोप लगाकर पार्टी में तूफान खड़ा कर दिया था। पार्टी महासचिव टी. रवींद्र राव और एक अन्य महासचिव (अनुशासनात्मक मामलों के प्रभारी) सोमा भरत कुमार ने मीडिया में जारी एक बयान में बताया कि कविता के पिता एवं बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने उन्हें (कविता को) तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है।

# बलात्कार मामले में आरोपी आप विधायक गोलियों की बौछार की आड़ में पुलिस हिरासत से बच निकले



पटियाला, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को मंगलवार को उनके खिलाफ बलात्कार के मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह अपने समर्थकों की ओर से की गई कथित गोलीबारी और पथराव की आड़ में पुलिस हिरासत से बच निकले। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पठानमाजरा हरियाणा के करनाल जिले के डाबरी गांव में थे जहां पुलिस दल उन्हें गिरफ्तार करने पहुंचा था।

पटियाला अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) के प्रभारी ने कहा, ''हमने हरियाणा में पठानमाजरा के आवास पर छापा मारा। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन ग्रामीणों के एक समूह और कुछ शरारती तत्वों ने पुलिस टीम पर पथराव किया और गोलियां चलाईं।'' उन्होंने बताया कि सनौर के विधायक पठानमाजरा गोलियों और पथराव की आड़ में बच निकले।

अधिकारी ने बताया कि विधायक के साथी बलविंदर सिंह को तीन हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उसके पास से एक टोयोटा फॉर्च्यूनर भी जब्त की गई है।

इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पठानमाजरा पर बलात्कार, धोखाधड़ी और आपराधिक रूप से डराने धमकाने के आरोप दर्ज किए गए हैं। पठानमाजरा ने इससे पहले दिन में फेसबुक लाइव पर यह बात कही थी।

यह मामला जीरकपुर की एक महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि विधायक ने खुद को तलाकशुदा बताकर उसके साथ संबंध बनाए और बाद में शादीशुदा होते हुए भी 2021 में शादी कर ली। उसने विधायक पर लगातार यौन शोषण, धमकियां देने और उसे 'अश्लील' सामग्री भेजने का आरोप लगाया।

# हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण जनजीवन ठप

शिमला, (भाषा) हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वर्षा के चलते रेल सेवा स्थगित कर दी गई, छह राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 1,311 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं और स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई।

स्थानीय मौसम विभाग ने आज के लिए राज्य के कुछ इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है और अगले दिन भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

राज्य के मंडी में 289 सड़कें, शिमला में 241, चंबा में 239, कुल्लू में 169 और सिरमौर जिले में 127 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 3 (मंडी-धरमपुर रोड), एनएच 305 (औट-सैंज), एनएच 5 (ओल्ड हिंदुस्तान-तिब्बत रोड), एनएच 21 (चंडीगढ़-मनाली रोड), एनएच 505 (खाब से ग्रामफू रोड) और एनएच 707 (हाटकोटी से पोंटा) अवरुद्ध हो गए हैं।

# दिल्ली के दो विधानसभा क्षेत्रों में बतौर मतदाता पंजीकृत होने पर पवन खेड़ा को निर्वाचन आयोग का नोटिस



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के चुनाव प्रशासन ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर नोटिस जारी किया है।

नयी दिल्ली के जिला निर्वाचन अधिकारी ने खेड़ा को भेजे नोटिस की प्रति 'एक्स' पर साझा की। कांग्रेस नेता को आठ सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक इस नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले दिन में भाजपा ने आरोप लगाया था कि खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी पार्टी की वोट चोरी को 'बचाने और छिपाने' के लिए बिहार में मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। दो मतदाता पहचान पत्र रखने तथा भाजपा के आरोपों पर खेड़ा ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''मुझे उनसे (भाजपा नेता अमित मालवीय से) ही पता चला कि मेरे पास दूसरा मतदाता पहचान पत्र भी है। मैंने 2016-17 में इसे हटाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह नहीं हुआ और इसके लिए निर्वाचन आयोग जिम्मेदार है।''

खेड़ा ने यह भी मांग की कि निर्वाचन आयोग उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर भाजपा से हलफनामा मांगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किये गये नोटिस में कहा गया है, ''मेरे संज्ञान में लाया गया है कि आपने अपना नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में पंजीकृत कराया है।'' नोटिस के अनुसार, खेड़ा नयी दिल्ली और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं।

नोटिस में लिखा था, ''जैसा कि आप जानते होंगे, एक से ज़्यादा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत दंडनीय अपराध है।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।